THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

महिला के शव के साथ दुर्व्यवहार की घटना की जांच के आदेश

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने हैदराबाद शहर के मदीनागुडा, मियापुर में स्थित सिद्धार्थ न्यूरो अस्पताल में दो दिनों तक एक महिला के शव के साथ हुए व्यवहार की घटना के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। जवाब में, मंत्री ने मामले की जांच का आदेश दिया है और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से उपाय लागू करने का निर्देश दिया है।

वर्ष-29 अंक : 319 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) **माघ शु.13 2081 सोमवार, 10 फरवरी-2025**

प्रधान संपादक - **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर ❊ **पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये**

दिल्ली सीएम पर फैसला मोदी के यूएस दौरे के बाद

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने एलजी से वक्त मांगा

सीएम आतिशी के इस्तीफे के बाद केजरीवाल के घर मीटिंग

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के बाद नई सरकार के गठन की कवायद शुरू हो चुकी है। रविवार सुबह में सीएम आतिशी ने एलजी वीके सक्सेना से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपा। इसके बाद दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल को चिट्ठी लिखकर मिलने का समय मांगा है। उनके साथ दिल्ली बीजेपी के सभी सांसद और विधायक भी एलजी से मिलने जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने चिट्ठी लिखकर एलजी से मिलने का समय मांगा।

दिल्ली में नई सरकार के गठन की कवायद तेज :

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की करारी हार के एक दिन बाद रविवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। आतिशी ने राज निवास में सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंपा। आम आदमी पार्टी को भले ही विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन आतिशी अपनी कालकाजी सीट बचाने में सफल रहीं। उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि सक्सेना ने निवर्तमान मुख्यमंत्री को नई सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा है।

पीएम मोदी के विदेश दौरे से लौटने पर शपथ ग्रहण :

बीजेपी नेताओं के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले सप्ताह विदेश दौरे से लौटने के बाद बीजेपी सरकार बनाने का दावा पेश कर सकती है। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद दिल्ली में नई सरकार को लेकर चर्चा का दौर शुरू हो चुका है।

दिल्ली में शानदार जीत के बाद वीरेंद्र सचदेवा ने एलजी से मिलने का समय मांगा है। उन्होंने विधायक और सांसदों के साथ मिलने का वक्त मांगा है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने एलजी से मिलने का समय मांगा है।

दिल्ली चुनाव में बीजेपी ने जीती 48 सीटें :

उपराज्यपाल ने शनिवार आठ फरवरी से दिल्ली विधानसभा भंग कर दी थी। बीजेपी दिल्ली में 48 सीट जीतकर 27 साल बाद सत्ता में लौटी है। वहीं आम आदमी पार्टी को 22 सीट पर जीत मिली, कांग्रेस इस चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाई।

अरविंद केजरीवाल ने पिछले साल सितंबर में भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद आतिशी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

31 नक्सलियों की डेडबॉडी रिकवर

2 जवान शहीद, 2 घायल, बीजापुर में इंद्रावती नेशनल पार्क एरिया में सर्चिंग जारी

बीजापुर, 9 फरवरी (एजेंसिया)। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर रविवार को मुठभेड़ में 1000 से ज्यादा जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया। सभी 31 के शव रिकवर कर लिए गए हैं। मुठभेड़ बीजापुर के इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई। फिलहाल सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। वहीं, मृत नक्सलियों की शिनाख्त भी की जा रही है।

इस मुठभेड़ में डीआरजी और एसटीएफ के एक-एक जवान शहीद हुए, वहीं 2 जवान घायल भी हुए हैं जिन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं। छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक 81 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें से 65 बस्तर संभाग में ही ढेर हुए हैं। इसमें बीजापुर सहित 7 जिले शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक 2024 में अलग-अलग मुठभेड़ों में जवानों ने 217 नक्सलियों को ढेर किया था। बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में 2 फरवरी को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 8 नक्सलियों को मार गिराया था। मारे गए माओवादियों में सभी पुरुष नक्सली थे। सुरक्षाबलों के करीब 800-1000 जवानों ने पीएलजीए कंपनी नंबर 2 के नक्सलियों को घेरा था। इनमें बड़े लीडर्स भी थे। मौके से फोर्स ने इंसास समेत 303, 12 बोर, बीजीएल लॉन्चर बरामद किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज आएंगी महाकुंभ

महाकुंभ नगर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। राष्ट्रपति आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति मुर्मू सुबह संगम नोज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगी। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में राष्ट्रपति आस्था की डुबकी लगाकर सनातन आस्था को मजबूत आधार देंगी। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा। बता दें कि इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में पावन स्नान किया था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है।

मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दिया

दिल्ली में शाह से मुलाकात के बाद फैसला, राज्य में 21 महीने से हिंसा जारी

इम्फाल, 9 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार शाम अपना इस्तीफा गवर्नर को सौंप दिया। नए मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन के भीतर लिया जाएगा। बीरेन सिंह पर राज्य में 21 महीने से जारी हिंसा के चलते काफी दबाव था। विपक्षी पार्टियां भी लगातार इस मुद्दे पर सवाल पूछ रही थी।

सूत्रों के मुताबिक, गवर्नर ने अभी उनसे कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर पद संभालने के लिए कहा था। इस्तीफे का फैसला लेने से पहले एन बीरेन सिंह ने रविवार सुबह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की थी। एक महीने पहले मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह ने राज्य में हुई हिंसा और उसमें हुई जनहानि को लेकर माफी मांगी थी।

बीरेन सिंह ने कहा था कि पूरा साल बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। इसका मुझे बहुत दुख है। 3 मई 2023 से लेकर आज तक जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए मैं राज्य के लोगों से माफी मांगता हूं। बीरेन सिंह ने सेक्रेटिएट में मीडिया से चर्चा के दौरान कहा- कई लोगों ने अपने प्रियजन को खो दिया।

कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे वास्तव में खेद है। मैं माफी मांगना चाहता हूं।

मणिपुर में 3 मई 2023 से कुकी-मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है। मैतेई-कुकी समुदाय के बीच भड़की हिंसा को 600 से ज्यादा दिन बीत चुके हैं।

अमित शाह की वो चेतावनी...

बीजापुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में साल 2025 में जवानों ने अलग-अलग जिलों में हुए एनकाउंटर में 81 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं, दूसरी तरफ बड़ी संख्या में माओवादी सरेंडर भी कर रहे हैं। जवानों की कार्रवाई पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खुशी जताई है। अमित शाह ने कहा कि मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करेंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गयी है। मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में आज हमने अपने दो बहादुर जवानों को खोया है। यह देश इन वीरों का सदा ऋणी रहेगा। शहीद जवानों के परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। साथ ही पुनः यह संकल्प दोहराता हूं कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न गंवानी पड़े।

दिल्ली ट्रेलर, पंजाब दिखाएगा पूरी पिक्चर?

केजरीवाल के लिए बढ़ने वाली हैं मुश्किलें

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की प्रचंड जीत हुई है। बीजेपी 27 साल बाद दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है। बीजेपी ने 48 सीटों पर जीत हासिल की जबकि आम आदमी पार्टी ने 22 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं दिल्ली में करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। दरअसल जब से आम आदमी पार्टी का निर्माण हुआ, उसके बाद से दिल्ली में अभी तक यह पार्टी कभी विपक्ष में नहीं रही है।

2025 के विधानसभा चुनाव में खास बात यह है कि आम आदमी पार्टी के लगभग सभी बड़े नेता चुनाव हार गए। खुद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी चुनाव हार गए। 2020 के मुकाबले 2025 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का वोट प्रतिशत भी 10 प्रतिशत कम हो गया है। अब आम आदमी पार्टी के लिए पंजाब में मुश्किलें बढ़ाने वाली है।

पंजाब में बाकी है पूरी पिक्चर :

कहा जा रहा है कि दिल्ली तो अभी ट्रेलर है पूरी पिक्चर पंजाब में है। कई पॉलिटिकल एक्सपर्ट्स का मानना है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की हार से पंजाब में उनका दखल काम होगा। पंजाब यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर आशुतोष कुमार के अनुसार पंजाब में कहा जाता है कि दिल्ली से ही सरकार चलती है। लेकिन अब भगवंत मान खुद के फैसले ले सकते हैं। उनका कहना है कि भगवंत मान के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी अच्छे संबंध हैं। पंजाब कांग्रेस भी मानती है कि भगवंत मान के अमित शाह से अच्छे संबंध हैं और अब वह अरविंद केजरीवाल के दबाव में नहीं आने वाले हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान नई दिल्ली से बीजेपी के नवनिर्वाचित विधायक परवेश वर्मा ने भी कहा था कि केजरीवाल, भगवंत मान के लिए मुसीबत बढने वाले हैं। उन्होंने दावा किया था कि दिल्ली से हारने के बाद केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री बनेंगे और इससे भगवंत मान परेशान हैं।

भगवंत मान के साथ कांग्रेस भी खुश :

एक्सपर्ट्स का मनाना है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी वापसी की स्थिति में नहीं है। ऐसे में दिल्ली की हार केवल भगवंत मान के लिए ही नहीं बल्कि कांग्रेस के लिए भी अच्छी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे का असर केवल दिल्ली तक ही सीमित नहीं होगा। अगले साल बिहार में भी विधानसभा चुनाव है और अगर दिल्ली में केजरीवाल की जीत होती तो विपक्ष बिहार में बीजेपी के खिलाफ एकजुट होता।

अब राहुल के लिए जगह खाली :

अब बड़ा सवाल यह भी है कि केजरीवाल क्या करेंगे? लेकिन दिल्ली में उनकी हार के बाद अब यह सारी बातें सीन से गायब हो चुकी है। पहले अरविंद केजरीवाल पीएम मोदी के लिए चुनौती माने जाते थे। लेकिन अब बड़ा सवाल उठ रहा है कि अरविंद केजरीवाल की दिल्ली में हार के बाद पीएम मोदी को चुनौती कौन देगा? क्या राहुल गांधी के लिए जगह खाली हो गई है? दरअसल अरविंद केजरीवाल पिछले कुछ सालों से सॉफ्ट हिंदुत्व की राजनीति भी कर रहे थे। इसीलिए कई संवेदनशील मुद्दों पर उन्होंने चुप्पी साधे रखी। चाहे वह दिल्ली के दंगे हो या फिर शाहीन बाग का प्रदर्शन, उन्होंने उस तरह से रिएक्ट नहीं किया जिस तरह की उम्मीद विपक्ष या फिर एक समुदाय कर रहा था।

दिल्ली के 2025 के विधानसभा चुनाव में भी इसका असर दिखा। दिल्ली की मुस्तफाबाद और ओखला विधानसभा सीट पर असदुद्दीन ओवैसी ने इसी को मुद्दा बनाया और कहा कि अरविंद केजरीवाल आरएसएस का छोटा रिचार्ज है। असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्तफाबाद से दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को उम्मीदवार बनाया था जबकि ओखला से शाहीन बाग के प्रदर्शनकारी शिफा उर रहमान को उम्मीदवार बनाया था।

वायु सेना और सेना प्रमुख ने तेजस में उड़ान भरी

बेंगलुरू, 9 फरवरी (एजेंसियां)। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को एलएसी तेजस लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। बेंगलुरू में एयरो इंडिया-2025 की शुरूआत से एक दिन पहले दोनों सेना प्रमुख तेजस फाइटर जेट में बैठे। एयरो इंडिया-2025 प्रोग्राम 10 फरवरी से 14 फरवरी तक चलेगा।

यह पहली बार है जब दो सेनाओं के प्रमुख ने एक साथ स्वदेशी फाइटर जेट में उड़ान भरी है। उड़ान के बाद थल सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने इस अनुभव को अपने जीवन का सबसे अच्छा पल बताया। उन्होंने यह भी कहा कि हम एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) के दिनों से साथ हैं। अगर मैं वायु सेना प्रमुख से पहले मिला होता तो एयरफोर्स जॉइन करता और फाइटर पायलट बनता।

उड़ान के बाद जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आज से एयर चीफ मार्शल मेरे गुरु हैं, क्योंकि उन्होंने इस उड़ान के दौरान मुझसे कई एक्टिविटीज कराईं।

'भारतीय मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करे विदेश मंत्रालय' : थरूर

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। एक संसदीय समिति ने विदेश मंत्रालय (एमईए) से भारत के विदेशों में मिशनों और चौकियों की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं। समिति ने कहा कि मंत्रालय को विभिन्न देशों में अपने मिशनों का सुरक्षा मूल्यांकन करना चाहिए, खासकर उन देशों में जहां भू-राजनीतिक स्थिति और संभावित खतरों के कारण सुरक्षा चिंता का विषय हो। बता दें कि यह रिपोर्ट विदेश मंत्रालय की 2024-25 के अनुदान पर आधारित है, जिसे पिछले सप्ताह संसद में पेश किया गया था। इस समिति की अध्यक्षता कांग्रेस सांसद शशि थरूर कर रहे हैं।

विदेश मामलों की समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत के पास अभी 42 देशों में स्थायी मिशन नहीं हैं। समिति ने इस कमी को गंभीर माना और कहा कि इन अंतरालों को जल्द भरने के लिए विदेश मंत्रालय को प्रयासों में तेजी लानी चाहिए। खासकर उन देशों में जहां भारत के आर्थिक और रणनीतिक हित महत्वपूर्ण हैं या जहां बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं, वहां नए मिशन स्थापित करने की आवश्यकता है। समिति ने यह भी माना कि नए मिशन स्थापित करने में कुछ चुनौतियां हैं, लेकिन इसे हल करने के लिए मंत्रालय को प्राथमिकता देनी चाहिए।

समिति ने विदेश मंत्रालय से यह भी कहा कि विदेशों में भारतीय मिशनों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए, ताकि वहां काम कर रहे कर्मियों की सुरक्षा और राजनयिक कार्यों की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके।

देश का अन्नदाता किसान ही है विकास की सबसे बड़ी पूंजी : जगदीप धनखड़

चित्तौड़गढ़, 9 फरवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को चित्तौड़गढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने मेवाड़ के हरिद्वार कहे जाने वाले चित्तौड़गढ़ स्थित मातृकुंडिया में भगवान शिव के मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा को संबोधित किया।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं यहां 25 साल बाद आया हूं। 25 साल पहले इसी जगह पर सामाजिक न्याय की लड़ाई की शुरूआत की थी। जाट और कुछ जातियों को आरक्षण मिला। आज उसके नतीजे देश और राज्य की प्रशासनिक सेवाओं में मिल रहे हैं। उसी सामाजिक न्याय पर, उसी आरक्षण पर जिनको लाभ मिला है, आज वो सरकार में प्रमुख पदों पर हैं। उनसे मेरा आग्रह रहेगा, पीछे मुड़कर जरूर देखें और कभी नहीं भूलें, इस समाज के सहयोग की वजह से, इस समाज के प्रयास की वजह से हमें सामाजिक न्याय मिला है।

उन्होंने किसानों को देश के विकास की आर्थिक रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है, भाग्य विधाता है। किसान के हाथ में विकास की कुंजी है और यही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। किसान के सबल हाथों में राजनीतिक ताकत है, आर्थिक योग्यता है। किसान को किसी की मदद का मोहताज नहीं होना चाहिए।

जगदीप धनखड़ ने कहा, सरकार ने आपके लिए खजाना खोल रखा है। किसान को मदद करने के लिए 730 से अधिक कृषक विज्ञान केंद्र हैं। उनको अकेला मत छोड़िए, वहां पर जाइए और उनसे कहिए आप हमारी क्या सेवा करेंगे? नई तकनीकों का ज्ञान लीजिए, सरकारी नीतियों की जानकारी लीजिए। सहकारिता क्या कर सकती है, आपको जानकारी नहीं है।

उपराष्ट्रपति ने अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा को संबोधित करते हुए कहा, मेरा आग्रह किसानों से है, किसान के बेटे-बेटी से है। दुनिया का सबसे बड़ा व्यापार, बेशकीमती व्यापार, कृषि उत्पादन का है। किसान अपने उत्पाद के व्यापार से क्यों नहीं जुड़ा हुआ है? किसान उसमें क्यों नहीं भागीदारी ले रहा है?

महाकुंभ में महाजाम : लाखों लोग लंबे जाम में फंसे

प्रयागराज पहुंचने वाले रास्तों पर 25 किमी तक गाड़ियां, संगम स्टेशन बंद

प्रयागराज, 9 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ में रविवार की छुट्टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ है। संगम पहुंचने के सभी रास्तों में 10 से 15 किमी लंबा जाम लगा है। जगह-जगह गाड़ियां फंसी हुई हैं। पूरे शहर में जाम की स्थिति है।

प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ को मैनेज करने के लिए इमरजेंसी क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया गया। भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम स्टेशन को बंद कर दिया गया है। जाम में फंसे लोग भूखे, प्यासे, बेहाल है। लोगों को खाने-पीने का भी सामान नहीं मिल पा रहा है। वाराणसी, लखनऊ, कानपुर और रीवा से प्रयागराज आने और जाने वाले रास्तों में वाहनों की 10-10 किमी तक लंबी लाइन लगी है। लखनऊ लौट रहे श्रद्धालु आकाश द्विवेदी ने बताया- उनकी गाड़ी 3 घंटे से मलाका गांव के जाम में फंसी है।

वहीं महाकुंभ से मध्यप्रदेश जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस सड़क किनारे पलट गई है। हादसे में एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए हैं। आज सुबह मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में आग लग गई।

इसमें एक कल्पवासी टेंट जल गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग को बुझा दिया। झूंसी की तरफ से सराय इनायत से जाम लगा है। वाराणसी से आने वाले लोग इस मार्ग से आते हैं। इसकी दूरी करीब 12 से 15 किमी है। कुंभ प्रशासन का कहना है कि रविवार के चलते अचानक भीड़ बढ़ गई। संगम पर श्रद्धालुओं को रुकने नहीं दिया जा रहा है। सुबह 8 बजे तक 57 लाख लोगों ने स्नान किया। महाकुंभ का रविवार 28वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 42 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

इधर, अखिलेश यादव ने भी कन्नौज के पास लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से मुलाकात की। वह रात को सैफई जा रहे थे। श्रद्धालुओं से उन्होंने हालचाल पूछे। वहीं अखिलेश यादव ने महाकुंभ के अवसर पर उप्र में वाहनों को टोल मुक्त किया जाने की मांग की है। कहा- इससे यात्रा की बाधा भी कम होगी और जाम का संकट भी।

वहीं, महाकुंभ जा रही ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ है। वाराणसी में जगह न मिलने पर महिलाएं ट्रेन इंजन में घुस गईं और गेट बंद कर लिया। किसी तरह पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को बाहर निकाला। हरदोई में भी कोच का गेट न खोलने पर नाराज श्रद्धालुओं ने हंगामा कर दिया। ट्रेन में जमकर तोड़-फोड़ की।

किन्नर जगद्गुरु हिमांगी पर जानलेवा हमला

आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण पर आरोप, ममता कुलकर्णी के महामंडलेश्वर बनने के खिलाफ थीं

प्रयागराज, 9 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ में किन्नर जगद्गुरु हिमांगी सखी पर जानलेवा हमला हुआ। हिमांगी सखी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। उन्होंने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी पर हमला करने का आरोप लगा है।

हमला शनिवार रात सेक्टर-8 स्थित कैंप में किया गया। इसके फुटेज सामने आ गए हैं। हिमांगी सखी ने कहा कि लक्ष्मी नारायण अपने साथ 50-60 लोगों को लेकर आई थीं, जिनके पास त्रिशूल, फरसा जैसे हथियार थे। बता दें कि हिमांगी सखी लगातार ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने का विरोध कर रही थीं।

किन्नर जगद्गुरु हिमांगी सखी ने बताया- मैं इस समय सेक्टर-8 में रह रही हूं। कल रात मैं अपने सेवादारों के साथ शिविर में थी। रात करीब 9.50 बजे किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी अपने साथ पवित्रा, कलावती मां, कौशल्या नंदगिरी उर्फ टीना मां, कलकेश्वरी, आशानाथ के साथ मेरे पास पहुंचीं। ये लोग 10-12 गाड़ियों में 50 अन्य लोगों के साथ लाठी-डंडे, हॉकी, रॉड, तलवार, फरसा, त्रिशूल और असलहे लेकर मेरे शिविर में घुस आए।

मेरी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी को पकड़ लिया। लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी और उनके साथियों ने जान से मारने की नीयत से मुझ पर हमला किया।

एक बार फिर भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 2.5 रही तीव्रता

उत्तरकाशी, 9 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। देर रात करीब एक बजकर 40 मिनट पर भूकंप का तेज झटका आया। डर के मारे लोग घरों से बाहर निकल आए। देर रात भूकंप आने से भय का माहौल है। रिक्टर स्केल पर तीव्रता 2.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र जिला मुख्यालय से सटे जसपुर गांव के समीप था। आईएमडी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 5 किमी। अंदर था। जिसमे वर्तमान समय में किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। जनपद में कुशलता है।

बनासकांठा में मजदूरों पर पलटा डंपर; तीन महिलाओं सहित एक बच्चे की मौत

बनासकांठा, 9 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात के बनासकांठा जिले में रेत से भरे डंपर ट्रक के पलटने से तीन महिला मजदूर और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि ये घटना शाम को जिले के खेंगरपुरा गांव में हुई। हादसा तब हुआ जब वहां सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की पहचान रेणुकाबेन गनावा (24), सोनलबेन निनामा (22), इलाबेन भाभोर (40) और रुद्र (2) के रूप में हुई है। पुलिस उपाधीक्षक एस.एम। वरोतरिया ने बताया कि डंपर एक संकरे रास्ते से गुजरने की कोशिश कर रहा था उसी दौरान वह पलट गया और वहां काम कर रहे कुछ मजदूरों पर गिर गया। इसके बाद आनन-फानन में बचाव कार्य शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक ,क्रेन और बुलडोजर की मदद से ट्रक के नीचे फंसी महिलाओं और बच्चे को बाहर निकालने में करीब दो घंटे का समय लगा। बाहर निकालने के बाद उन्हें पास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। थराड के सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी जयदीप त्रिवेदी ने बताया कि चार लोगों को जब अस्पताल लाया गया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस को इस घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है

आरजी कर केस: मोहन भागवत से मिले ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता, बोले- लड़ाई जारी रहेगी

कोलकाता, 9 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की उस महिला चिकित्सक के माता-पिता से मुलाकात की, जिसकी यहां पिछले साल अगस्त में बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने जानकारी दी कि माता-पिता के अनुरोध के बाद मोहन भागवत ने कोलकाता के पास राजारहाट के एक गेस्ट हाउस में कुछ समय के लिए उनसे बात की। बता दें कि मोहन भागवत पश्चिम बंगाल की यात्रा पर हैं और वह इसी गेस्ट हाउस में ठहरे हैं। पदाधिकारी ने कहा कि मोहन भागवत ने पीड़िता के साथ की गई क्रूरता के बारे में सुनकर दुख व्यक्त किया और माता-पिता के प्रति एकजुटता व्यक्त की।

न्याय दिलाने के लिए लड़ाई जारी

पीड़िता की मां ने उन्हें मृतका को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई जारी रखने की अपनी इच्छा के बारे में बताया, तो मोहन भागवत ने प्रभावित परिवार के प्रति समर्थन का वादा करते हुए कहा कि यह वर्तमान में समय की जरूरत है। कोलकाता की एक अदालत ने मामले के एकमात्र दोषी संजय रॉय को मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मृतका की मां ने भागवत की यात्रा के बारे में जानने के बाद उनसे मिलने का अनुरोध किया था।

राज्य सरकार का कर्तव्य

दरअसल पिछले साल नौ अगस्त को अस्पताल के अंदर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर से बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। इसके बाद मोहन भागवत ने शहर में एक सार्वजनिक समारोह में कहा था कि अपराध में शामिल सभी लोगों को कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित करना राज्य सरकार का कर्तव्य है।

अमित शाह से मिलने की मांग

माता-पिता ने पहले पिछले साल अक्टूबर में अपनी बंगाल यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की मांग की थी, लेकिन वह उन्हें मिलने का मौका नहीं दे सके। उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी से उनके कक्ष में मुलाकात की थी। इसके अलावा बीजेपी पार्षद और पार्टी प्रवक्ता सजल घोष से भी कई बार मुलाकात की थी। मोहन भागवत गुरुवार शाम को केरल से पश्चिम बंगाल पहुंचे।

आरएसएस पदाधिकारियों के साथ बैठक

वहीं संघ के एक पदाधिकारी ने कहा कि यहां अपनी यात्रा के दौरान, मोहन भागवत ने दक्षिण बंगाल क्षेत्र में आरएसएस पदाधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं, जिसमें उन्होंने संगठन के विभिन्न पहलुओं समेत राज्य में इसके भविष्य के प्रारूप पर चर्चा की। दक्षिण बंगाल क्षेत्र (जिसमें पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, हावड़ा, कोलकाता और उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिले शामिल हैं) के पदाधिकारियों के साथ उनकी बातचीत 10 फरवरी तक जारी रहेगी।

13 फरवरी को मध्य बंगाल क्षेत्र का दौरा

मोहन भागवत 11 और 12 फरवरी को विचार-मंथन सत्र में हिस्सा लेंगे। वह 13 फरवरी को मध्य बंगाल क्षेत्र का दौरा करेंगे, जिसमें बांकुरा, पुरुलिया, बीरभूम, पूर्व और पश्चिम बर्धमान और नादिया जिले शामिल हैं। मोहन भागवत 16 फरवरी को बर्धमान में आरएसएस पदाधिकारियों के एक सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं।

'आज दिल्ली है तो कल केरल होगा'

भाजपा नेता ने सीएम पिनराई विजयन को दी चेतावनी

कोच्चि, 9 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी के हौसले बुलंद हैं। भाजपा ने दिल्ली की 70 में से 48 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की है और आम आदमी पार्टी को दिल्ली की सत्ता से उखाड़ फेंका है। वहीं, अब इस जीत के बाद भाजपा नेता वी। मुरलीधरन ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को चेतावनी दी है। मुरलीधरन ने कहा है कि सीएम विजयन को केरल में दिल्ली की तरह परिणाम के लिए तैयार रहना चाहिए। दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत पर बात करते हुए पार्टी नेता वी। मुरलीधरन ने शनिवार को कहा है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को राज्य में भी इसी तरह के परिणाम के लिए तैयार रहना चाहिए। मीडिया से बात करते हुए मुरलीधरन ने कहा- आज दिल्ली है तो कल केरल होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के परिणाम इस बात का संकेत देते हैं कि भ्रष्ट लोगों का क्या हश्र होने वाला है। भाजपा नेता वी। मुरलीधरन ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले और भ्रष्टाचार की अन्य गतिविधियों में शामिल थे। मुरलीधरन ने कहा कि दिल्ली चुनाव परिणाम ये संदेश देता है कि लोग भ्रष्ट लोगों को सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की यह जीत भ्रष्टाचार और अहंकार के खिलाफ है। मुरलीधरन ने कहा कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार के प्रशासन को देखने के बाद दिल्ली के लोग 'डबल इंजन' सरकार चाहते हैं।

मुरलीधरन ने सीएम विजयन को चेताया

मुरलीधरन ने दिल्ली चुनाव परिणाम का उदाहरण देते हुए केरल के सीएम पिनराई विजयन को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा, ''दिल्ली चुनाव के नतीजे पिनराई विजयन के लिए सबक होना चाहिए कि भ्रष्ट लोगों का क्या हश्र होता है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि केरल में भी ऐसा ही जनादेश आएगा।''

'देश ने जो कुछ भी हासिल किया है उसे बचाने की लड़ाई' केंद्र सरकार पर प्रियंका गांधी का बड़ा हमला



वायनाड, 9 फरवरी (एजेंसियां)। (केरल): कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बीजेपी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतिहास में पहली बार कोई सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र दोनों को कमजोर करने के प्रयास कर रही है। एरनाड विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के बूथ स्तर के नेताओं को संबोधित करते हुए वायनाड की सांसद प्रियंका ने कहा, "यह शायद हमारे देश के इतिहास में पहली ऐसी सरकार है जो संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास कर रही है।"

जो भी हासिल किया उसे बचाना जरूरी

उन्होंने कहा, "आपको यह समझना चाहिए कि आज हम जो लड़ाई लड़ रहे हैं, वह सिर्फ हमारी अपनी राजनीति और विचारधारा की लड़ाई नहीं है, बल्कि भारत ने जो कुछ भी हासिल किया है उसे बचाने की लड़ाई है।" वायनाड की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन, प्रियंका ने मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि वह केंद्र और राज्य सरकार को, अधिक धन आवंटित करने के लिए पत्र लिखेंगी क्योंकि प्रभावी सुरक्षा उपायों के लिए पर्याप्त धन की आवश्यकता है। बैठक के बाद मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को एक बार पहले भी उठा चुकी हैं और आगे भी उठाती रहेंगी। उन्होंने कहा, "यह ऐसा मुद्दा है जिस पर हमें गौर करने की जरूरत है, यह एक जटिल मुद्दा है क्योंकि इसका कोई आसान समाधान नहीं है। निश्चित रूप से, मैं जितना संभव होगा उतना दबाव डालूंगी।" प्रियंका ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों दोनों से धन प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा, "मैं इस मुद्दे को उठाऊंगी और सुनिश्चित करूंगी कि इसका समाधान निकाला जाए।"

बूथ स्तर के नेताओं के साथ करेंगी बैठक

उन्होंने कहा कि बेहतर निगरानी, बेहतर सुरक्षा उपायों वन रक्षकों, चौकीदारों तथा इसमें शामिल अन्य लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए धन में वृद्धि जरूरी है। वह बाद में कोझिकोड जिले के तिरुवंबाडी विधानसभा क्षेत्र में एक और सभा में भाग लेंगी। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि सोमवार को वह वंडूर और नीलांबुर विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर के नेताओं के साथ बैठक करेंगी और जंगली जानवरों के हमलों में मारे गए कुछ लोगों के परिवारों से भी मिलेंगी। लोकसभा उपचुनाव जीतने के बाद यह उनका दूसरा वायनाड दौरा है।

गजब की डिमांड: जेल में भूख हड़ताल पर बैठे गैंगस्टर: बोले- खाने में चाहिए चिकन, हाईकोर्ट में दायर की थी याचिका

बठिंडा, 9 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब में जेल में बंद गैंगस्टरों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। भूखहड़ताल करने वाले दो गैंगस्टर हैं। बठिंडा की हाई सिक्योरिटी सेंट्रल जेल में बंद सुक्खा काहलवां गैंग के दो गैंगस्टर इन दिनों भूख हड़ताल पर हैं। इनमें गौरव शर्मा उर्फ गोरू बच्चा और गुरप्रीत सिंह शामिल हैं। गोरू बच्चा और गुरप्रीत सिंह कई दिनों से खाना नहीं खा रहे हैं। इनमें से एक को टायफाइड भी हो चुका है। दोनों गैंगस्टर मांग कर रहे हैं कि जब भी उनकी परिजनों से जेल में मुलाकात होती है, तो बातचीत को रिकॉर्ड ना किया जाए।

इसके अलावा दोनों खाने में चिकन की मांग कर रहे हैं। एक गैंगस्टर ने अपने परिजनों व वकील के जरिये मुलाकात के दौरान बातचीत रिकॉर्ड न किए जाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की थी, लेकिन उसे अदालत ने नकार दिया था। जेल प्रशासन ने दोनों की भूख हड़ताल के बारे में जिला प्रशासन और आला अधिकारियों को सूचित कर दिया है।

अब हम दिल्ली को स्वस्थ, सुरक्षित और स्वच्छ बनाएंगे

दिल्ली में बीजेपी की जीत पर बोलीं किरण बेदी

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व आईपीएस अधिकारी और पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी का कहना है कि अब आरोप-प्रत्यारोप का जमाना खत्म हो चुका है, लोग चाहते हैं कि अब आगे चला जाए। दिल्ली में बीजेपी की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने आगे कहा है कि जनता कहती है कि अब और नहीं गिराओं, दिल्ली को राजधानी बनाओ ताकि यह दुनिया के लिए एक मिसाल बन सके। बेदी ने कहा कि अब हम दिल्ली को स्वस्थ, सुरक्षित और स्वच्छ बनाएंगे। इससे पहले 8 फरवरी को विधानसभा चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा है कि राजधानी के लोगों ने कायापलट के लिए मतदान किया है। उन्होंने यमुना का मुद्दा उठाते हुए इसके जीर्णोद्धार की मांग की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने बदलाव के लिए मतदान किया है। यमुना नदी के पास साबरमती जैसे वाटर-फ्रंट हो सकता था। नितिन गडकरी पैसेंजर ट्रैफिक के लिए यमुना का बेहतर इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह उम्मीद कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि यमुना में जाने वाले गंदे पानी को रोकने के लिए खराब एसटीपी पूरी क्षमता से काम करेंगे। प्राइवेट ठेकेदारों को काम निजी ठेकेदारों को काम पूरा करना होगा। या फिर उन्हें अपने अनुबंध खोने होंगे। करना होगा। या फिर उन्हें अपने अनुबंध खोने होंगे। यह तो समय ही बताएगा।

'राज्यों द्वारा कर योगदान के हिसाब से फंड मांगना छोटी सोच', केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का बयान

मुंबई, 9 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि कुछ राज्यों द्वारा यह मांग करना कि उन्हें कर योगदान के अनुपात में केंद्र सरकार से फंड मिले, यह उनकी छोटी सोच है और राज्यों का ऐसी मांग करना दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और 'स्टूडेंट एक्सपीरियंस इन इंटर स्टेट लिविंग' पहल के तहत राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा 2025 कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि अगर देश को समृद्ध बनाना है तो पूर्वोत्तर के आठ राज्यों और बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड जैसे पूर्वी भारतीय राज्यों का विकास होना जरूरी है। पीयूष गोयल ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में महाभारत के अर्जुन की तरह, मोदी सरकार का 'फोकस' पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों के विकास पर रहा है। गोयल ने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राज्य और कुछ नेता, मैं इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहता, लेकिन महाराष्ट्र के कुछ नेता कहते थे मुंबई और महाराष्ट्र द्वारा चुकाए गए कर के हिसाब से उन्हें केंद्रीय निधि से उसी अनुपात में राशि वापस मिलनी चाहिए।' मुंबई उत्तर से सांसद पीयूष गोयल का यह निशाना महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी सरकार पर था।

दक्षिणी राज्यों पर भी साधा निशाना

गोयल ने कहा कि, 'कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना जैसे कुछ राज्य भी कहते हैं कि उन्हें उनके द्वारा चुकाए गए कर के अनुपात में राशि वापस मिलनी चाहिए। इससे छोटी सोच नहीं हो सकती। इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता।' गोयल ने कहा कि महाराष्ट्र की मौजूदा सरकार उत्तर पूर्वी राज्यों के विकास के लिए संवेदनशील है। गोयल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पिछले 11 वर्षों से पूर्वोत्तर भारत को प्राथमिकता देते हुए 'एक्ट ईस्ट' और 'लुक ईस्ट' नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत पूर्वोत्तर राज्यों को रेलवे से जोड़ा जा रहा है और राजमार्गों का नेटवर्क बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 65 से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा कर चुके हैं।

केरल के कासरगोड के ऊंचे इलाकों में भूकंप के लगे झटके, अरब सागर में था सेंटर

वेल्लारिकुंड, 9 फरवरी (एजेंसियां)। केरल के वेल्लारिकुंड पुलिस ने ग्रामीणों के हवाले से बताया कि मालोम, राजपुरम, कोन्नाक्कड़ और आसपास के इलाकों में कुछ सेकेंड तक झटके महसूस किए गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, लोगों ने कहा कि उन्होंने इन इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए और जमीन के नीचे से कुछ अप्राकृतिक आवाजें सुनीं। पुलिस के अनुसार इन इलाकों में कुछ लोगों ने बताया कि भूकंप के झटके की वजह से उनके फोन टेबल से गिर गए और चारपाई हिल गईं। पुलिस ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारी जल्द ही विस्तृत जांच के लिए इलाकों का दौरा करेंगे और उसके बाद और जानकारी मिलेगी।

भूकंप की तीव्रता

इस बीच, यहां की रहने वाली एक महिला ने बताया कि तड़के उसे कंपकंपी जैसा अहसास हुआ और उसके तुरंत बाद उसने एक अजीब सी आवाज सुनी। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 2.5 थी और यह रात करीब 1.30 बजे आया था। केएसडीएमए के एक बयान में कहा गया कि भूकंप का केंद्र अरब सागर में था।

इन इलाकों में लगे झटके

पुलिस के अनुसार, कुछ सेकंड तक चले भूकंप के झटके मालोम, राजापुरम, कोन्नक्कड़ और आस-पास के इलाकों में महसूस किए गए। विल्लारिकुंड पुलिस अधिकारियों के मुताबिक ग्रामीणों ने भूकंप के झटके महसूस किए और जमीन के नीचे से असामान्य आवाजें सुनीं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जिला प्रशासन के अधिकारी जल्द ही विस्तृत आकलन के लिए प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.5

केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2।5 मापी गई और यह रात करीब 1.30 बजे आया। केएसडीएमए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भूकंप का केंद्र अरब सागर में था और कासरगोड में भूकंप के झटके किसी घटना के कारण आए होंगे

भूकंप के झटके महसूस

यह घटना केरल के वायनाड जिले में इसी तरह के भूकंप की सूचना मिलने के एक साल से भी कम समय बाद हुई है। 9 अगस्त, 2024 को मेप्पाडी पंचायत के कई इलाकों में हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए, यह क्षेत्र उस समय भूस्खलन से प्रभावित था। रिपोर्ट के अनुसार, अनप्पारा, थज़थुवयालिल, पिनंगोडु और नेनमेनी गांवों के निवासियों ने कंपन की सूचना दी, जिसके बाद अधिकारियों ने लोगों को खाली करने की सलाह दी। एहतियात के तौर पर इस क्षेत्र के स्कूलों को भी जल्दी बंद कर दिया गया

जमीन के नीचे से तेज आवाजें

रिपोर्ट के अनुसार, वायनाड में आए भूकंप आने के बाद पलक्कड़ और कोझिकोड जिलों के कुछ हिस्सों से भी भूमिगत आवाजें और हल्के झटके आने की खबरें सामने आईं। ओट्टापलम और एडप्पल के निवासियों ने बताया कि उसी दिन सुबह करीब 10:30 बजे जमीन के नीचे से तेज आवाज़ें सुनाई दीं। केरल में बार-बार आने वाले भूकंपों ने स्थानीय लोगों और अधिकारियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। हालांकि अभी तक किसी भी तरह के बड़े नुकसान या चोट की खबर नहीं आई है, लेकिन इन घटनाओं ने संवेदनशील इलाकों में निगरानी और तैयारियों को बढ़ाने की मांग की है।

श्रद्धा वालकर के पिता की हार्ट अटैक से मौत

बेटी का अंतिम संस्कार नहीं कर पाए, क्योंकि केस के चलते अस्थियां नहीं मिली थीं

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। तीन साल पुराने श्रद्धा वालकर हत्याकांड का फैसला अभी तक नहीं आया, लेकिन श्रद्धा के पिता विकास वालकर का रविवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। विकास अपनी बेटी का केस लड़ रहे थे। उन्हें बेटी की अस्थियों का इंतजार था ताकि उसका अंतिम संस्कार कर पाते। मगर श्रद्धा की हड्डियां केस प्रॉपर्टी (सबूत के तौर पर रखी गईं) बन चुकी थी। 18 मई, 2022 की रात श्रद्धा वालकर का लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला ने मर्डर कर दिया था। 2 दिन तक आफताब इंटरनेट पर डेडबॉडी ठिकाने लगाने के तरीके सर्च करता रहा। 19 मई को घर से निकला, 300 लीटर का बड़ा फ्रिज और आरी लेकर लौटा। श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े करके फ्रिज में रख दिए। फिर बैग में भरकर उन्हें छतरपुर के जंगलों

में फेंक दिया था। तीन साल हो गए, श्रद्धा मर्डर केस में फैसला नहीं आया। केस की सुनवाई दिल्ली के साकेत कोर्ट में हो रही है। अभी ट्रायल चल रहा है। डॉक्टर, श्रद्धा के दोस्त और डिलिवरी बॉय की गवाही हो चुकी है। विकास वालकर 27 नवंबर को सुनवाई के लिए मुंबई से दिल्ली आए थे। 9 दिसंबर को दैनिक भास्कर ने उनसे केस के स्टेटस और लॉरेंस गैंग के बारे में बात की थी। तिहाड़ की जेल नंबर 4 में बंद श्रद्धा की हत्या का आरोपी आफताब अब डरा हुआ है। उसे जान जाने का डर है। मुंबई में बाबा सिद्दीकी के मर्डर में आरोपी शूटर शिवकुमार ने पुलिस को बताया है कि आफताब गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर है। उसके शूटर कोर्ट आने-जाने के दौरान रेकी भी कर चुके हैं। खबर सामने आई, तो आफताब के वकील ने उसकी ऑनलाइन पेशी की गुजारिश की, जिसे कोर्ट ने मान लिया। विकास ने कहा था- जब कोर्ट में आता हूं और आफताब को जिंदा देखता हूं, तो बहुत अजीब लगता था। गुस्सा भी आता है, लेकिन क्या कर सकता हूं। लॉरेंस बिश्नोई अगर आफताब के साथ कुछ करता है, तो मुझे बहुत शांति मिलेगी। मेरी बेटी को भी शांति मिलेगी।'

एमपी के दामाद हैं केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा,राजनीतिक रसूखदार है ससुराल

भोपाल, 9 फरवरी (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा ने सत्ता में वापसी की है। भाजपा की जीत से ज्यादा देश भर में दिल्ली के पूर्व सीएम ओर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की हार के चर्चे हैं। केजरीवाल को हराने वाले भाजपा के प्रवेश वर्मा का मध्य प्रदेश से गहरा नाता है। वे मध्य प्रदेश के दामाद भी हैं। अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विक्रम वर्मा के दामाद हैं। मध्य प्रदेश के धार में उनका ससुराल है। उनकी सास नीना वर्मा धार से विधायक हैं। चुनाव प्रचार के दौरान प्रवेश के सास और ससुर ने दिल्ली में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

पुलिस चौकी पर अज्ञात बंदूकधारियों का हमला, हथियार और गोला-बारूद लेकर भागे

इंफाल, 9 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर के थौबल जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की चौकी को निशाना बनाते हुए हथियार लूट लिए। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि रात जिले के काकमाई इलाके में बंदूकधारी वाहनों में सवार होकर आए और आईआरबी चौकी से हथियार लूट लिए। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात बंदूकधारी थौबल जिले के काकमाई में कई वाहनों में सवार होकर आए थे। इस दौरान उन्होंने एक चौकी से आईआरबी और मणिपुर राइफल्स के जवानों से कम से कम छह एसएलआर और तीन एके राइफलें लूट लीं। इसके अलावा करीब 270 गोला बारूद और 12 मैगजीन भी लूटी गईं। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी बंदूकधारी मौके से फरार हो गए।

हथियारबंद लोगों की तलाश में जुटी पुलिस

इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। घटना की जांच की जा रही है। हथियारबंद लोगों की तलाश के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाकर्मी जग-जगह तलाशी अभियान चला रहे हैं। हर आने-जाने वाले वाहनों की तलाशी ली जा रही है साथ ही लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

इंफाल पश्चिम जिले से तीन उग्रवादी गिरफ्तार

इस बीच मणिपुर पुलिस मे इंफाल पश्चिम जिले से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को एक अधिकारी ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शनिवार को प्रतिबंधित समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ-पाम्बेई) के दो उग्रवादियों को जिले के नारनकोन्जिल इलाके से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक 132 पिस्तौल और 3,120 रुपये नकद जब्त किए गए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों उग्रवादी जबरन वसूली की गतिविधि और हथियारों व गोला-बारूद की अवैध तस्करी में भी शामिल थे। इसके अलावा शनिवार को जबरन वसूली की गतिविधि में शामिल प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक उग्रवादी को कांगजाबी लीराक माचिन इलाके से गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस इस तीनों ही उग्रवादियों से पूछताछ करने में जुटी है साथ ही इनके अन्य साथियों के बारे में पता कर रही है।

राजस्थानी विश्वकर्मा संघ ट्रस्ट

जे.के.नगर, हैदराबाद-सिकंदराबाद

Regd. No. BK/IV/109/2024

विश्वकर्मा जयंती समारोह-2025

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

आज माघ सुदी 13, सोमवार
दि.10 फरवरी 2025 प्रात: 11 बजे से

शुभकामनाओं सहित :

: शुभस्थल : श्री विश्वकर्मा भवन, जे.के.नगर, सुभाषनगर, सुचित्रा, कुतबुल्लापुर, हैदराबाद

श्री नेमीचन्दजी जांगीड़
अध्यक्ष
राजस्थानी विश्वकर्मा संघ ट्रस्ट

: सुचित्रा :
श्री नेमीचन्द जांगिड़ | श्री देवकरण जांगिड़ | श्री पुखराज सुथार | श्री सागरराम सुथार | श्री तेजराज जांगिड़
श्री शंकरलाल सुथार | श्री सी.एल.शर्मा | श्री नारायणराम सुथार | श्री रामचन्द्र सुथार | श्री विनोद जांगिड़
श्री नथमल जांगिड़ | श्री सुरेश जांगिड़ | श्री विष्णुराम सुथार | श्री ओमप्रकाश सुथार | श्री नरसिंगराम सुथार | श्री श्रवणकुमार सुथार | श्री अमित शर्मा
छगनलाल सुथार | चेनाराम सुथार | संतोष जांगिड़

: दम्माईगुडा :
श्री मगाराम सुथार | श्री कालुराम सुथार | श्री भंवरलाल सुथार | श्री राधेश्याम सुथार | श्री मदनलाल सुथार | श्री दिनेश कुमार सुथार
श्री सवाईराम सुथार | श्री अमराराम सुथार | श्री विष्णुराम सुथार | श्री पन्नालाल सुथार | श्री दलपतराम सुथार | श्री भजनलाल सुथार
श्री पुखराज सुथार | श्री श्रवण कुमार सुथार

: बोईनपल्ली :
श्री पुखराज सुथार | श्री मदनलाल सुथार | श्री माणकराम सुथार | श्री गोवर्धनराम सुथार | श्री रामचन्दर जांगिड़ | श्री पाबुराम सुथार
श्री भंवरलाल सुथार | श्री जेठाराम सुथार | श्री मुकेश सुथार (ए.एस.राव.नगर) | श्री भंवरलाल सुथार (बालेसर) | श्री भंवरलाल जांगिड़ (चेर्लापल्ली)
गोपाराम सुथार | धनाराम सुथार

: काचीगुड़ा:
श्री अमराराम सुथार | श्री पुंजाराम सुथार | श्री विष्णुराम सुथार | श्री कैलाश कुमार सुथार | श्री मन्नाराम सुथार | श्री पप्पुराम सुथार
श्री ओमाराम सुथार | श्री जेठाराम सुथार | श्री भोमाराम सुथार | श्री जस्साराम सुथार | श्री अशोक कुमार सुथार | श्री प्रेमाराम सुथार
श्री नारायणराम सुथार | श्री रामेश्वर सुथार

: बेगम बाजार :
श्री जामताराम सुथार (अध्यक्ष तूरुप बाजार सुथार समाज) | श्री पुखराज सुथार | श्री घेवरचन्द सुथार | श्री गौतमचन्द सुथार | श्री धन्नाराम सुथार
श्री मांगीलाल सुथार (कोलु) | श्री मिश्रीलाल सुथार | श्री कान्तिलाल सुथार (तूरुप बाजार) | श्री अनिल कुमार सुथार | श्री दिनेश कुमार सुथार

: एल.बी.नगर :
श्री मांगीलाल सुथार | श्री शंकरलाल सुथार (चेराई) | श्री ओमप्रकाश जांगिड़ | श्री ताराचन्द सुथार | श्री हरिराम जांगिड़ | श्री नारायणराम सुथार (रामोजी फिल्म सिटी)

:सिकंदराबाद:
श्री मदनलाल जांगिड़ | श्री गौतमचन्द सुथार | श्री मिश्रीलाल सुथार | श्री छोगाराम सुथार | श्री गोपाराम सुथार | श्री अचलराम सुथार
श्री कन्हैयालाल जांगिड़ | श्री अशोक कुमार सुथार | श्री गोविन्दराम सुथार (पंचशील हार्डवेयर) | नेमीचन्द सुथार चामु | नगाराम सुथार

: किस्मतपुरा :
श्री गेनाराम सुथार | श्री अम्बालाल सुथार | श्री जसराज सुथार | श्री हनुमानराम सुथार | श्री पुखराज सुथार | श्री प्रभुराम सुथार
श्री मदनलाल सुथार | श्री कैलाश सुथार | श्री रावलराम सुथार | श्री घेवरराम सुथार | श्री भगवानराम सुथार | इंदिराराम सुथार | चेलाराम सुथार

: मियापुर - कोंडापुर:
श्री प्रभुदयाल सुथार | श्री रामनारायण सुथार | श्री पारसराम सुथार | श्री पूनमचन्द सुथार | श्री देवराज सुथार | श्री बाबुलाल सुथार
श्री सवाईराम सुथार | श्री किशनाराम सुथार | श्री मिश्रीलाल सुथार | श्री प्रकाश कुमार सुथार (पदम इंटीरियर्स) | नरसी ग्रूप हैदराबाद
श्री जालुराम सुथार (एएमजे इंटीरियर्स) | श्री फुशराज सुथार (वुड क्राफ्टस्)

: अलवाल:
श्री मांगीलाल सुथार | श्री सुखदेव सुथार | श्री रामगोपाल जांगिड़ | श्री हीरालाल सुथार | श्री नारायणलाल सुथार | श्री ओमप्रकाश सुथार
श्री रामस्वरुप सुथार | श्री विनोद कुमार जांगिड़ | श्री मुकेश कुमार सुथार | श्री धर्माराम सुथार

: लक्ष्मीगुड़ा:
श्री सियाराम जांगिड़ | श्री राजेश जांगिड़ | श्री ओमप्रकाश जांगिड़ | श्री महावीर जांगिड़ | श्री परमेश्वर जांगिड़ | श्री विनोद कुमार जांगिड़
श्री रामकिशोर जांगिड़ | श्री बाबुलाल जांगिड़ | श्री बजरंग जांगिड़ | श्री महादेव जांगिड़ | श्री रामेश्वर जांगिड़ | श्री ताराचन्द जांगिड़

: कुकटपल्ली:
श्री नरपतराम सुथार | श्री दम्माराम सुथार | श्री सुमेराराम सुथार | श्री भोपेन्दर सुथार | श्री भोमाराम सुथार

: मनिकोन्डा - बोरावंडा:
सुमेरचन्द जांगिड़ | गौरीशंकर जांगिड़ | आलोक जांगिड़ | गोवर्धन जांगिड़ | टिन्नू जांगिड़ | महेन्द्र जांगिड़
बबलु जांगिड़ | पंकज जांगिड़ | गोपाल जांगिड़ | बलराम जांगिड़ | अनिल जांगिड़ | मनीष जांगिड़
अभिषेक जांगिड़

गौभक्त: शांतिलाल सुथार, दिलीप शर्मा

Nemichand Jangid
Vishwakarma Innovations
Bandamailaram Village,
Hyderabad 9246524441

Govind Suthar
Panchshil Hardware LLP
Jubilee Hills,
Hyderabad 8390909396

Sukhdev K
Sukhdev Associates
Alwal, Kompally,
Hyderabad 9652703231

Mahaveer Jangid
Kalathmak Home Decor
Aghapura,
Hyderabad 9866412805

Dinesh, Rahul Jangid
Prakash Ply & Hardware
Aghapura, Hyderabad
7014239145, 9573352651

Namo Narayana
Plywood & Hardware
Goshamahal, LB Nagar,
Karmanghat, Chandanagar

CNC Art Studio
Near Vishwakarma Temple,
Suchitra,
Hyderabad 8890217105

Madan Kulriya, Madan Budad
Sri Mateshwari Timber
9783828711, 9885264234

Vikas Goel
Vikas Plywood
Jubilee Hills,
Hyderabad 9849007111

Amit Sharma
Metall Holz Engineering
Pvt. Ltd., Jeedimetla,
Hyderabad 7799940500

Vishwakarma ML Furniture
Kattedan, Hyderabad
9030777222

Bharat, Tarachand
R.K. Plywood & Hardware
Nagole, Hyderabad
9057527723, 9246363057

KHAJODA Timber Mart
Jawahar Nagar, Hyderabad
9833381340, 9167280876

Bhawarlal, Shankarlal, Dinesh Makad
Akaar Living, SBD Enterprises
Shivrampally, Hyderabad
9848243230, 9393059724, 9030079275

Ram Swaroop
Kapil Industries, Dhoolapally
Arpita Enterprises
Ghasmandi, Secunderabad
9079193630, 7799114235

RAJASTHANI VISHWAKARMA SANGH TRUST
9063294611

Smit Patel
Wood & Metal
Maruthi Nagar, Gachibowli,
Hyderabad 9737333344

Sharwan Kumar
SS Interiors
Jeedimetla, Hyderabad
9885444998

भूल-चूक के लिए हम क्षमा प्रार्थी है

P.Solankey

अपनी ही सरकार में असुरक्षित जदयू नेता; अपराधियों ने घर में घुसकर पीटा, वाहन और नेम प्लेट भी तोड़े

मुंगेर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। मुंगेर जिले में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि सत्तारूढ़ दल के नेता भी अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं। यहां सफियासराय थाना क्षेत्र के परहम पंचायत में जदयू के प्रखंड उपाध्यक्ष एवं उप मुखिया प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह के घर पर अपराधियों ने हमला बोल दिया। अपराधियों ने न सिर्फ घर में घुसकर मारपीट की बल्कि वहां खड़े वाहन के शीशे भी तोड़ दिए। इतना ही नहीं, उप मुखिया के नाम की नेम प्लेट को ईंट से मारकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार दहशत में है और पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगा रहा है। घायल उप मुखिया प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने बताया कि गांव के ही पवन कुमार, प्रिंस कुमार और रमन कुमार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं। उन्होंने बताया कि सरस्वती पूजा के दौरान ये लोग हथियार लेकर घूम रहे थे। जब उन्हें ऐसा करने से मना किया गया तो उन्होंने इस हमले को अंजाम दिया।

महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो और ट्रेलर में टक्कर, 4 लोगों की मौत; 7 घायल

सोनभद्र, 9 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में रविवार को बड़ा हादसा हुआ। महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो और ट्रेलर में टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसा मुर्धवा-अंबिकापुर मार्ग पर बभनी के दरनखाड़ के पास हुआ। बोलेरो सवार प्रयागराज से महाकुंभ स्नान कर छतीसगढ़ जा रहे थे। सुबह साढ़े 6 बजे यह दर्दनाक हादसा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुट गई।

पेड़ काटने पर फंसा रेस्तरां संचालक, वन विभाग ने दर्ज कराया मुकदमा; जमीन की भी हो रही जांच'

आगरा, 9 फरवरी (एजेंसियां)। आगरा में वन विभाग ने ताज पूर्वी गेट बगीची में पेड़ काटने का वीडियो वायरल होने पर ढाबा संचालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जमीन का मालिकाना हक चिह्नित करने के लिए अभिलेखों की जांच कराई जा रही है। कर्मचारियों की ओर से बगीची में अवैध निर्माण की भी जांच की जा रही है। डीएफओ आदर्श कुमार ने बताया कि ताज पूर्वी गेट के पास बगीची में पेड़ काटे जाने और कर्मचारियों के अवैध निर्माण करने का वीडियो वायरल हुआ था। वन विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची। मौके पर एक पेड़ काटने के साक्ष्य मिले। लकड़ी भी बरामद हुई। इससे सटकर ही रेस्तरां संचालित है। संचालक राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है। डीएफओ ने बताया कि इस जमीन का मालिकाना हक किसके पास है, इसके लिए राजस्व विभाग से अभिलेख निकलवाए जा रहे हैं।

एएमयू में चिकन बिरयानी की जगह मिलेगी बीफ बिरयानी? नोटिस जारी होने पर मचा बवाल यूनिवर्सिटी प्रशासन ने क्या कहा

अलीगढ़, 9 फरवरी (एजेंसियां)। शहर के मशहूर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में एक नोटिस के वायरल होने के बाद से बवाल मचा हुआ है। एएमयू के सर शाह सुलेमान हॉल में रविवार के लंच में ''बीफ बिरयानी'' परोसने के संबंध में एक नोटिस जारी किया गया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस नोटिस के सामने आने के बाद से विवाद की स्थिति बनी हुई है। हालांकि इस पूरे मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्टीकरण जारी किया है। बता दें कि दो अधिकृत व्यक्तियों द्वारा कथित तौर पर जारी नोटिस में कहा गया कि ''रविवार के दोपहर के भोजन के मीनू में बदलाव किया गया है और मांग के अनुसार चिकन बिरयानी की बजाय बीफ बिरयानी परोसी जाएगी।'' इस नोटिस के वायरल होने के बाद विश्वविद्यालय में विवाद उत्पन्न हो गया। हालांकि बाद में एएमयू प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नोटिस में टाइपिंग की गलती है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आश्वासन दिया कि जिम्मेदार व्यक्तियों को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मनेर शरीफ दरगाह पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

चादरपोशी की, जनता के लिए दुआएं मांगी

पटना, 9 फरवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा चौथे चरण में पहुंच चुकी है। 10 जनवरी को सीएम नवादा जाएंगे लेकिन एक दिन पहले यानी आज वह मनेर शरीफ पहुंचे। यहां पर उन्होंने चादरपोशी की और बिहार राज्य में सद्भाव, समृद्धि, अमन-चैन और खुशहाली कायम रहने की दुआयें मांगी सीएम ने। सूफी संत हजरत मख्दूम शाह कमालुद्दीन अहमद यहया मनेरी के उर्स के मौके पर बड़ी दरगाह स्थित उनकी मज़ार पर चादरपोशी की।

बड़ी दरगाह पर सीएम नीतीश का स्वागत

सीएम नीतीश कुमार हज़रत सुल्तानुल मख्दूमीन सय्यिदुना शाह कमालुद्दीन अहमद यहया मनेरी रहमतुल्लाह अलैह के 756वें उर्स के मौके पर पहुंचे थे। बड़ी दरगाह सीएम नीतीश कुमार का स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री को रुमाल भेंट की गई

मनेर शरीफ खानकाह पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने मनेर शरीफ खानकाह के गद्दीनशीं सैयद शाह तारिक सुहरवर्दी ऐनायतुल्लाह फिरदौसी से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को टोपी और रूमाल भेंटकर उनका अभिनन्दन किया गया।

सीएम ने मनेरी की मजार पर चादरपोशी की

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आस्तान-ए-हज़रत सुल्तानुल मख्दूमीन सय्यिदुना मखदूम शाह कमालुद्दीन अहमद यहया मनेरी की मजार पर चादरपोशी की एवं दुआयें मांगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण तथा उर्स मुबारक में आये श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

धर्म परिवर्तन के आरोप पर जमकर हंगामा और नारेबाजी, मौके पर पुलिस बल मौजूद

लखनऊ, 9 फरवरी (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ के गोमती नगर विस्तार के भरवारा स्टेट के पास एक मकान में संचालित हो रहे चर्च में 50 से अधिक लोगों के जमा होने पर कॉलोनी के लोगों ने धर्म परिवर्तन का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा और नारेबाजी की। मौके पर एडीसीपी ईस्ट पंकज कुमार, एसीपी विभूतिखंड राधा रमण भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और चर्च में मौजूद 20 लोगों को थाने ले गए।

भाजपा कार्यकर्ता अधिवक्ता बीके ओझा ने हिंदुओं के धर्म परिवर्तन का आरोप लगाते हुए मकान को सील करने और ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, चर्च की तरफ से मौजूद मोरिस कुमार ने धर्म परिवर्तन के आरोप को गलत बताया। उनका कहना है कि रविवार की वजह से सभी लोग प्रार्थना के लिए जमा हुए थे। दर्जनों लोगों ने चर्च पर हमला बोल दिया। गालीगलौज करते हुए कैमरे भी तोड़ दिया।

'जब फिल्मों को किया जा सकता है टैक्स फ्री

तो यूपी में वाहनों को भी न देना पड़े टोल', अखिलेश यादव ने योगी सरकार से क्यों की ये खास मांग?

प्रयागराज, 9 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला लगा हुआ है। यहां लाखों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। सड़क, रेलवे और हवाई मार्ग से लोग महाकुंभ मेले में जा रहे हैं। इस बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने योगी सरकार से बड़ी मांग की है। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने रविवार को महाकुंभ के दौरान जाम के संकट से उबरने और यात्रा बाधा दूर करने के लिए सरकार को राज्य में वाहनों को टोल मुक्त करने की सलाह दी। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखी एक पोस्ट में कहा 'महाकुंभ के अवसर पर उत्तर प्रदेश में वाहनों को टोल मुक्त किया जाना चाहिए। इससे यात्रा में बाधा कम होगी और जाम का संकट भी कम होगा।' इसके साथ ही सपा सांसद अखिलेश यादव ने योगी सरकार से सवाल पूछते हुए कहा, 'जब फिल्मों को मनोरंजन टैक्स मुक्त किया जा सकता है तो महाकुंभ के महापर्व पर गाड़ियों को कर मुक्त क्यों नहीं किया जा सकता है?'

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण प्रयागराज की ओर जाने वाली सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है। लोग वाहनों से निकल कर सड़क पर आ जाते हैं। सड़क किनारे बैठकर आराम भी करते हैं। इससे कोई गंभीर हादसा भी हो सकता है।

'अब बहाना नहीं रहेगा'

आरजेडी नेता मनोज झा ने बीजेपी को घेरा इंडिया अलायंस को लेकर कही बड़ी बात

पटना, 9 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में बीजेपी की जीत पर प्रतिक्रिया का दौर जारी है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सांसद मनोज झा की भी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि 27 साल बहुत लंबा समय होता है। 27 साल बाद बीजेपी दिल्ली की सत्ता में लौटी है, मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। अब उनके पास वह बहाना भी नहीं रहेगा कि डबल इंजन सरकार नहीं है। इंडिया गठबंधन के फ्यूचर के सवाल पर आरजेडी नेता मनोज झा ने कहा कि इंडिया गठबंधन एक केंद्रीय विचार था, हमने इसे केंद्र में वैकल्पिक सरकार की संभावनाओं के लिए बनाया था। तब भी सभी दलों को पता था कि राज्यों में हम एक-दूसरे के सामने होंगे। ऐसी विसंगतियां होती हैं। मुझे लगता है कि अगर पार्टियों को लगता है कि वे बेहतर प्रदर्शन के लिए समन्वय कर सकते हैं, तो यह पहले से करना होगा न कि चुनाव को देखकर।

वहीं मनोज झा ने कहा कि यमुना और गंगा के नाम पर इस देश में राजनीति बहुत हो गई। प्रधानमंत्री ने गंगा को लेकर कई बातें बोली। प्रधानमंत्री की राजनीति में भी शॉर्टकट के कई पहलू हैं। आपको जनादेश मिला है, कल को कहीं जनादेश नहीं मिलेगा, इसको आखिरी चुनाव मान लेना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस देश में इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी भी चुनाव हार गए थे, इसलिए ये जनतंत्र है। अगर आप जनता का काम नहीं करते हैं तो आपकों अर्श से फर्श की यात्रा के लिए तैयार रहना चाहिए।

आरजेडी सांसद ने कहा कि 2020 में तमाम कोशिशों के बाद भी हम (आरजेडी) सिंगल लार्जेस्ट पार्टी रहे। प्रधानमंत्री को लेकर मनोज झा ने कहा कि आइए बिहार, आपका फैसला बिहारी करेंगे, कुछ भी करिए लेकिन बिहार को ठगिए नहीं। ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों को लेकर बिहार नहीं आइए। हम मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं, कौन पलटेगा इससे कोई मतलब नहीं है, हम लंबी लकीर खींच रहे हैं, उससे लंबी लकीर कोई खींच कर बता दे।

सपा विधायक की ननद के घर चोरी, 1 किलो सोना और ढाई लाख रुपये लूट कर चोर फरार, जांच में जुटी पुलिस

कानपुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। कानपुर में समाजवादी पार्टी की महिला विधायक नसीम सोलंकी की ननद के घर को चोरों ने निशाना बना लिया। देर रात चोरी की वारदात को अंजाम देकर उनके घर से 1 किलो सोने के जेवर और ढाई लाख रुपये नकद पार कर दिए। घर में सीसीटीवी भी मौजूद था लेकिन चोर शातिर थे और घर में घुसते ही सबसे पहले उन्होंने सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी के तार को ही डीवीआर से अलग कर दिया और घर में सन्नाटा पाकर हाथ साफ कर फरार हो गए। घर की छत से घर में दाखिल हुए तीन शातिर चोर सीसीटीवी में घुसते हुए तो दिखे लेकिन चोरी की वारदात कैमरे में कैद नहीं हो सकी। इतनी बड़ी घटना कानपुर की पुलिस की मुस्तैदी और कानून व्यवस्था का कई सवाल खड़े कर रही है। कानपुर की जाजमऊ पुलिस घटना के बाद तफ्तीश में जुट गई है और घटना के खुलासे का दवा भी कर रही है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दिल्ली तो झांकी हैं, बिहार अभी बाकी है

बयान पर तेजस्वी यादव ने कसा तंज

पटना, 9 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली चुनाव के परिणाम पर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता मालिक है। जिसको जनता चुनती है सरकार बनती है। यहीं लोकतंत्र की खूबसूरती है। आशा है कि बीजेपी ने जो वादे किए हैं, उनको पूरा करेगी। लगभग 26 साल बाद बीजेपी सरकार में आई है। उम्मीद है कि जुमलेबाजी तक ही समित न रहेगी। वहीं तेजस्वी यादव से मीडिया ने बातचीत के दौरान पूछा कि बीजेपी बोल रही है दिल्ली तो झांकी है बिहार अभी बाकी है, इस पर उन्होंने कहा बिहार तो बिहार है, इसको समझना पड़ेगा।

आरजेडी के अन्य नेताओं की भी आई प्रतिक्रिया

दिल्ली में बीजेपी की जीत पर आरजेडी के अन्य नेताओं की भी प्रतिक्रिया आई है। आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता का अहंकार करना अच्छी बात नहीं है। लोकतंत्र में जनता मालिक है जनता किसी को अर्श तो किसी को फर्श पर पहुंचाती है। वहीं आरजेडी नेता मनोज झा ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि आपको जनादेश मिला है कल को किसी ओर को जनादेश को मिलेगा। इसे आखिरी चुनाव मान लेना सही नहीं है। अगर आप जनता का काम नहीं करते तो आपको अर्श से फर्श की यात्रा के लिए तैयार रहना चाहिए।

दिल्ली की जीत पर बिहार बीजेपी क्या बोली?

दिल्ली की जीत पर पटना से बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कल अपने भाषण में कहा था कि अब हम दिल्ली में आ गए हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में बीजेपी सरकार है और हम सभी मिलकर दिल्ली का विकास करेंगे। देश बदल रहा है। आज देश सुधार, विकास और सनातन के साथ चल रहा है। बहुत से मुस्लिम समाज के लोगों ने भी बीजेपी को वोट दिया है क्योंकि उनको देखा कि मोदी सरकार किस तरह से काम करती है। बीजेपी की सरकार सबको साथ लेकर चलती है।

रसोई गैस के रेगुलेटर में रिसाव से लगी आग, मां-बेटी समेत पांच लोग झुलसे; अस्पताल में भर्ती

बाराबंकी, 9 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी के बाराबंकी में रविवार को खाना बनाते समय रसोई गैस सिलेंडर के रेगुलेटर में रिसाव होने के बाद आग लग गई। आग से मां-बेटी समेत पांच लोग झुलस गए। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बम्हरौली गांव की है। गांव निवासी रामखेलावन की पत्नी सीता पति रसोई में खाना बना रही थी। इसी दौरान हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार अभी 6 फरवरी को ही उनकी पुत्री की शादी हुई है। ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से सीतापति (40), इनकी पुत्री शशि (16), अंकुल (8), पीहू (6), मोहिनी (10) को झुलसी अवस्था में हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया। घटना को लेकर पूरे परिवार में कोहराम मचा है।

मिल्कीपुर उपचुनाव रिजल्ट पर क्या बोली मुलायम सिंह की बहू अपर्णा यादव

पीएम मोदी और सीएम योगी की क्यों तारीफ की

लखनऊ, 9 फरवरी (एजेंसियां)। मुलायम सिंह की बहू और उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव ने 2025 के दिल्ली चुनाव और मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की जीत के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव में मिली जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में विश्वास का परिणाम है। बीजेपी कार्यकर्ताओं और दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करते हुए अपर्णा यादव ने पार्टी को सरकार बनाने में उनकी भूमिका को स्वीकार किया।

मिल्कीपुर से चंद्रभानु पासवान ने जीत दर्ज की

वहीं दिल्ली चुनाव के बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ।यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था। मैं भाजपा कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं दिल्ली की जनता को दिल्ली में सरकार बनाने का मौका देने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। बता दें कि मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान ने 61,710 मतों से जीत हासिल की। चुनाव आयोग द्वारा घोषित परिणामों के मुताबिक, 38 वर्षीय पासवान को 1.46 लाख से ज्यादा वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी (सपा) के 42 वर्षीय अजीत प्रसाद को 84,687 वोट मिले। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के संतोष कुमार तीसरे स्थान पर रहे और उन्हें 5,459 वोट मिले।

2022 में बीजेपी को इस सीट पर मिली थी हार

मिल्कीपुर सीट पर भाजपा की जीत के साथ, फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र भाजपा की झोली में आ गए हैं। वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव में अयोध्या जिले की मिल्कीपुर एकमात्र सीट थी, जिस पर भाजपा हारी थी। मिल्कीपुर विधानसभा सीट अवधेश प्रसाद के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिये जाने के कारण रिक्त हुई थी। सपा ने प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को उपचुनाव में उतारा था जबकि भाजपा ने चंद्रभानु पासवान को प्रत्याशी बनाया था। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उपचुनाव नहीं लड़ा जबकि कांग्रेस ने अपने गठबंधन सहयोगी सपा का समर्थन किया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की 'ऐतिहासिक जीत' के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

यूपी में कैदी की रिहाई के लिए राष्ट्रपति के नाम से मिला फर्जी आदेश, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

सहारनपुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां जिला कारागर जेल में बंद एक हत्या के आरोपी की रिहाई के लिए राष्ट्रपति के नाम से फर्जी आदेश भेजा गया है। इस मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, यह पूरा मामला सहारनपुर जिले के जिला कारागर का है। इस मामले में जनकपुरी थाना पुलिस ने राष्ट्रपति के नाम से जिला कारागार में बंद हत्या के एक आरोपी की रिहाई के लिए फर्जी आदेश भेजने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार (9 फरवरी) को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के नाम से जिला कारागार में एक विचाराधीन कैदी की रिहाई का आदेश पहुंचते ही खलबली मच गयी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक को संदेह हुआ तो उन्होंने मामले की जांच कराई जिससे पता चला कि यह आदेश फर्जी है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक सत्यप्रकाश ने मीडिया को बताया कि जिला कारागार में अजय नाम का एक व्यक्ति हत्या के एक मामले में बंद है और इसका मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में विचाराधीन है। इस बीच जिला कारागार प्रशासन को एक पत्र राष्ट्रपति कोर्ट के नाम से प्राप्त हुआ, जिसमें हत्या के आरोपी अजय की रिहाई का आदेश था। उन्होंने बताया कि जिला कारागार प्रशासन को संदेह हुआ और जब मामले की जांच कराई गई तो पता चला कि राष्ट्रपति की कोई कोर्ट नहीं होती। घटना के संबंध में वरिष्ठ जेल अधीक्षक सत्यप्रकाश ने आगे बताया कि किसी ने फर्जी रिहाई आदेश बनाकर गुमराह करने का प्रयास किया है। सत्यप्रकाश ने बताया कि मामला गंभीर होने पर इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को भी दी गई। वरिष्ठ जेल अधीक्षक सत्यप्रकाश ने बताया कि इस मामले में संबंधित धाराओं में शुक्रवार को जनकपुरी थाने में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

बिल्डर प्रखर गर्ग पर एक और मुकदमा, पेंट हाउस के नाम पर की दो करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

आगरा, 9 फरवरी (एजेंसियां)। दो करोड़ रुपये लेने के बाद भी चर्चित बिल्डर प्रखर गर्ग और उनके दोस्त ने पेंट हाउस का बैनामा नहीं किया। मामले में पीड़ित की शिकायत पर बिल्डर सहित दो के खिलाफ अमानत में खयानत और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में सिकंदरा थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस साक्ष्यों के आधार पर जांच में जुटी है। हरीपर्वत थाना क्षेत्र के पुरानी विजय नगर कॉलोनी निवासी संजीव अग्रवाल ने केस दर्ज कराकर आरोप लगाया कि 2013 में बिल्डर प्रखर गर्ग ने अपने दोस्त अमित के साथ उनसे संपर्क किया। उन्होंने ककरैठा स्थित स्पेस टॉवर वित्तीय में 10वें तल पर उन्हें एक पेंट हाउस बनाने के लिए 7000 वर्ग फीट की जगह दिखाई। जगह अच्छी लोकेशन पर होने की वजह से उन्हें प्रस्ताव पसंद आ गया। दो करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ। 25 जून 2013 को अमित ने उनके पक्ष में इकरारनामा कर दिया। इसके तीन महीने बाद इकरारनामा की शर्त के आधार पर तीन महीने में 24 सितंबर 2013 तक बैनामा करने का वादा किया। इसके पहले आरोपियों ने पेंट हाउस के निर्माण में रुपये की जरुरत बताकर उनसे दो करोड़ रुपए ले लिए। इसके बाद भी निर्माण पूरा नहीं कराया। बैनामा करने का समय आया तो दोनों बहाने बनाने लगे। जब आरोपियों ने बात नहीं मानी तो उन्होंने अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद 2021 में रेरा व अन्य विभागों में भी लिखित में शिकायत दी। तब प्रखर गर्ग ने अगस्त 2024 तक पेंट हाउस का निर्माण कर बैनामा करने का वादा किया। इसके बाद भी बहाने बनाता रहा। 2 सितंबर 2024 को उन्होंने निर्माण पूरा कराकर पेंट हाउस का बैनामा करने के लिए कहा। इस पर आरोपियों ने 70 लाख रुपये की मांग की। विरोध पर परिवार सहित जान से मारने और फर्जी केस में जेल भिजवाने की धमकी दी। सिकंदरा थाना प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई की जाएगी।

नेताजी बोलते रहे और मंच पर बैठे-बैठे सो गए 2 विधायक, वायरल हो रहा वीडियो

पटना, 9 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार सरकार ने किसानों पूर्वी चंपारण जिले की हरसिद्धि विधानसभा सीट से विधायक कृष्णनंदन पासवान को गन्ना मंत्री बनाया है। किसानों के उत्थान की जिम्मेवारी उनके ऊपर है, लेकिन खेती-किसानी में मंत्री जी के करीबी लोगों की रुचि नहीं है। किसानों के कुम्भ मेला आयोजन में जब मंत्री जी का भाषण चल रहा था और भाजपा के दो-दो विधायक सो गए। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री और मोतिहारी के सांसद राधामोहन सिंह और बिहार सरकार के श्रम मंत्री और गन्ना मंत्री की मौजूदगी में मोतीहारी के दो-दो कद्दावर नेताओं को नींद आ गई। सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में भाजपा के पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार और गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी भरे मंच में ही सो गए। घटना पिपराकोठी की है, जहां किसानों का महाकुंभ लगा हुआ था। मंच पर भाजपा के कद्दावर राष्ट्रीय नेता और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह मौजूद थे। बिहार सरकार के श्रम मंत्री का भाषण चल रहा था। उसी मंच पर बैठे भाजपा के पूर्व मंत्री और मोतिहारी के विधायक प्रमोद कुमार सो रहे थे। गोविंदगंज के भाजपा विधायक सुनील मणि तिवारी भी पूरी तरह से नींद के आगोश में थे। दोनों नेता मंच पर बैठकर खर्राटे लेते नजर आए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मंच पर सो रहे नेताओं को न तो सामने बैठी जनता का भय है और न ही मंत्री या केंद्रीय नेताओं की कोई परवाह है। ऐसा नाजारा लोगों ने एक बार नहीं बल्कि कई बार देखा है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति सहित सैकड़ों लोगों की भारी भीड़ लगी थी और इसी कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी भी आ रहे हैं।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

सोमवार, 10 फरवरी, 2025 5

सुविचार

असल में वही जीवन की चाल समझता है, जो सफर में धूल को गुलाल समझता है।

उद्योगपति वी.सी. जनार्दन राव पर पोते ने किया 73 बार चाकू से हमला

नृशंस हत्या के आरोप में हुआ गिरफ्तार

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र के उद्योगपति वेलमती चंद्रशेखर जनार्दन राव के पोते कीर्ति तेजा को संपत्ति विवाद को लेकर उनकी नृशंस हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। वेलजन ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रमुख जनार्दन राव की गुरुवार रात हैदराबाद में उनके आवास पर हत्या कर दी गई। शनिवार देर रात पुलिस द्वारा आरोपी परिजनों को गिरफ्तार करने के बाद यह घटना प्रकाश में आई।

अमेरिका से लौटे उनके पोते कीर्ति तेजा ने संपत्ति को लेकर हुई तीखी बहस के बाद कथित तौर पर उन पर 73 बार चाकू से हमला किया। आंध्र प्रदेश के एलुरु के रहने वाले 86 वर्षीय जनार्दन राव पिछले कुछ महीनों से यहां सोमाजीगुडा स्थित अपने आवास पर रह रहे थे। उन्होंने हाल ही में अपनी बड़ी बेटी के बेटे श्रीकृष्ण को वेलजन ग्रुप का निदेशक नियुक्त किया था और अपनी दूसरी बेटी सरोजिनी देवी के बेटे कीर्ति तेजा को 4 करोड़ रुपये के शेयर हस्तांतरित किए थे।

पुलिस के अनुसार, सरोजिनी देवी और उसका बेटा गुरुवार को जनार्दन राव के घर गए थे। संपत्ति के बंटवारे को लेकर जनार्दन राव और कीर्ति तेजा के बीच बहस हुई थी। अपने दादा पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाते हुए कीर्ति तेजा ने कथित तौर पर अपने साथ लाया हुआ चाकू निकाला और राव पर कई बार वार किया। 29 वर्षीय कीर्ति तेजा ने राव पर 73 बार वार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चाय लाने के लिए रसोई में गई सरोजिनी देवी शोर सुनकर वापस लौटीं और बीच-बचाव करने की कोशिश की। कीर्ति ने कथित तौर पर उन पर भी हमला किया और उन्हें चाकू के चार वार लगे। आरोपी ने हत्या के चश्मदीद सुरक्षा गार्ड को भी धमकाया और मौके से फरार हो गया।

पंजागुट्टा पुलिस ने शनिवार को हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जो हाल ही में मास्टर डिग्री पूरी करने के बाद अमेरिका से लौटा था। बाद में उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस को संदेह है कि आरोपी नशे का आदी हो सकता है। वे आगे की जांच कर रहे थे। राव परोपकारी कार्यों के लिए भी जाने जाते थे। उन्होंने एलुरु के सरकारी जनरल अस्पताल और तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को भारी दान दिया था।

पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण की मांग

बीआरएस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के विधायकों, एमएलसी और पूर्व मंत्रियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव ए शांति कुमारी को ज्ञापन सौंपकर स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग की और कहा कि समुदाय से किए गए वादे को पूरा करने के बाद ही चुनाव कराए जाएं।

कांग्रेस सरकार को सत्ता में आए 14 महीने हो चुके हैं, लेकिन कामारेड्डी घोषणापत्र को अभी तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि योजना विभाग ने अवैज्ञानिक तरीके से सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, रोजगार, राजनीतिक और जातिगत सर्वेक्षण किया, जिससे पिछड़ी जातियों को उनका हक नहीं मिल पाया।

विधान परिषद में विपक्ष के नेता मधुसूदन चारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार पिछड़ी जातियों के कल्याण और विकास के प्रति प्रतिबद्ध नहीं है। शनिवार को सचिवालय मीडिया प्वाइंट पर उन्होंने कहा कि अगर यह प्रतिबद्ध है, तो फिर से सर्वेक्षण कराया जाना चाहिए और तमिलनाडु की तरह पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। पूर्व मंत्री वी श्रीनिवास गौड़ ने कहा कि लोगों को दिए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने के बाद, कांग्रेस सरकार राज्य के सभी क्षेत्रों को बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान, बिल्डर और बुनकर आत्महत्या कर रहे हैं और गरीब दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

सर्वेक्षण के जरिए कांग्रेस सरकार पिछड़ी जातियों को अपमानित कर रही है। यह सुनिश्चित करने के लिए साजिश रच रही है कि पिछड़ी जातियां राज्य में राजनीतिक शक्ति के रूप में उभर न सकें, इसके अलावा पिछड़ी जातियों में मुस्लिम आरक्षण जैसे समुदायों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने के अलावा, पूर्व मंत्री ने आलोचना की। श्रीनिवास गौड़ ने कहा कि हम न्याय मिलने तक अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे। उन्होंने कांग्रेस सरकार को समग्र कुटुंब सर्वेक्षण के विवरण, विशेष रूप से पिछड़ी जातियों की जनसंख्या प्रतिशत को सार्वजनिक करने की चुनौती दी। पूर्व मंत्री जी कमलाकर, सांसद वी रविचंद्र और अन्य ने भी बात की।

सौम्या कुठाडी ने हैदराबाद में फूडस्टोरीज में 'नॉरिशिंग हर' का शुभारंभ किया

ऑस्ट्रेलिया की एकमात्र बेक्ड डाइटीशियन सौम्या कुठाडी की हैदराबाद में फूडस्टोरीज में पुस्तक 'नॉरिशिंग हर' के शुभारंभ के मौके पर उपस्थित अंजू पोद्दार और नीना शर्मा।

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया की एकमात्र बेक्ड डाइटीशियन सौम्या कुठाडी ने हैदराबाद में फूडस्टोरीज में अपनी पुस्तक नॉरिशिंग हर का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम में पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और चिकित्सा के विशेषज्ञ एक साथ आए। इस लॉन्च में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेषज्ञों डॉ. वरुधिनी और शालिनी के साथ एक गोलमेज चर्चा हुई, जिसमें भावनात्मक स्वास्थ्य में पोषण की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद डॉ. रामामा राव और डॉ. श्रीलता के बीच एक चिकित्सा पर चर्चा हुई, जिसमें आहार, हार्मोनल संतुलन और समग्र स्वास्थ्य के बीच महत्वपूर्ण संबंधों की खोज की गई। नॉरिशिंग हर एक विज्ञान-समर्थित लेकिन व्यावहारिक मार्गदर्शिका है, जिसे महिलाओं को जीवन के विभिन्न चरणों में बेहतर स्वास्थ्य के लिए सूचित आहार विकल्प बनाने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

कार्यक्रम में बोलते हुए, सौम्या ने साझा किया, महिलाओं का पोषण केवल भोजन के बारे में नहीं है- यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों का समर्थन करने के बारे में है। यह पुस्तक साक्ष्य-आधारित पोषण को सरल बनाती है, ताकि महिलाओं को बेहतर महसूस करने में मदद मिल सके। 'नॉरिशिंग हर' अब अमेजॉन पर खरीदने के लिए उपलब्ध है।

पिता ने की पूत्र की हत्या

भुवनगिरी, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चौटुप्पल मंडल के अरेपल्ली गांव में शनिवार शाम को एक दुखद घटना में एक पूत्र की उसके पिता ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पीड़ित की पहचान 15 वर्षीय कट्टा भानु के रूप में हुई है, जो चौटुप्पल के एक निजी स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र था। भानु अपने स्कूल में एक पुरस्कार समारोह से देर से घर लौटा। देरी से गुस्साए उसके पिता सैदुलु ने उसे बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार के सदस्यों ने पोस्टमार्टम कराए बिना भानु के शव को चुपचाप दफनाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने हस्तक्षेप किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

चिलुकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी रंगराजन पर हमले की घटना में कार्रवाई की मांग

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दो तेलुगु भाषी राज्यों में प्रसिद्ध चिलुकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी रंगराजन पर हमले की घटना ने हलचल मचा दी है। सुंदरराजन, जो संरक्षण आंदोलन के संस्थापक और रंगाराजन के पिता हैं, ने अपने बेटे पर हमले की कड़ी निंदा की है। प्रेस विज्ञप्ति में, सुंदरराजन ने पुलिस विभाग से उस घटना में उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया, जिसमें कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मंदिर के पास पीड़ित के घर में घुसकर रंगराजन पर हमला किया और उसे घायल कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने दो दिन पहले हुई घटना को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि वे अब मंदिर के कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रंगराजन पर हमला करने वाले लोग राम राज्यम नामक संगठन से जुड़े थे और उन्होंने कहा कि उन्होंने रंगराजन को धमकी दी थी कि वे उनके संगठन में शामिल होने के बाद मंदिर की जिम्मेदारी उन्हें सौंप दें। हालांकि, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और दो दिनों तक मामले को गोपनीय रखा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले को सुलझाने की कोशिश में जुटी है। मामले के मुख्य आरोपी वीरा राघव रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया गया है इस बीच, हिंदू संगठनों ने रंगराजन पर हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने रंगराजन पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मंत्री ने श्री कालेश्वर मुक्तेश्वर मंदिर में महाकुंभाभिषेक में भाग लिया

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वानिकी, पर्यावरण और धर्मस्व मंत्री कोंडा सुरेखा, मंत्री श्रीधर बाबू और पोन्नम प्रभाकर के साथ भूपालपल्ली जिले के महादेव पुर मंडल, कालेश्वरम में श्री कालेश्वर मुक्तेश्वर मंदिर में 42 वर्षों की लंबी अवधि के बाद आयोजित महाकुंभाभिषेक में भाग लिया। श्रृंगेरी पीठ के तपोवन पीठाधिपति सच्चिदानंद सरस्वती के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में वैदिक विद्वानों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंत्रियों ने विशेष पूजा-अर्चना की। महाकुंभाभिषेक के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से मंदिर परिसर भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा।

इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा कि गोदावरी, प्राणहिता और सरस्वती नदियों के संगम पर कालेश्वर मुक्तेश्वर मंदिर प्राचीन है। उन्होंने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास देश का एकमात्र मंदिर है जहां मुक्तेश्वर और कालेश्वर की पूजा की जाती है। मंत्री ने कहा कि यह बहुत अच्छा अहसास है कि कालेश्वरम में त्रिवेणी संगम पर महाकुंभाभिषेक घाट का अनावरण उसी समय किया गया जब गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम प्रयागराज में महाकुंभ मेला आयोजित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में 15 से 26 मई तक होने वाले सरस्वती नदी पुष्कर महोत्सव को भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। पूजा के बाद मंत्री सुरेखा ने मंदिर में आए भक्तों से बात की। इस कार्यक्रम में धर्मस्व विभाग की प्रधान सचिव शैलजा रामअय्यर, आरजेसी रामकृष्ण राव समेत अन्य लोग शामिल हुए।

मुसलमानों को बीसी श्रेणी में शामिल करने में साजिश का आरोप

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री का राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार

करीमनगर, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जाति जनगणना में समुदाय का प्रतिशत कम करने के अलावा मुसलमानों को बीसी श्रेणी में शामिल करके बीसी समुदायों के साथ अन्याय किया गया है। मुसलमानों को बीसी श्रेणी में शामिल करने में बड़ी साजिश का आरोप लगाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भविष्य में हिंदू नेता उन सीटों पर नहीं जीत सकते जहां बीसी चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले जीएचएमसी चुनाव इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने दावा किया कि वाईएस राजशेखर रेड्डी के समय में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण लागू करने के बाद जीएचएमसी चुनावों में मुसलमानों ने बीसी सीटों पर कब्जा कर लिया, साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि बीसी संगठन इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया क्यों नहीं दे रहे हैं? संजय कुमार ने शनिवार शाम करीमनगर शहर में आयोजित भाजपा एमएलसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार की रैली में भाग लिया।

मंत्री ने ऑर्थोपेडिक वॉकथॉन कार्यक्रम का शुभारंभ किया

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने मुनोट हेल्थकेयर फाउंडेशन के सहयोग से जलविहार से 3 किमी, 5 किमी और 7 किमी के ऑर्थोपेडिक वॉकथॉन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वॉकथॉन के माध्यम से लोगों को हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरूक किया गया।कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य (आईएंडसी) और सूचना प्रौद्योगिकी के विशेष प्रधान सचिव जयेश रंजन ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप मुणोत एवं शिल्पा मुणोत ने किया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि छोटी-मोटी दुर्घटनाओं में पैर टूट जाते हैं। हड्डी संबंधी समस्या होने से पहले ही जांच करानी चाहिए। हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए लिए जाने वाले आहार के बारे में डॉक्टर से पूछें। इस कार्यक्रम के माध्यम से हड्डी रोग पर जागरूकता दी जा रही है। इसके माध्यम से अन्य 50 लोगों को बताया जाए और जागरूक किया जाए।

इस वॉकथॉन में 3, 5, 7 किमी की दौड़ आयोजित की गई। हमने पिछले माह सड़क सुरक्षा जागरूकता माह किया है।

केंद्र यूजीसी को कठपुतली की तरह इस्तेमाल कर रहा है : प्रो. हरगोपाल

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफेसर हरगोपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एक वैधानिक स्वतंत्र निकाय है। उन्होंने आज आरोप लगाया कि केंद्र अपने एजेंडे को लागू करने के लिए इसे कठपुतली की तरह इस्तेमाल कर रहा है और विश्वविद्यालयों के मानकों को कमजोर करने वाले फैसले ले रहा है।

उन्होंने केंद्र के एजेंडे को लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताया। उन्होंने मांग की कि केंद्र यूजीसी के नए दिशा-निर्देशों को तुरत वापस ले, जो विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को कमजोर करते हैं। एआईएसएफ के राज्य अध्यक्ष कासिरेड्डी मणिकांत रेड्डी ने शहर में 'यूजीसी 2025 विनियम-विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर हमला' पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। सम्मेलन में प्रो. हरगोपाल और उस्मानिया विश्वविद्यालय कला महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कासिम मुख्य अतिथि थे।

इस अवसर पर एआईएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विराज देवांग, राष्ट्रीय महासचिव दिनेश सिरंगराज, एआईएसएफ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिरंगराज और एआईएसएफ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण पांडा भी मौजूद थे। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. हर गोपाल ने आरोप लगाया कि विकास के नारे के नाम पर केंद्र में तीसरी बार सत्ता में आई मोदी सरकार देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने और विकास को दरकिनार करने के तरीके से काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने और शिक्षा का भगवाकरण करने की साजिशें रची जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के प्रोफेसरों की नियुक्ति और पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यता बनाए रखने और उच्च शिक्षा में मानकों की रक्षा के नाम पर 6 जनवरी को मसौदा जारी किया था।

उन्होंने कहा कि मसौदा प्रस्ताव भारतीय संविधान की भावना के विपरीत है, राज्यपाल के हाथों कुलपतियों की नियुक्ति पूरी तरह से असंवैधानिक है। प्रो. कासिम ने कहा कि अब तक राज्य सरकार कुलपतियों (वीसी) की नियुक्ति के लिए तीन सदस्यीय खोज समिति का गठन करती रही है और कहा कि समिति में तीन सदस्य होते हैं- यूजीसी का एक प्रतिनिधि, राज्य सरकार का एक प्रस्तावित सदस्य और विश्वविद्यालय परिषद का एक प्रतिनिधि।

तम्बाकू पत्तों की खरीद का काम तुरंत शुरू करें : जॉन वेस्ले

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सीपीएम के राज्य सचिव जॉन वेस्ले ने आज मांग की कि राज्य सरकार निविदा आमंत्रित करके और निविदा प्रक्रिया पूरी करके तम्बाकू पत्तों की खरीद का काम तुरंत शुरू करे। यहां एक बयान में उन्होंने कहा कि वन विभाग हर साल जनवरी तक तम्बाकू पत्तों की खरीद के काम के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर लेता है, जिससे राज्य के आदिवासी और गैर-आदिवासी गरीबों को रोजगार मिलता है। लेकिन इस साल, राज्य सरकार ने अभी तक ऐसा नहीं किया है। निविदाओं का काम पूरा नहीं हुआ है। आदिवासी लोग चिंतित हैं। इसलिए, सीपीआई (एम) की तेलंगाना राज्य समिति मांग कर रही है कि राज्य सरकार तुरंत निविदा प्रक्रिया शुरू करे। उन्होंने यह भी कहा कि वन विभाग राज्य के लगभग 14 जिलों में तम्बाकू पत्तों की खरीद करेगा और कहा कि लगभग 10 लाख लोग इस पर निर्भर हैं, जबकि हजारों लोग अप्रत्यक्ष रूप से लदान, उतराई और अन्य कार्यों से रोजगार पाते हैं। उन्होंने कहा, हर साल टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद फरवरी में छंटाई की जाएगी। इसका नतीजा यह होता है कि पैदावार अधिक होती है। लेकिन यह काम समय पर नहीं हुआ। वन विभाग इस पर ध्यान देने में लापरवाह दिख रहा है। आदिवासी इस सीजन की आय से कई आर्थिक गतिविधियों और अच्छे कामों का फैसला करते हैं।

देरी के कारण आदिवासी चिंतित हैं। एजेंसी क्षेत्रों में जहां तंबाकू के पत्ते उपलब्ध हैं, वहां मजदूरों और आदिवासियों की नौकरियां न जाएं, इसके लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए।"

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत का जश्न मनाया भाजपा नेताओं ने

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना भाजपा नेताओं ने आज दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की भारी जीत का जश्न मनाया। बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता नामपल्ली स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे और पटाखे फोड़े। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी, पार्टी सांसद लक्ष्मण, कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, पार्टी नेता चिंताला रामचंद्र रेड्डी और अन्य ने जश्न में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और नेताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां बांटी।

मोबाइल फोन देने से मना करने पर छात्रा ने की आत्महत्या

कुमराम भीम आसिफाबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कौटाला मंडल केंद्र में शनिवार रात को दसवीं कक्षा की छात्रा ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने उसे प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए मोबाइल फोन देने से मना कर दिया था। कौटाला के उपनिरीक्षक एन मधुकर ने बताया कि कौटाला मंडल मुख्यालय के एक निजी स्कूल की छात्रा बोम्माकांति स्पूर्ति (17) ने आत्महत्या कर ली। स्पूर्ति कथित तौर पर तब उदास थी, जब उसकी मां ने उसे ऑनलाइन अध्ययन सामग्री डाउनलोड करने के लिए मोबाइल फोन देने से मना कर दिया था। जब कोई मौजूद नहीं था, तो उसने अपनी जान दे दी। लड़की के पिता सदानंदम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है।

PUBLIC NOTICE

This is hereby inform you and caution to all the devotees of the **SOMNATH MANDIR, Rangeli Khidki Kotla Alijah, Hyderabad** that Under the instructions of my client **BRAHMA KSHATRIYAS SOMNATH MANDIR SEVA SAMITHI (Regd.)**, Rep. by its President Sri. Praveen Kumar hereby submits that the watchwoman Smt. Shashikala, W/o. Late Sri Shiva Kumar is working as the watch-woman for the Temple after her husband demise. The Watchwoman and her family members, viz., Naresh, Kiran Kumar, both are S/o Late Shiva Kumar, Smt. Parvathi, W/o Sri Rama Swami and Sri Rama Swami are staying in the temple complex. Recently we came to know that watch-woman and her family doing illegal activities colluding with anti-social elements in the temple premises.
Hence, the Temple Samithi have dismissed her from the duties from dt. **07.02.2025.**
It is learnt that few persons are transacting with the above said persons without consent of Samithi. Hence it is notified to the General Public that those who are intending to subject matter of this notice, whatsoever manner they deem fit, at their own risk and shall bear legal consequences and thus this notice for restraint/caution in transacting with the said persons.

Sd/- JASHWANTH KUMAR THOTA
Advocate
#209, Plot No.42, CSR Apartments, HUDA Complex, Kothapet, Saroornagar, Hyderabad-500035. **Cell No.9440113468**

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 10 फरवरी - 2025

केजरीवाल मॉडल पर सवाल

दिल्ली चुनाव में आप की हार ने पार्टी के भविष्य पर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी का संगठन कमजोर हो गया है। कांग्रेस को अपनी पुरानी जगह वापस पाने का मौका मिल सकता है। बीजेडी और वाईएसआरसीपी जैसी क्षेत्रीय दलों की कमजोर स्थिति कांग्रेस के लिए एक अवसर साबित हो सकती है। राजनीति में नए समीकरण बन रहे हैं। 2013 में, जब शीला दीक्षित सरकार का सफाया हुआ, तो इसने न केवल राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के आने वाले विस्फोट का संकेत दिया, बल्कि एक और अधिक मौलिक बदलाव की ओर इशारा भी किया। आप का उदय, कई मायनों में, कांग्रेस की छत्रछाया के सिकुड़ने का उप-कथानक था। इसकी शुरुआत पश्चिम बंगाल में टीएमसी और महाराष्ट्र में एनसीपी के विभाजन से हुआ था। माना कि आप कांग्रेस की प्रत्यक्ष वंशज नहीं थी, लेकिन धीरे-धीरे उसने दिल्ली में कांग्रेस की तरफ से खाली की गई जगह पर अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया। खासकर निम्न आय वर्ग, मुस्लिम, दलितों के बीच। इसमें, इसने बीजेपी के कुछ कोर मतदाता आधार को जोड़ा। इसमें पेशेवर मध्यम वर्ग और पड़ोसी राज्यों (विशेष रूप से पूर्वांचलियों) को। आप एक ऐसी पार्टी थी जो 'विभाजन के बाद' की राजनीति करती थी, जिसका मॉडल ओडिशा में नवीन पटनायक की बीजेडी और आंध्र प्रदेश में वाईएस जगन रेड्डी की वाईएसआरसीपी ने अपनाया था। बीजेडी की तरह ही आप ने भी 'त्रिकोणीय' राजनीति की योजना बनाई। कांग्रेस और बीजेपी से समान दूरी पर अपना चुनावी तंबू खड़ा किया। 2014 से बीजेपी के वर्चस्व वाले दौर में, आप और बीजद दोनों का अस्तित्व मतदाताओं के एक अस्थायी समूह को वापस लुभाने पर निर्भर था, जो राष्ट्रीय चुनावों में भाजपा को वोट देने के बाद राज्य चुनावों में उनके पास वापस चले गए थे। उस संतुलनकारी कार्य के लिए एक विशिष्ट राज्य मॉडल और राज्य स्तर पर एक करिश्माई चेहरे (नवीन पटनायक, अरविंद केजरीवाल और वाईएस जगन रेड्डी) की आवश्यकता थी। बहरहाल, राजनीति के विभाजन के बाद का मॉडल अब थकावट के बिंदु पर पहुंच गया है, पिछले साल बीजद और वाईएसआरसीपी ने सत्ता खो दी और इस चुनाव में आप का भी वही हश्र हुआ है। ऐसे में भविष्य दो सवालों पर निर्भर हो सकता है? क्या आप और बीजेडी/वायआरसीपी जैसी पार्टियां अपनी जगह वापस पा सकती हैं या वे अपरिहार्य गिरावट की ओर बढ़ रही हैं? क्या कांग्रेस अपनी पुरानी जगह वापस पा सकती है, जो अब इन 'मध्यमार्गी' क्षेत्रीय पार्टियों द्वारा खाली कर दी गई है? देखा जाए तो इन सभी पार्टियों की संभावनाएं बहुत धूमिल हो गई हैं। आप जैसी पार्टी की खासियत यह है कि संगठन को जानबूझकर कमजोर रखा जाता है। धीरे-धीरे, आप और बीजेडी/वायआरसीपी के संरक्षण-आधारित संगठनात्मक मॉडल की तरह दिखने लगी। इनमें स्थानीय अभिजात्य वर्ग से 'जीतने योग्य' उम्मीदवारों को शामिल किया गया। क्या ऐसी पार्टी विपक्ष में टिक सकती है? संभवतः नहीं। चुनाव हारने के बाद से बीजेडी और वाईएसआरसीपी लगातार निष्क्रिय दिखाई दे रहे हैं। संरक्षण मॉडल के माध्यम से प्राप्त पार्टी कार्यकर्ताओं का लगातार पलायन हो रहा है। शायद आप पंजाब में अपनी सरकार द्वारा प्रदान की गई रणनीतिक गहराई पर भरोसा कर सकती है। हालांकि यह निश्चित नहीं है। दिल्ली की हार ने आप के केंद्रीय नेतृत्व को छोटा कर दिया है। इससे अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को नुकसान उठाना पड़ा है। इस प्रकार, उनके पास अब पंजाब इकाई को नियंत्रित करने के लिए केवल एक कमजोर सौदेबाजी वाला हाथ है। कांग्रेस 2022 में चुनाव मुख्य रूप से आंतरिक गुटबाजी के कारण हार गई, और आप को आगे इसी तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। बहरहाल, आप की ब्रांड अपील 'केजरीवाल का दिल्ली मॉडल' अब अंतिम सांसें गिनता प्रतीत हो रहा है। क्या कांग्रेस अपनी पुरानी जगह वापस पा सकती है, जो अब इन 'मध्यमार्गी' क्षेत्रीय दलों द्वारा खाली कर दी गई है?

दिल्ली के नतीजे न चौंकाने वाले न अप्रत्याशित

ऋतुपर्ण दवे

दिल्ली के नतीजों को महागठबंधन की रार, तकरार या हार कहें या फिर भाजपा का आत्मविश्वास, लेकिन सच यही है कि जीत मतदाताओं की हुई है। यकीनन दिल्ली के मतदाताओं के दोनों हाथ में लड्डू थे। शायद, इसी वजह से दिल्ली में मतदाताओं ने काफी सोच-विचार कर भाजपा को चुना। हो सकता है कि इस बार केजरीवाल और उनकी टीम अपने वायदों पर खरे नहीं उतरे या आरोपों के कुचक्र में ऐसी घिरते चले गए कि जनमानस को उनकी कथनी और करनी में तो अंतर समझ आने लगा। वहीं पुरानी घोषणाओं और भावनाओं का खेला हुआ। आम आदमी पार्टी को इस बार उसके नेताओं के पुराने भावुक भाषणों ने करारी चोट दी। जिसमें नीली वैगन आर और मुख्यमंत्री के आवास को लेकर जुमलों जैसी बातें थी। भाजपा ने भी मतदाताओं को निजी तौर पर लाभ के पिटारों और पुरानी सौगातों में वृध्दि का जो दांव खेला उसी का असर सामने है। फायदे के दौर में ज्यादा फायदा कौन नहीं चाहेगा? भाजपा ने भी फायदों की झड़ी पर दांव लगाया तो क्या बुरा किया? इधर केजरीवाल भी अपनों से ही उलझते चले गए और गठबंधन भी बिखरता गया। आम आदमी पार्टी को शीश महल, शराब घोटाला जैसे आरोपों ने ऐसा धराशायी किया कि आप की 'झाड़ू ' ने अपनों को साफ कर नाउम्मीद कर दिया। हालांकि भाजपा को अपना सूखा दूर करने में 27 साल लग गए। लेकिन यह सच है कि लोकसभा चुनावों के बाद दिल्ली के महज 70 सीटों के चुनाव पर देश-दुनिया की निगाहें थी। दिल्ली के चुनाव इसलिए भी बेहद खास थे कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद वहां पर सरकार न बना पाना उनकी सबसे बड़ी कसक थी। यही वजह थी कि मोदी ने भी इस बार न केवल अपना दांव चला बल्कि अपने भाषणों से भी काफी कुछ संदेश देने की कोशिश की। आखिर दिल्ली में भी मोदी मैजिक पहली ही बार ही सही, चल गया। हालांकि कहा जरूर जा रहा था कि संघर्ष त्रिकोणीय होगा लेकिन नतीजे आमने-सामने के ही दिखे। कांग्रेस को जरूर इस बात पर संतोष करना होगा कि उसके वोट प्रतिशत में थोड़ा इजाफा हुआ है। लेकिन यह नाकाफी है। हां यदि इण्डिया गठबन्धन यहां भी एकजुटता से लड़ता तो संभव है कि नतीजे कुछ बदले भी आ सकते थे। लेकिन यह महज कयास हैं। कुल मिलाकर इसे घोषणाओं में कौन कितना आगे रहा उसी की जीत हुई कहा जा सकता है। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में भाजपा 48 सीटों के बहुमत सत्ता में आई। वहीं आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर सिमट गई। मतों के प्रतिशत के लिहाज जहां भाजपा को 45.56 तो आम आदमी पार्टी को 43.57 प्रतिशत मत मिले।

अंतर भले ही कम रहा लेकिन अंकगणित के आंकड़ों ने आप को चित्त कर दिया। कांग्रेस को जरूर 2020 के मुकाबले ज्यादा मत मिले जो 4.63 से बढ़कर 6.34 हो गए। निश्चित रूप से हरेक सीट के विश्लेषण के बाद समझ आएगा कि कांग्रेस आप के लिए कितनी वोट कटवा रही।

दिल्ली का 75 वर्ष का दिलचस्प राजनीतिक इतिहास

अशोक भाटिया

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और राजधानी को अपना अगला मुख्यमंत्री मिलने वाला है। इसी कड़ी में हम आपको दिल्ली के चुनावी इतिहास से जुड़ी कुछ रोचक जानकारियाँ दे रहे हैं, जो शायद आपकी नजरों से अब तक दूर रही हों। दिल्ली दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का दिल है। यहाँ के चुनाव देश के अन्य राज्यों से कई मायनों में अलग होते हैं। सत्ता की खींचतान और जनता की आवाज के बीच दिल्ली का चुनावी सफर हमेशा दिलचस्प रहा है। 1952 में पहली विधानसभा बनने से लेकर अब तक, दिल्ली की राजनीति में कई बड़े बदलाव हुए हैं। खासकर 1956 से 1993 तक, जब दिल्ली की विधानसभा भंग कर इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। दिल्ली की राजनीति में कांग्रेस, भाजपा और आम आदमी पार्टी के बाद दोबारा भाजपा ने अपना वर्चस्व स्थापित किया है। आइए, जानते हैं दिल्ली के चुनावी इतिहास की झलक। 1950 में जब संविधान लागू हुआ तो दिल्ली को भाग ग के राज्य में केंद्र शासित प्रदेश के रूप में शामिल किया गया। जहां 48 सदस्यों वाले एक विधानसभा के गठन के लिए संसद में स्टेट एक्ट 1951 पास किया गया। इस एक्ट के तहत देश की संसद के साथ-साथ दिल्ली विधानसभा के लिए भी 1951-52 में 42 सीटों के लिए चुनाव हुए। कांग्रेस ने 39 सीटें हासिल की जबकि जनसंघ जो भाजपा की पूर्व पार्टी है को 5 सीटें मिली, 2 सीटें सोशलिस्ट पार्टी को मिली। 17 मार्च 1952 को कांग्रेस ने 34 साल के ब्रह्म प्रकाश को मुख्यमंत्री बनाया। लेकिन शुरुआत से ही दिल्ली के मुख्यमंत्री को ऑर्डर, जमीन और पुलिस पर कोई अधिकार नहीं दिया गया। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री के समय से चीफ कमिश्नर और अब उपराज्यपाल से जो टकराव है वह आजतक चलता आ रहा है। कई तरह के राजनीतिक टकराव के बाद 12 फरवरी 1955 को ब्रह्म प्रकाश को इस्तीफा देना पड़ा। उनकी जगह पर दरियागंज से विधायक गुरुमुख निहाल सिंह उसी दिन मुख्यमंत्री बने। लेकिन वे भी अपना टर्म पूरा नहीं कर सके और 1 साल 263 दिनों के बाद 1 नवंबर को 1956 को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री और चीफ कमिश्नर के बीच टकराव के मद्देनजर फजल अली के नेतृत्व में राज्य पुनर्गठन आयोग बना जिसने राज्य सरकार की जगह स्थानीय प्रशासन का सुझाव दिया है। इस तरह 1 नवंबर 1956 को दिल्ली को भाग ग के तहत राज्य का दर्जा देने वाली संवैधानिक व्यवस्था को सीज कर दिया गया और दिल्ली में विधानसभा और मुख्यमंत्री के पद को समाप्त कर दिया गया। अब दिल्ली पूरी तरह से राष्ट्रपति के अधीन केंद्र शासित प्रदेश बन गई। जब दिल्ली की जनता में इस फैसले के खिलाफ रोष व्यक्त किया जाने लगा तो एक अन्य कमिटी के सुझाव पर दिल्ली म्युनिसपल कॉरपोरेशन एक्ट 1957 लागू किया गया जिसके तहत दिल्ली में नए सिरे से नगर निगम यानी एमसीडी की स्थापना की गई। हालांकि इससे जनता संतुष्ट नहीं हुई। जनता उसी समय से दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग करने लगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए सहकारिया प्रशासनिक सुधार आयोग के सुझाव पर 1966 में दिल्ली प्रशासनिक एक्ट 1966 लागू किया गया लेकिन इसमें दिल्ली विधान सभा की जगह लेफ्टिनेंट गवर्नर के अधीन एक मेट्रोपॉलिटन काउंसिल का गठन किया गया। इसके पास सिर्फ उपराज्यपाल को सुझाव देने का अधिकार था। उपराज्यपाल के माध्यम से दिल्ली पर तभी से सीधे केंद्र सरकार का कब्जा रहा है। इस मेट्रोपॉलिटन काउंसिल में 56 सदस्य होते थे जबकि 5 राष्ट्रपति द्वारा सीधे मनोनीत होते थे। मेट्रोपॉलिटन काउंसिल के प्रमुख चीफ एग्जक्यूटिव काउंसिलर होते थे। 1966 से 1967 तक संसद की अनुमति से मीर मुश्ताक अहमद को इसका अंतरिम प्रमुख बनाया गया। 1967 में इसके लिए पहला चुनाव हुआ। इस चुनाव में 33 सीटें जनसंघ को मिली जिसके बाद प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा चीफ एग्जक्यूटिव काउंसिलर बने जबकि लाल कृष्ण आडवाणी काउंसिल के चेयरमैन बने। हालांकि 1972 में हुए मेट्रोपॉलिटन काउंसिल के चुनाव में कांग्रेस ने 44 सीटें जीती और राधा रमण को सीईसी बनाया गया। 1977 में जनता पार्टी ने 46 सीटें जीतकर केदार नाथ साहनी को सीईसी बनाया। 1983 में मेट्रोपॉलिटन के आखिरी चुनाव में कांग्रेस ने 34 सीटें जीती और जग प्रवेश चंद्र को सीईसी बनाया। 1990 तक वे ही इस पद पर रहे। संविधान के अनुच्छेद 239 एएए और 1991 कैपिटल टेरेटरी ऑफ दिल्ली एक्ट के तहत विधानसभा में 70 सीटों की व्यवस्था की गई और इसी आधार पर दिल्ली में 1993 में पहला चुनाव हुआ। इस चुनाव में भाजपा ने मदन लाल खुराना, ओपी कोहली और दिग्गज विजय कुमार मल्होत्रा को चुनाव जीताने की जिम्मेदारी दी। 1984 में सिख दंगों की छाया में कांग्रेस पहले से ही इस चुनाव में पिछड़ी हुई थी। भाजपा ने प्रचंड बहुमत हासिल कर 49 सीटों पर कब्जा किया। 2 दिसंबर 1993 को मदन लाल खुराना को नए विधानसभा के गठन के बाद पहली बार मुख्यमंत्री बनाया गया। मदन लाल खुराना ने मुख्यमंत्री का पद तो हासिल कर लिया लेकिन पार्टी में कई अन्य दिग्गज भी इस पद के लिए अपनी आस लगाए बैठे थे। नतीजा आपसी खींचतान बढ़ गई। फिर 1995 में हवाला केस ने देश के कई दिग्गजों को संकट में डाल दिया जिसमें लाल कृष्ण आडवाणी समेत कई दिग्गज नेताओं के नाम थे। मदन लाल खुराना का भी इसमें नाम था। इस तरह मदन लाल खुराना को इस्तीफा देना पड़ा। 2 दिसंबर 1993 को साहिब सिंह वर्मा दिल्ली के मुख्यमंत्री बने पर साहिब सिंह वर्मा भी पार्टी को सही तरीके से साध नहीं सके। केंद्र में भाजपा सरकार रहते हुए भी दिल्ली की जनता का वे भरोसा नहीं जीत सके। आपसी खींचतान और ज्यादा बढ़ गई। चुनाव में संभावित हार को देखते हुए भाजपा ने चुनाव से कुछ दिन पहले तेज तर्रार नेता सुषमा स्वराज को 12 अक्टूबर 1998 को दिल्ली का पहला महिला मुख्यमंत्री बनाया।चुनाव में सुषमा ने अपना तेवर तो दिखाए लेकिन मंहगाई ने चुनाव में भाजपा को बूरी तरह से पछाड़ दिया। कांग्रेस ने शीला दीक्षित के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और ऐसी नींव तैयार कर ली जो आगे 15 सालों तक कायम रहा।1998 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में शीला दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस ने 52 सीटों पर कब्जा किया जबकि 1993 में 49 सीटें जीतने वाली भाजपा 15 सीटों पर सिमट गई। 3 दिसंबर 1998 को शीला दीक्षित दिल्ली की दूसरी मुख्यमंत्री बनीं और आगे 15 साल 25 दिनों तक 28 दिसंबर 2008 तक इस पद पर बनी रहीं। इस 15 सालों में दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल बिछ गया। पहली बार मेट्रो आई। सड़कों की व्यवस्था सुधरी, दमघोंटू डीजल गाड़ी की जगह सीएनजी गाड़ियों को लाया गया। इन कामों का श्रेय आज भी शीला दीक्षित को जाता है। 2003 के चुनाव में कांग्रेस शीला दीक्षित को फिर एक बार आगे किया। उनके खिलाफ बुजुर्ग विजय कुमार मल्होत्रा को भाजपा ने उतारा जबकि पार्टी का एक धरा युवा अरुण जेटली या हर्षवर्धन को उतारने के पक्ष में थे। नतीजा कांग्रेस ने फिर बाजी मारी और 47 सीटों पर कब्जा किया जबकि भाजपा थोड़ा आगे बढ़कर 20 सीटें हासिल की। शीला दीक्षित दूसरी बार मुख्यमंत्री बनी। 2008 के चुनाव में भी शीला दीक्षित के नेतृत्व में ही कांग्रेस ने चुनाव लड़ा और 43 सीटें हासिल की जबकि भाजपा 23 सीटों पर सिमट गई। अब देश की राजनीति में आमूल चूल परिवर्तन आ चुकी थी। 2012 में अन्ना आंदोलन की कोख से एक नए राजनीतिक दल के उदय ने 2013 के चुनाव में शीली दीक्षित को बुरी तरह हरा दिया और 15 साल की सत्ता का अंत हो गया। केंद्र में कांग्रेस सरकार की बुरी तरह की असफलताओं ने कई आंदोलनों को जन्म दिया जिसमें अन्ना हजारे के नेतृत्व में राजधानी में सबसे बड़े आंदोलन ने आम आदमी पार्टी को जन्म दिया। कांग्रेस के खिलाफ जबर्दस्त लहर के बीच अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने 2013 के दिल्ली चुनाव में 28 सीटें हासिल कीं। 32 सीटें हासिल कर भाजपा सबसे बड़ी पार्टी तो बनी लेकिन कांग्रेस की 8 सीटों की मदद से अरविंद केजरीवाल ने सरकार बना लिया। मगर 49 दिनों तक मुख्यमंत्री के पद पर रहने के बाद कांग्रेस पर कई आरोप लगाकर सरकार से इस्तीफा दे दिया। वे 14 फरवरी 2014 तक इस पद पर रहे।

बिहार में भी गूंजेगा, 'मोदी की गारंटी' व 'बटेंगे तो कटेंगे' का नारा

सुरेश गांधी

फिरहाल, महाराष्ट्र व हरियाणा के बाद भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी प्रचंड बहुमत से विजय का सिलसिला जारी रखा। दिल्ली की जीत इसलिए भी ऐतिहासिक है, क्योंकि 27 साल से सत्ता का सूखा खत्म करने में पार्टी न सिर्फ सफल रही,, बल्कि आप के कई महारथियों धूल चटा दी है. आप के मुखिया अरविन्द केजरीवाल के हर नहले पर पीएम के नेतृत्व में भाजपा ने दहला चलने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मसलन, केजरीवाल ने कहा, हम हारे तो मुफ्त बिजली पानी बंद हो जायेगा, तो भाजपा बोली- सभी फ्री योजनाएं चलती रहेगी। केजरीवाल ने कहा, महिलाओं को 2100 देंगे, तो भाजपा ने कहा हम 2500 देंगे। मतलब साफ है भाजपा ने जनता के मन से यह डर हटा दिया कि उसके सत्ता में आने से सब्सिडी वाली योजनाएं बंद होंगी, बल्कि यह भी संदेश दिया किवह कुछ और भी बढ़-चढ़कर देंगी, साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर करेगी। दिल्ली के अंदर और बाहर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट भाजपा ने खूब गिनाएं। दुसरी ओर 10 साल की एंटी इनकंबेंसी से जूझ रही आप के पास पुराने वादों के अलावा कुछ नया नहीं था। चूकि महिलाओं को पैसे सहित कुछ वादे पिछले चुनाव के अधुरे थे, तो इस बार फार्म भराने के बावजूद जनता ने एतबार नहीं किया। हाल यह रहा कि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, अवध ओझा सहित कद्दावर नेता हार गए. जबकि भाजपा की जीत में एम फैक्टर-महिला, मध्यम वर्ग और मोदी गारंटी व योगी का कटेंगे तो बटेंगे का नारा अहम रोल रहा। हालांकि कालकाजी सीट पर लगातार पिछड़ने के बाद भी आतिशी चुनाव जीत गई. परिणाम यह है कि भाजपा 48 सीटों के सासथ दिल्ली में बहुमत की सरकार बनायेंगी, जबकि आप 22 सीटों पर ही सिमट गयी। मतलब साफ है दिल्ली में प्रचंड जीत का श्रेय सिर्फ और सिर्फ मोदी की गारंटी, योगी की बटेंगे तो कटेंगे, के नारे को जाता है। और सबे बड़ी वजह केजरीवाल का दिल्लीवासियों की उपेक्षा रही। या यूं कहे दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार रहते लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा तो वो दिल्ली की टूटी-फूटी सड़कें और गलियां है। दिल्ली की सड़कों यानी मुहल्ले की गलियां गैस और पानी की पाइप लाइन बिछाने से खोद दी गईं और उन्हें फिर सही नहीं किया गया। बारिश के दिनों में लोगों को इन टूटी गलियों से निकलना मुश्किल हो जाता था। इसके साथ ही दिल्ली की सड़कों और नुक्कड़ों में कूढ़ों का ढेर भी जमा रहता है। नगर निगम की गाड़ियां हर रोज घरों से कूड़ा नहीं लेती थी। इस कारण दिल्ली की घरेलू महिलाएं केजरीवाल से खासा नाराज दिख रहीं थी। आम आदमी पार्टी की सरकार में लोग सप्लाई वाले पानी की खराब व्यवस्था से भी नाराज दिखे। घरों में समय पर सप्लाई वाला पानी नहीं आता था। टाइम बेटाइम पानी आता भी था तो वह पीने और कपड़े धोने के लायक भी नहीं होता था। दिल्ली सरकार के सप्लाई वाले पानी से घरेलू औरतें काफी नाराज थीं। गर्मी के दिनों में पानी के टैंकर के लिए मारामारी रहती थी। लोग घंटों टैंकर के इंतजार में खड़े रहते थे। आम आदमी पार्टी की हार का प्रमुख कारण पानी की समस्या भी रही है। राजधानी दिल्ली में पॉल्यूशन की समस्या सर्दियों शुरु होते ही बढ़ जाती है। इस समस्या से आम आदमी से लेकर खास आदमी तक खासा परेशान होता है। केजरीवाल सरकार की तरफ से दिल्ली के पॉल्यूशन के लिए कुछ खास इंतजाम नहीं किए गए। केजरीवाल सरकार ने इस समस्या के लिए हमेशा केंद्र को जिम्मेदार ठहरा और अपनी जवाबदेही से हमेशा बचते रहे। दिल्ली सरकार में मुख्यमंत्री रहते अरविंद केजरीवाल किसी भी सरकारी काम के पूरा न होने पर सीधे तौर पर उप राज्यपाल को दोषी ठहराते थे। इसके लिए वह उप राज्यपाल को पत्र लिखकर आरोप-प्रत्यारोप का खेल खेलते थे। अरविंद केजरीवाल की हर किसी मुद्दे पर उपराज्यपाल से तू तू मैं मैं होती थी। उप राज्यपाल के साथ ही अरविंद केजरीवाल पीएम मोदी की भी जमकर आलोचना करते थे। पीएम मोदी और केंद्र सरकार के कामों को अरविंद केजरीवाल ने कभी नहीं सराहा। दिल्ली में केजरीवाल के हार का ये भी बड़ा कारण बना है। चकी 'हार' पर स्वाती मालिवाल ने किया रिएक्ट, द्रौपदी के चीरहरण की फोटो शेयर कर याद दिलाया अपना अपमान। स्वाती मालिवाल के मामले को लेकर लोगों में आक्रोश दिखा। वैसे भी बीजेपी उस राज्य में तब तक लगी रहती है कि जब तक की उसे जीत न मिल जाए. कई राज्यों में उसका उदाहरण देखने को मिला है. हार की समीक्षा, फिर नई ताकत के साथ चुनाव में जुट जाना, ये बीजेपी की कामयाबी का मंत्र है. अब तो दिल्ली भी जीत ली, वो दिल्ली जो बीजेपी को पिछले करीब ढ़ाई दशक से चिढ़ा रही थी. साल 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बीजेपी की लहर उठी, राज्य-दर-राज्य कमल खिलता गया. इस बीच 2015 में दिल्ली का विधानसभा चुनाव हुआ और अरविंद केजरीवाल की आंधी के आगे भाजपा कहीं टिक नहीं पाई. 70 में से 67 सीटों पर झाड़ू चल गई, बीजेपी के लिए ये बड़ी हार थी. क्योंकि ठीक एक साल पहले यानी 2015 में पार्टी को इसी दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर जीत मिली थी. 2015 में आप को दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत मिली थी. इस जीत से केजरीवाल का कद इतना बढ़ गया था कि वो राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी का विस्तार करने लगे. वहीं, केजरीवाल की ये कामयाबी सीधे-सीधे पीएम मोदी के लिए एक चुनौती थी, क्योंकि बीजपी का विजय रथ दिल्ली में आकर थम गया था. साल 2015 में देश के कई राज्यों में चुनाव हुए और बीजेपी को शानदार जीत मिली.साल 2018 में बीजेपी की देश के 15 राज्यों में पूर्ण बहुमत वाली सरकार थी. लेकिन दिल्ली में बीजेपी जमीन पर पकड़ नहीं बना सकी थी. पीएम मोदी की अगुवाई में 2019 के लोकसभा चुनाव में फिर बीजेपी को बंपर जीत मिली, 303 सीटों पर कमल खिला. पीएम मोदी की लोकप्रियता चरम पर थी. क्योंकि 2014 के मुकाबले 2019 में बीजेपी को ज्यादा सीटों पर जीत मिली. इस चुनाव में भी दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर बीजेपी की जीत हुई. लगा कि अब बीजेपी के लिए दिल्ली की राह थोड़ी आसान होगी, क्योंकि पीएम मोदी बंपर जीत के साथ दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन चुके थे, लेकिन एक कसक थी कि दिल्ली में आखिर जिस बीजेपी को लोकसभा चुनाव में 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिलते हैं, वो विधानसभा चुनाव में कोई करिश्मा क्यों नहीं कर पाती है. मजबूत रणनीति के साथ 2020 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी उतरी, सामने फिर अरविंद केजरीवाल थे. बीजेपी ने कोई बडा चेहरा नहीं दिया, क्योंकि पीएम मोदी के चेहरे पर राज्य-दर-राज्य कमल खिल रहा था।

खिचड़ी की महिमा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

सर्दी की एक ठंडी सुबह थी, जब मयंक ने अपनी खिड़की खोली। ठंड की लहरों ने उसे बधाई दी, जैसे कोई पुराने दोस्त से मिलने आया हो। बाहर बर्फ की चादर सी बिछी हुई थी, और चारों ओर बस एक ही धुन गूंज रही थी—खिचड़ी, खिचड़ी, खिचड़ी! हाँ, यही तो था सर्दी का असली उत्सव। ठंड के मौसम में खिचड़ी एक ऐसा अनिवार्य अनुष्ठान बन चुका था कि अगर किसी ने खिचड़ी नहीं बनाई, तो पड़ोसियों के बीच उसकी छवि एक कुपित दानव जैसी हो जाती थी। मयंक की पत्नी, दीप्ति, ने सोचा कि इस साल कुछ खास करना चाहिए। उसने फैसला किया कि वह खिचड़ी महोत्सव का आयोजन करेगी। उसने अपने सभी दोस्तों और पड़ोसियों को निमंत्रण भेजा। संदेश में लिखा था, आओ और खिचड़ी का जश्न मनाओ, ठंड में गर्मी का एहसास पाओ! यह विचार सुनकर लोग हंस पड़े। क्या? खिचड़ी का उत्सव? क्या यह किसी प्रकार का मजाक है? लेकिन दीप्ति ने हिम्मत नहीं हारी। वह अपने रसोईघर में गई, और खिचड़ी बनाने की तैयारी करने लगी। उसे लगा कि अगर वह खिचड़ी में थोड़ा जादू डाल दे, तो यह अपने आप में एक कुकिंग शो बन जाएगा। उसने किचन में घुसते ही हर तरह की सामग्री इकट्ठा कर ली। चावल, दाल, सब्जियाँ—सब कुछ एक झूले पर लटकता हुआ था, जैसे कोई आदिवासी नृत्य। जैसे-जैसे महोत्सव का दिन नजदीक आता गया, मयंक के मन में एक नया डर समाने लगा। ₹क्या ये लोग मेरी पत्नी की खिचड़ी को पसंद करेंगे? या फिर हमें यहीं पर सबके सामने शर्मिंदा होना पड़ेगा? उसने खुद से पूछा। लेकिन दीप्ति ने आत्मविश्वास से कहा,मैंने ये सब खासतौर पर बनाया है, तुम्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है।

और फिर वह दिन आया। खिचड़ी महोत्सव का आयोजन शुरू हुआ। दीप्ति ने जब खिचड़ी पकाई, तो उसके चारों ओर भाप उठ रही थी, और लोगों को उसकी खुशबू ने घेर लिया। पड़ोसियों ने आना शुरू किया। हर किसी ने गहरे कोट पहन रखे थे और हाथों में चाय के कप थे। जब सब लोग एकत्र हुए, तो दीप्ति ने खिचड़ी का पहला कटोरा निकाला। सभी ने बड़ी उत्सुकता से उसे देखने लगे। ये क्या है? यह तो कोई जादूगरी लगती है! एक पड़ोसी ने कहा। फिर जैसे ही खिचड़ी परोसी गई, लोग एक-दूसरे के कटोरे में झांकने लगे। भाई, तुम्हारी खिचड़ी में मटर है या नहीं? किसी ने पूछ लिया। मटर? अरे नहीं, मेरी खिचड़ी में तो सिर्फ सफेद चावल और दाल हैं! दूसरे ने चिढ़ाते हुए कहा। और फिर, जैसे ही किसी ने चम्मच चलाया, खिचड़ी ने मटर के साथ 'कभी न भूलने वाले' संगीत की धुन छेड़ी। वाह, क्या बात है! खिचड़ी ने तो हमें सर्दी से भी ज्यादा ठंडा कर दिया! एक ने चुटकी ली।

धारा 144 का दुरुपयोग बंद हो तथा सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू हो

रघु ठाकुर

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने झारखण्ड हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ झारखण्ड सरकार की याचिका को खारिज किया। जस्टिस अभय ओंका एवं उज्जवल भुईयाँ की बैंच ने कहा है कि श्यह प्रवृत्ति बन गई है कि जैसे ही कोई प्रदर्शन होता है, धारा 144 का आदेश जारी कर दिया जाता है। यह गलत संदेश देगा। कोई प्रदर्शन करना चाहता है तो धारा 144 लागू करने की क्या जरूरत है। यह सब इसलिये हो रहा है क्योंकि धारा 144 का दुरुपयोग हो रहा है।य सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी हाईकोर्ट में भाजपा नेता निशिकांत दुबे आदि के खिलाफ दर्ज किये गये दंगे के मामले को झारखण्ड हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। और एफआईआर रद्द कर दी, जिसके खिलाफ झारखण्ड (झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, कांगे्रस, आरजेडी आदि की मिलीजुली सरकार है), के खिलाफ यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन का मौलिक अधिकार दिया गया है।

निसंदेह सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी और आदेश आज के दौर में एक क्रांतिकारी आदेश जैसा है। क्योंकि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के मौलिक अधिकार को दबाने की प्रवृत्ति केवल झारखण्ड में नहीं है बल्कि समूचे देश, केंद्र व राज्य सरकारों में फैली हुई है। यह बात अलग है कि झारखण्ड में भाजपा विरोधी दल है और इंडिया गठबंधन की सरकार है अतरू वहां के भाजपा के लोगों ने यह याचिका दायर की परंतु अगर भाजपा के लोग उनकी अपनी सरकारों में चल रही स्थिति को देखें तो झारखण्ड और अन्य राज्य मप्र, छग, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि सभी प्रदेशों में जहां भाजपा सरकारें हैं वहां धारा 144 का वैसा ही उपयोग हो रहा है जैसा झारखण्ड में हुआ। धारा 144 को, स्थाई घटना जैसा बना दिया गया है। पूरे साल कोई न कोई बहाने यथा कभी विधानसभा के नाम पर, कभी त्यौहारों के नाम पर, कभी परीक्षाओं के नाम और कभी अन्य बहाने से। सभाओं, प्रदर्शन, धरना आदि की अनुमति की जो प्रक्रिया तय की गयी है, वह इस प्रकार की है कि जैसे शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों को पहले जिला दण्डाधिकारी या सिटी मजिस्ट्रेट के यहां आवेदन देना होता है, फिर वे उसे एस.पी. को भेजते हैं और एस.पी. कार्यालय में आवेदन ले जाने की जवाबदारी भी प्रदर्शन करने वालों की होती है। फिर एस.पी. साहब का आफिस उसे संबंधित थानों को भेजता है और संबंधित थानेदार से आदेश लेकर वापिस एस.पी. कार्यालय, फिर एस.पी. कार्यालय से सिफारिश लेकर जिला मजिस्ट्रेट के यहां देना होता है। यानि व्यक्ति को लगातार एक सप्ताह आवेदन की प्रक्रिया से होकर गुजरना होता है, तब कहीं जाकर निश्चित हो पाता है कि अनुमति मिलेगी की नहीं। देश की राजधानी दिल्ली में तो संसद मार्ग थाने के डी.एस.पी. कार्यालय में जाकर एक 30-40 पेज का प्रोफार्मा भरना होता है। यह प्रोफार्मा भी सुप्रीम कोर्ट के नाम पर तय किया गया है। यह भी वचन देना होता है कि पानी और चिकित्सा की व्यवस्था प्रदर्शनकारी करेंगे। जबकि यह परंपरा रही है कि पानी और चिकित्सा की व्यवस्था प्रशासन करता रहा है। एक दिन से अधिक धरना देने की अनुमति नहीं दी जाती और दिल्ली के चिन्हित धरना स्थल जंतर-मंतर को हो चारों ओर ही घेरकर बंद कर दिया है। यहां तक कि सिविल नाफरमानी करने वालों को भी धरना स्थल पर जाने के लिये सुरक्षा जांच से गुजरना होता है। याने एक प्रकार से इसे अघोषित रूप से प्रतिबंधित सिविल नाफरमानी क्षेत्र कर दिया गया है। एक तरफ कमजोर ताकत वाले प्रदर्शनकारियों के साथ यह संवैधानिक व्यवहार होता है और दूसरी तरफ ताकतवर समूहों के 1-1 साल धरने चलते हैं। वे हाईवे और कभी-कभी रेलमार्ग भी बंद करते हैं। चूंकि उनके पास जनशक्ति, धन शक्ति और प्रचार शक्ति होती है अतरू उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होती। स्वतरू सुप्रीम कोर्ट भी उनके प्रति उदार बना रहता है। क्या यह दोहरा रवैया नहीं है? क्या यह कानून के सामने समानता है? अनेकों याचिकायें कभी प्रशासन, सत्तापक्ष, कभी आमजनता या आंदोलनकारियों की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन प्रस्तुत की गयीं, परंतु इन पर कभी भी सर्वोच्च न्यायालय ने कोई वैधानिक निर्णय नहीं लिया, बल्कि तात्कालिक परिस्थितियों, सरकार और जनसमूह की स्थितियों या सुविधाओं को ध्यान में रखकर समयानुकूल कोई बीच का रास्ता सुप्रीम कोर्ट ने निकालने नहीं दिया। क्या कभी सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-हरियाणा पुलिस से पूछा कि उन्होंने सड़क जाम करने वाले कितने लोगों या संगठनों पर मुकदमा दर्ज किया है? क्या कभी सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली से लेकर राज्यों तक सत्ताधीशों या सत्ताधारी दलों के द्वारा सड़कों को रोककर सभायें या कार्यक्रम करने के बारे में कोई जानकारी ली है?

विश्वकर्मा जयंती

इस पवित्र दिन की तिथि, समय, महत्व और अनुष्ठान

-विश्वकर्मा जयंती 2025 फरवरी तिथि: 10 फरवरी
- त्रयोदशी तिथि आरंभ: 9 फरवरी 2025, शाम 07:25 बजे शुरू हो चुकी है ।
- त्रयोदशी तिथि समाप्त: 06:57 अपराह्न, 10 फरवरी 2025

विश्वकर्मा जयंती पर, भक्त भगवान विश्वकर्मा की पूजा अनुष्ठानों और प्रसाद के साथ करते हैं, तथा अपने काम में सफलता और प्रगति के लिए उनका आशीर्वाद मांगते हैं। यह त्यौहार कड़ी मेहनत, रचनात्मकता और दिव्य प्रेरणा के महत्व को स्वीकार करने का भी अवसर है। विश्वकर्मा जयंती मनाकर, हिंदू ब्रह्मांड में उनके योगदान के लिए भगवान विश्वकर्मा के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं और अपने जीवन में उनके मार्गदर्शन और सुरक्षा की कामना करते हैं।

विश्वकर्मा जयंती पर दिव्य वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा का सम्मान किया जाता है, तथा उनसे रचनात्मकता, नवाचार और समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा जाता है, तथा कारीगरों, शिल्पकारों और इंजीनियरों को उनके कार्य और जीवन में प्रेरणा दी जाती है।

विश्वकर्मा जयंती पर, भक्त बड़े उत्साह और जोश के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं। दिन की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा की अनुष्ठानिक पूजा से होती है, जहाँ भक्त देवता को प्रार्थना, फूल और मिठाइयाँ चढ़ाते हैं। कारीगर, शिल्पकार और इंजीनियर भी अपने औजारों और उपकरणों की पूजा करते हैं, अपने काम में सफलता और प्रगति के लिए भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद मांगते हैं। अनुष्ठान के एक भाग के रूप में, भक्त कारों, ट्रकों और फैक्ट्री उपकरणों जैसे मशीनों और वाहनों की ₹पूजा₹ की रस्म भी निभाते हैं।

ऐसा माना जाता है कि यह अनुष्ठान मशीनों को शुद्ध और पवित्र करता है, जिससे उनका सुचारू संचालन और सुरक्षा सुनिश्चित होती है। भक्त भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद पाने के लिए प्रार्थना भी करते हैं और आरती भी करते हैं, जो दीप जलाने की रस्म है।

विश्वकर्मा जयंती के अनुष्ठान का समापन सभी भक्तों को प्रसाद, पवित्र प्रसाद वितरित करने के साथ होता है। इसके बाद एक भव्य भोज का आयोजन किया जाता है, जिसमें भक्त अपने परिवार और दोस्तों के साथ भोजन और खुशियाँ बाँटते हैं।

विश्वकर्मा जयंती 2025 फरवरी: माघ महीने के शुक्ल पक्ष में मनाई जाने वाली विश्वकर्मा जयंती का पवित्र अवसर हिंदू धर्म में बहुत महत्व रखता है।

यह दिन ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार और निर्माता भगवान विश्वकर्मा का सम्मान करता है। विभिन्न हिंदू किंवदंतियों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए स्वर्गीय निवास, हथियार और रथों का निर्माण किया। इस दिन, भक्त रचनात्मकता, नवाचार और समृद्धि के लिए उनका आशीर्वाद लेने के लिए भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं। कारीगर, शिल्पकार और इंजीनियर भी अपने संरक्षक देवता को श्रद्धांजलि देते हैं, अपने काम में प्रेरणा और मार्गदर्शन मांगते हैं। विश्वकर्मा जयंती 10 फरवरी 2025 को पड़ती है।

विश्वकर्मा जयंती 2025 फरवरी: तिथि और समय

श्रीकृष्ण ने पांडवों को पहले ही बता दी थीं कलियुग के 5 कड़वे सत्य

कलियुग के कड़वे सच

हिंदू धर्म में चार युगों का जिक्र किया गया है, जिसमें त्रेतायुग, सतयुग, द्वापरयुग और कलियुग हैं। इनमें से तीन युग समाप्त हो चुके हैं और अंतिम युग कलियुग चल रहा है। कलियुग को लेकर कई ग्रंथों में जानकारियां दी गई हैं। जिनके अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने पांडवों को कलियुग में होने वाली घटनाओं के बारे में पहले ही बता दिया था।

मनुष्य की स्मरण शक्ति होगी कम

कलियुग को लेकर भगवान श्रीकृष्ण ने पांडवों से कहा था कि इस युग में मनुष्य की स्मरण शक्ति धीरेधीरे कम होने लगेगी। साथ ही धर्म, सत्य और सहनशीलता भी कम हो जाएगी। यह बात आज वाकई सच साबित हो रही है।

धन से होगी व्यक्ति की पहचान

धर्म शास्त्रों में कहा गया है कि अच्छे व्यक्ति की पहचान उसके व्यवहार व गुणों से होती है। लेकिन कलियुग में ऐसा नहीं होगा। श्रीकृष्ण ने कहा है कि कलियुग में व्यक्ति की पहचान उसके धन व ऐश्वर्य से होगी। यानि जो व्यक्ति जितना अमीर होगा वह उतना ही गुणवान माना जाएगा।

कलियुग में होंगे बड़े-बड़े पंडित

भगवान श्रीकृष्ण ने पहले ही बता दिया था कि कलियुग में ऐसे लोग रहेंगे जो कि बड़े—बड़े पंडित और विद्वान कहलाएंगे। लेकिन इन लोगों की नजर केवल इस बात पर होगी कि कौन मरने वाला है और किसकी संपत्ति को कैसे हासिल करना है।

दुख में कोई नहीं देगा साथ

कलियुग में लोग शादीविवाह, मकान, उत्सवों आदि में लाखों रुपये खर्च कर देंगे। लेकिन किसी भूखे को भोजन नहीं कराएंगे। कलियुग में कोई किसी के दुख में साथ नहीं देगा, बल्कि अपनी ही मौजमस्ती में व्यस्त रहेंगे।

कलियुग में बढ़ेगा शोषण

भगवान श्रीकृष्ण की यह बात आज सत्य साबित हो रही है और हर जगर शोषण से जुड़ी खबरें सामने आ रही हैं। श्रीकृष्ण ने पांडवों से कहा था कि कलियुग में ऐसे लोगों का राज होगा जो दूसरों का शोषण करेंगे। जो लोग मन में कुछ और कर्म में कुछ होंगे, ऐसे ही लोगों का कलियुग में बोलबाला होगा।

धन प्राप्ति के लिए ऐसे जलाएं दीपक, पैसों की समस्या होगी दूर!

हिंदू धर्म में दीपक का एक विशेष स्थान है। इसे न केवल प्रकाश का स्रोत माना जाता है, बल्कि यह ईश्वर की उपस्थिति का भी प्रतीक है। ज्योतिष शास्त्र में भी देवी-देवताओं की पूजा में दीपक जलाना अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि दीपक की रोशनी नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है, जिससे घर में सुख-शांति का वास होता है और सभी कष्टों का निवारण होता है। इसलिए, धार्मिक अनुष्ठानों और शुभ कार्यों में दीपक जलाना अनिवार्य माना गया है।

शनि दोष और राहु-केतु से मुक्ति

यदि आपकी कुंडली में राहु-केतु या शनि दोष है, तो सुबह और शाम अलसी के तेल का दीपक जलाना शुभ होता है। विशेष रूप से, शनिवार को शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाने से शनि दोष और शनि के प्रकोप से मुक्ति मिलती है। यह उपाय राहु-केतु के नकारात्मक प्रभाव को भी कम करने में सहायक होता है।

डर और शत्रुओं से रक्षा

यदि आप बार-बार अनजान डर से परेशान रहते हैं या आपके शत्रु आपको सता रहे हैं, तो सोमवार और शनिवार को भैरव मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं। ऐसा करने से भय और शत्रुओं की परेशानी समाप्त होती है, और आपके आसपास एक सुरक्षा घेरा बनता है, जो आपको नकारात्मक शक्तियों से बचाता है।

मान-सम्मान में वृद्धि

समाज में प्रतिष्ठा और मान-सम्मान पाने के लिए रोज सुबह सूर्य देव को जल चढ़ाएं और देसी घी का दीपक जलाकर आरती करें। यह उपाय आपके कार्यों में प्रगति लाता है और आपके सम्मान को बढ़ाता है। यह आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है, जिससे आप जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं।

सुख-समृद्धि के लिए उपाय

हर दिन बाल गोपाल के सामने और गुरुवार को भगवान विष्णु के समक्ष देसी घी का दीपक जलाएं। इसके साथ ही ॐ नमो भगवते वासुदेवाय नमः मंत्र का 108 बार जप करें। यह उपाय घर में सुख-शांति और समृद्धि लाता है। भगवान विष्णु की कृपा से आपके जीवन में खुशहाली आती है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

धन संबंधी समस्याओं का निवारण

मां लक्ष्मी के सामने सात बत्तियों वाला दीपक जलाने से धन की समस्या दूर होती है और रुका हुआ धन प्राप्त होता है। लक्ष्मी जी की कृपा से आपके जीवन में धन का आगमन होता है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। साथ ही बुद्धि की वृद्धि के लिए मां सरस्वती के सामने दो बत्तियों वाला दीपक जलाएं। मां सरस्वती ज्ञान और विद्या की देवी हैं, उनकी कृपा से बुद्धि का विकास होता है और शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलती है।

वैलेंटाइन डे पर गर्लफ्रेंड को भूलकर भी गिफ्ट न करें ये 5 चीजें

डूबते जहाज की फोटो

वास्तु शास्त्र के अनुसार अपने पार्टनर को कभी भी डूबते हुए जहाज की फोटो गिफ्ट में नहीं देनी चाहिए। इस तरह की फोटो को वास्तु में अशुभ माना गया है और इसकी वजह से रिश्ते में खटास आ सकती है। साथ ही इससे आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है।

काले कपड़े

गर्लफ्रेंड या पत्नी के लिए वैलेंटाइन डे के लिए ड्रेस खरीद रहे हैं तो ध्यान रखें काले रंग के कपड़े भूलकर भी गिफ्ट न करें। वास्तु के अनुसार, कभी भी उपहार में काले वस्त्र नहीं देने चाहिए। यदि कोई अनजाने में आपको इस रंग के कपड़े उपहार में देता है तो यह दुःख, कष्ट और पीड़ा का कारण बन सकता है।

जूते

वैलेंटाइन डे पर अपने पार्टनर के लिए गिफ्ट लेने जा रहे हैं तो जूते का विकल्प दिमाग से बिल्कुल निकाल दें। वास्तु के अनुसार पार्टनर को कभी भी जूते गिफ्ट नहीं करने चाहिए। आपको जानकर हैरानी हो सकती है कि जूते उपहार में देना जुदाई का प्रतीक माना जाता है।

रुमाल

वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि किसी व्यक्ति को उपहार में रुमाल नहीं देना चाहिए। खासतौर से कपल एकदूसरे को रुमाल गिफ्ट ने करें। इसकी वजह से आपको दुखों का सामना करना पड़ सकता है और पतिपत्नी के बीच झगड़ा होने की संभावना बनी रहती है।

घड़ी

वैलेंटाइन डे के मौके पर अपनी गर्लफ्रेंड या पत्नी के लिए गिफ्ट में घड़ी भूलकर भी न खरीदें। ऐसा करने से जीवन में तरक्की के रास्तों में रुकावट आती है और रिश्ते में दरार आने लगती है।

दूसरों पर आंख बंद करके भरोसा कर लेते हैं इस मूलांक के लोग

अंक ज्योतिष के अनुसार मूलांक के आधार पर किसी के व्यक्तित्व व स्वभाव के बारे में जाना जा सकता है। हर मूलांक की अपनी कुछ खूबियां व कमियां होती हैं।

अंक ज्योतिष शास्त्र में हर एक मूलांक का खास महत्व बताया गया है। प्रत्येक मूलांक अपने आप में खास होता है। मूलांक के आधार पर किसी व्यक्ति के स्वभाव, व्यक्तित्व व भविष्य के बारे में जानने का मौका मिलता है।

बता दें कि मूलांक 1 से 9 तक होते हैं। ये मूलांक व्यक्ति की जन्मतिथि के आधार पर तय होते हैं। जिनका जन्म किसी भी माह के 1 तारीख को हुआ हो उनका मूलांक 1 ही होगा। वैसे ही 2 तारीख वालों का 2 मूलांक होता है। लेकिन 9 तारीख के बाद आने वाली तिथि को आपस में जोड़कर मूलांक निकाला जाता है। जैसे 10 का मूलांक 1 0 1। वैसे ही 22 का मूलांक 2 2 4 होगा।

अंक ज्योतिष के अनुसार कुछ मूलांक वाले लोगों पर आंख बंद करके भरोसा कर लेते हैं और दिल के बहुत साफ होते हैं। इस मूलांक के लोग स्वभाव के बहुत नरम होते हैं और दूसरों पर भरोसा करते समय ज्यादा नहीं होते।

मूलांक 7 वाले जातक

यहां हम बात कर रहे हैं मूलांक 7 वाले जातकों के बारे में। अंक ज्योतिष के अनुसार मूलांक 7 वाले जातक दिल के बहुत साफ और सच्चे होते हैं। अपने साफ दिल की वजह से दूसरों का भी दिल जीत लेते हैं।

मूलांक 7 वाले लोग घूमने फिरने के शौकीन होते हैं और घूमने में खर्च करने में बिल्कुल भी नहीं कतराते। इन लोगों को नई नई जगह घूमना बहुत पसंद होता है।

अंक ज्योतिष के अनुसार मूलांक 7 वाले लोग धार्मिक स्वभाव के होते हैं और इनका आध्यात्म की ओर होता है।

मूलांक 7 वाले किस्मत के धनी और भाग्यशाली होते हैं। सबसे खास बात है कि यह केवल अपने लिए ही नहीं, बल्कि अपने परिवार के भी भाग्यशाली होते हैं।

मूलांक 7 वाले लोगों पर केतु का विशेष प्रभाव होता है और इसलिए इनकी इंटेशन काफी हद तक सही साबित होती है। इनके मन में क्या चल रहा है यह समझ पाना मुश्किल है। लेकिन ये लोग किसी काम में फेल नहीं होते।

देवी के वरदान से बनी नमक की झील महिषासुरमर्दिनी के रूप में होती है पूजा

मां दुर्गा की उपासना के पर्व नवरात्र में हर तरफ श्रद्धा और भक्ति की बयार बह रही है। मंदिरों के साथ ही घरों में भी घट स्थापना कर देवी की उपासना की जा रही है। मान्यता है कि नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा और उपासना से देवी प्रसन्न होती है। नागौर जिले में बालिया नामक एक गांव है जहां कई किलोमीटर के इलाके में फैली नमक की झील के किनारे पाढ़ाय माता का ऐतिहासिक मंदिर है।

महिषासुरमर्दिनी रूप में होती है पूजा

ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर के गर्भगृह में विराजमान देवी की प्रतिमा पास ही लगे केर के झाड़ से प्रकट हुई थी और उन्हीं के वरदान से खारे पानी की झील बनी, जिसमें नमक बनता है। इस मंदिर में देवी के महिषासुरमर्दिनी स्वरूप में पूजा होती है। ऐसा कहा जाता है कि नवरात्र में यहां आने वाले भक्तों की मनोकामना देवी जरूर पूरी करती है। यहां देवी के प्रकट होने और नमक की झील बनने की कहानी भी किसी चमत्कार से कम नहीं है।

मंदिर के पुजारी मोहन शर्मा बताते हैं कि बरसों पहले यह जगह बिल्कुल सूनसान थी। जहां शहर में रहने वाले लोग यहां गाय चराने के लिए आते थे। उस समय डीडवाना शहर में नगरसेठ भैरव लाल सारड़ा रहते थे। उनकी गायें भी इस जगह चरने आती थी। उन गायों में से एक गाय का दूध निकला हुआ देखकर सेठ ने चरवाहे को उलाहना दिया और कहा कि एक गाय का दूध निकालकर वह बेच देता है। चरवाहे ने इससे इनकार किया और उस गाय का खास ध्यान रखने लगा। तब एक केर के झाड़ में से एक छोटी बच्ची निकली और गाय का दूध पीकर वापस चली गई। इस घटना के बारे में चरवाहे ने सेठ को बताया तो उसे विश्वास नहीं हुआ और वह अपना घोड़ा लेकर खुद अगले दिन गायों के पीछे आ गया। तब वैसा ही हुआ जैसा चरवाहे ने बताया था।

केर के झाड़ में से निकली एक बच्ची गाय का दूध पीकर जाने लगी तो सेठ ने पीछे से रुकने को कहा और पूछा कि वह कौन है। इस पर बच्ची ने सेठ को वास्तविक स्वरूप में दर्शन दिए और कहा कि वह इसी केर के झाड़ में से प्रकट होंगी। फिर देवी ने सेठ को आदेश दिया कि वह अपना घोड़ा लेकर जितनी दूर तक दौड़ सकता है दौड़े। जहां तक उसका घोड़ा दौड़ेगा। उस जगह पर चांदी की खान हो जाएगी। लेकिन शर्त यह है कि उसे पीछे मुड़कर नहीं देखना है। इतना कहकर देवी अंतर्ध्यान हो गई। सेठ अपनी गाय और घोड़ा लेकर दौड़ने लगा।

केर के झाड़ से प्रकट हुई देवी

अचानक केर का झाड़ चार हिस्सों में फटा और तेज गर्जना हुई, जिसे सुनकर सेठ का घोड़ा रुक गया। उसने पीछे मुड़कर देखा तो काफी बड़े इलाके में चांदी की खान बन गई थी। सेठ वापस उस स्थान पर पहुंचा। जहां देवी ने उसे दर्शन दिए थे और प्रार्थना किया कि इस चांदी के लिए लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो जाएंगे और मारकाट करेंगे। इसलिए उसने इस जमीन को वापस पहले जैसी करने की गुहार लगाई। तब देवी ने वरदान दिया कि यहां चांदी की खान की बजाए खारे पानी की झील होगी। जहां नमक बनेगा, लोग मेहनत करके नमक बनाएंगे। इसलिए इस इलाके में आज भी नमक को कच्ची चांदी कहा जाता है।

मंदिर का इतिहास

इस मंदिर में मिले शिलालेखों के अनुसार, विक्रम संवत 902 में मंदिर के गर्भगृह और उसके ऊपर शिखर का निर्माण कर केर के झाड़ से निकली देवी की प्रतिमा को यहां विराजमान किया गया था। बताया जाता है कि इस मंदिर के गर्भगृह और शिखर का निर्माण भी नगरसेठ भैरव लाल सारड़ा ने ही करवाया था। मंदिर के पुजारी सीपी शर्मा का कहना है कि पाढ़ाय माता का मंदिर, गर्भगृह और शिखर स्थापत्य कला के साथ ही वास्तुकला का भी बेजोड़ नमूना है। गर्भगृह के मुख्यद्वार के ऊपर भगवान विष्णु की शयन आसान में बनी प्रतिमा स्थापित की गई है। परिक्रमा पथ में शिखर पर सबसे पहले नृत्य करते हुए भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा लगी है। आगे बढ़ने पर नटराज स्वरूप में भगवान शिव की दुर्लभ प्रतिमा विराजमान है। इसके बाद देवी की महिषासुरमर्दिनी स्वरूप में आकर्षक और दुर्लभ प्रतिमा है।

उनका कहना है कि इस मंदिर के गर्भगृह और शिखर के निर्माण में वास्तुकला का पूरा ध्यान रखा गया है। यही कारण है कि यहां आने वाले भक्तों को अपार शांति का अनुभव होता है और उनकी सारी तकलीफ मिट जाती है। इसके साथ ही मंदिर के शिखर पर आकर्षक बनावट के साथ ही रामायण के प्रसंग भी दर्शाए गए हैं। पुजारी सीपी शर्मा का कहना है कि इस मंदिर में देशभर के हजारों श्रद्धालु हर साल दर्शन के लिए आते हैं। चैत्र और शारदीय नवरात्र में खासी भीड़ उमड़ती है। इसके साथ ही चैत्र शुक्ल चतुर्दशी को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है और मेला भरता है। कई लोग मंदिर की स्थापत्य और वास्तुकला देखने भी दूर-दूर से आते हैं।

'मैं कल शामिल नहीं हो पाई', पुष्पा 2 की सफलता पर रश्मिका ने फैंस को कहा शुक्रिया

फिल्म 'पुष्पा 2' ने बॉक्स ऑफिस पर जबर प्रदर्शन किया। बीते वर्ष रिलीज हुई फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़े। दर्शकों से मिले इस प्यार के प्रति आभार जताने को कल शनिवार को मेकर्स ने हैदराबाद में 'थैंक्यू मीट' रखी। लीड एक्टर अल्लू अर्जुन ने फैंस का आभार जताया। हालांकि, रश्मिका मंदाना इस आयोजन में उपस्थित नहीं हो पाईं। लेकिन, सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने शुक्रिया अदा किया है।

अल्लू अर्जुन और सुकुमार का जताया आभार

रश्मिका ने आज इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'मैं कल 'थैंक्यू मीट' का हिस्सा नहीं बन सकी। लेकिन, कल की इस मुलाकात के लिए तहे दिल से शुक्रिया। मैं कुछ शब्द जरूर कहना चाहती हूं। सुकुमार सर, अल्लू अर्जुन सर और मैत्री मूवीज को बहुत बहुत शुक्रिया। दर्शकों के हिस्से के रूप में मैं इस फिल्म को बनाने में की गई आपकी कड़ी मेहनत के लिए शुक्रगुजार हूं। हमें एक खूबसूरत फिल्म देने के लिए बहुत धन्यवाद कहना चाहती हूं'।

कहा- हमेशा शुक्रगुजार रहूंगी

उन्होंने आगे लिखा है, 'श्रीवल्ली के रूप में मैं कहूंगी, 'मेरे दिल में हमेशा आपकी एक खास जगह रहेगी। हमने अपना सबकुछ दिया, फिल्म को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। हमारा सपोर्ट करने के लिए हमारे पास एक शानदार टीम रही- डायरेक्शन टीम, प्रोडक्शन टीम कैमरा डिपार्टमेंट, लाइट लेपपार्टमेंट, मेकअप-हेयर-कॉस्ट्यूम-सेल बैकग्राउंड आर्टिस्ट और डांसर सभी को का शुक्रिया इस यात्रा में साथ रहने के लिए। इस फिल्म में काम करना इतना खूबसूरत बनाने के लिए मैं सभी की शुक्रगुजार रहूंगी।

'छावा' में आएंगी नजर

रश्मिका मंदाना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे जल्द ही फिल्म 'छावा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में वे विक्की कौशल के साथ लीड रोल में दिखाई देंगी। यह मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है। इसमें विक्की लीड रोल कर रहे हैं। वहीं रश्मिका येसुबाई के रोल में दिखाई देंगी। फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

जेल से बाहर आते ही साउथ एक्टर दर्शन ने पहला वीडियो किया शेयर, कहा- 'माफ कीजिए'

कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन थुगुदीपा को रेणुका स्वामी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और 13 दिसंबर, 2024 को उन्हें मेडिकल आधार पर जमानत दे दी गई थी। अब, एक्टर ने जमानत पर बाहर आने के बाद पहली बार ऑनलाइन एक वीडियो मैसेज शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने हेल्थ से जुड़े मुद्दों पर बात की और अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी है। दर्शन थुगुदीपा ने खुद अपने सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो में अपने प्रशंसकों को सेलिब्रिटी बताया और कहा, 'मैं आप सभी से मिलना चाहता था और व्यक्तिगत रूप से आपका धन्यवाद करना चाहता था, लेकिन दर्द और तबीयत खराब होने के कारण, मैं अभी लंबे समय तक खड़ा नहीं रह सकता।'

जेल से बाहर आते ही एक्टर ने मांगी माफी

दर्शन थुगुदीपा ने कहा, 'कठिन समय में भी, आपका प्यार मुझे आगे बढ़ाता है।

हालांकि, मैं इस साल आप सभी से नहीं मिल सकता, लेकिन मैं हमेशा आप लोगों का आभारी रहूंगा। मैं और मजबूत होकर वापस आऊंगा और जल्द ही आप सभी को अच्छे से धन्यवाद करने वाला हूं।'

इस बारे में बात करते हुए एक्टर ने खुलासा किया कि वह समय पर अपनी कमिटमेंट को पूरा करने के लिए अपनी सर्जरी को पोस्टपोन कर रहे हैं। इसके अलावा, दर्शन ने यह भी बताया कि वह इंजेक्शन के जरिए अपने दर्द को कम करने की कोशिश करते हैं, लेकिन वह अब और यह सब नहीं सह सकते। इसके अलावा, दर्शन थुगुदीपा ने अपने वीडियो में फैंस से माफी भी मांगी।

एक्टर ने कहा, 'मेरे चाहने वालों से माफी मांगता हूं कि मैं इस बार अपना जन्मदिन नहीं सेलिब्रेट कर सकता हूं।'

हत्या केस में फंसने के बाद छोड़ी एक्टिंग?

दर्शन ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में भी अपडेट दिया और बताया कि उन्होंने एक मेकर्स से जो एडवांस में पेमेंट ली थी वह वापस कर दी है।

हालांकि, एक्टर ने अपने प्रशंसकों को यह भी बाता दिया कि वह कन्नड़ सिनेमा से दूर नहीं जा रहे हैं और निर्देशक प्रेम के साथ काम करने वाले हैं। दर्शन ने एक्टर धनवीर, रचिता राम और रक्षिता के लिए भी आभार व्यक्त किया। अंत में, दर्शन ने अपने प्रशंसकों से उनके काम करने की अफवाहों पर ध्यान न देने के लिए भी कहा और कहा, 'मैं हमेशा कन्नड़ सिनेमा के लिए काम करने वाला हूं और अपनी आखिरी सांस तक यहीं रहूंगा।'

कैंसर से जीती जंग, पेरेंट्स ने बात करने से कर दिया इनकार; ताहिरा कश्यप ने सुनाया भावुक किस्सा

फिल्ममेकर और अभिनेता आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप ने साल 2018 में ब्रेस्ट कैंसर से जंग जीती। उन्हें जीरो स्टेज का ब्रेस्ट कैंसर का सामना करना पड़ा। इलाज के दौरान ताहिरा ने अपने बाल भी खो दिए थे। उन्होंने ऐसी ही स्थिति में अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और उन्हें झिझक भी महसूस नहीं हुई। हालांकि, ऐसी तस्वीर देख उनके माता-पिता नाराज हो गए थे।

कैंसर के इलाज के दौरान साझा की तस्वीर

फिल्मफेयर को दिए इंटरव्यू में ताहिरा ने बताया कि जब कैंसर ठीक होने के बाद मैंने अपनी तस्वीर शेयर की तो मेरे माता-पिता मुझसे बहुत नाराज हुए। एक महिला की ऐसी तस्वीर देखना लोगों को पसंद नहीं आता इसलिए उन्होंने मुझसे बात करने से मना कर दिया था और मुझे इसे हटाने के लिए भी कह रहे थे।

माता-पिता हो गए नाराज

ताहिरा ने कहा कि उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा, मैं ऐसा कुछ नहीं करने वाली हूं। मैं अभी इस बात का जश्न मना रही हूं, जिसे आपको भी समझना पड़ेगा। इस पर मेरे माता पिता ने कहा कि तुम पागल हो गई हो, अपनी बीमारी का जश्न कौन मनाता है।

वीडियो कॉल पर कही ऐसी बात

ताहिरा ने कहा कि उन्होंने अपने माता-पिता से वीडियो कॉल पर बात की। ताहिरा ने कहा कि मुझे नहीं पता था कि मैं अपने माता-पिता से कैसे बात करूं इसलिए मैंने अपनी मां को वीडियो कॉल किया और खुद को उनके सामने दिखाया। मैं ने कहा, 'मुझे देखो, मैं अभी ऐसी दिख रही हूं और मुझे यह पसंद आ रहा है।' मैंने गॉगल्स भी पहने हुए थे और वह हँसी और मुस्कुराई और फिर मैंने उनसे कहा, 'जीवन ऐसा ही है और मैं खुश हूं और आपको मेरे लिए खुश रहने की जरूरत है।

बेटे ने दी ऐसी प्रतिक्रिया

ताहिरा ने कहा कि जब मेरे बेटे ने मेरी ऐसा हुलिया देखा तो उसे लगा कि मैंने तो आदमियों को ऐसे देखा है, मेरी मां के साथ ऐसा कैसे हो गया। इस पर उसने मुझे अपने दोस्तों से मिलने से मना कर दिया, हालांकि मैंने उनसे मुलाकात की और 15-20 मिनट बाद उन्हें लगा कि ये भी नॉर्मल है।

म्यूजिक कंपोजर प्रीतम के ऑफिस से हुई 40 लाख की चोरी, स्टाफ बॉय हुआ फरार, एफआईआर दर्ज

म्यूजिक कंपोजर प्रीतम चक्रवर्ती को लेकर हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है, जिसकी वजह से वह जबरदस्त चर्चा में बने हुए हैं। प्रीतम के ऑफिस से 40 लाख की चोरी हो गई है और इस बारे में जानकारी मिलते ही म्यूजिक कंपोजर के मैनेजर ने यह मामला पुलिस में दर्ज करवाया और पुलिस अपनी स्पेशल टीम के साथ आरोपी की तलाश में जुट गई है। मशहूर संगीतकार प्रीतम चक्रवर्ती के मैनेजर ने एक ऑफिस बॉय पर 40 लाख रुपए लेकर भागने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। घटना 4 फरवरी को हुई थी। यहां जानें कैसे, कब और कहां से चोरी कर फरार हुआ ऑफिस बॉय।

प्रीतम चक्रवर्ती के घर से हुई 40 लाख की चोरी

प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक, दफ्तर से 40 लाख गायब होने के बाद प्रीतम के मैनेजर ने उस स्टाफ बॉय से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। बाद में जब उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया तो मैनेजर को शक हुआ कि कुछ गड़बड़ है और उसने प्रीतम चक्रवर्ती को इसकी जानकारी दी। दरअसल, पूरा मामला कुछ इस प्रकार है कि म्यूजिक कंपोजर प्रीतम चक्रवर्ती के मैनेजर ने मुंबई के मलाड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके दफ्तर में काम करने वाले आशीष स्याल नाम के स्टाफ बॉय ने दफ्तर से 40 लाख रुपए चुराए है।

कब और कहां से हुई चोरी

पुलिस की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना 4 फरवरी को दोपहर 2:00 बजे की है जब प्रोडक्शन हाउस में काम करने वाला व्यक्ति 40 लाख रुपए लेकर प्रीतम चक्रवर्ती के दफ्तर पहुंचा और उनके मैनेजर विनीत छेड़ा को दिया था। उन्होंने वह पैसा एक ट्रॉली बैग में रख दिया और प्रीतम के घर चले गए क्योंकि उन्हें कुछ डॉक्यूमेंट पर प्रीतम के सिग्नेचर लेने थे।

फिल्मी स्टाइल में चोरी कर हुआ फरार

जब वह वापस लौटे तो उन्होंने देखा की ट्रॉली बैग में पैसे नहीं है स्टाफ से पूछने पर पता चला कि प्रीतम के घर जाने के बहाने आशीष स्याल पैसे लेकर पहले ही निकल चुके हैं। मैनेजर ने आशीष से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उसने अपना फोन बंद कर लिया जब मैनेजर को एहसास हुआ कि कुछ गड़बड़ है तो प्रीतम चक्रवर्ती से बात करने के बाद उन्होंने मुंबई के मलाड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई जहां मामला दर्ज करते हुए फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

सूरज बड़जात्या की डेब्यू सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' पर सलमान खान का रिएक्शन, बोले- 'यह कुछ खास है'

राजश्री प्रोडक्शंस ने दर्शकों को परिवार के साथ फिल्में देखना सिखाया। बिल्कुल, सहज और सरल होकर। उनकी फिल्मों में भी ये मूल्य और संस्कार दिखे। 'मैंने प्यार किया', 'हम आपके हैं कौन..!', 'हम साथ साथ हैं', और 'विवाह' जैसी फिल्में देने वाला यह प्रोडक्शन हाउस ओटीटी पर आया है। और...परिवार व

संस्कारों वाली अपनी खासियत को सहेजते हुए ओटीटी की दुनिया में कदम रखा है। सीरीज का नाम है 'बड़ा नाम करेंगे'। इस पर सलमान खान ने रिएक्शन दिया है।

सूरज बड़जात्या ने दिया सलमान को प्रेम नाम

सलमान खान को इंडस्ट्री में प्रेम नाम से जाना जाता है। यह नाम उन्हें सूरज बड़जात्या ने दिया। उन्होंने अपनी फिल्मों में सलमान खान को इसी नाम से पेश किया। सलमान खान ने सूरज बड़जात्या के साथ 'मैंने प्यार किया' से लेकर 'हम आपके हैं कौन..!', 'हम साथ साथ हैं' और 'प्रेम रतन धन पायो' जैसी फिल्मों में काम किया है। सूरज बड़जात्या की पहली ओटीटी सीरीज जब आई है तो सलमान खान ने इसे बेहद खास बताया है।

बोले- यह सीरीज कुछ खास है

एक्टर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'बड़ा नाम करेंगे' का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, 'सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे! सूरज, देवांश और पूरी टीम को बहुत शुभकामनाएं। यह सीरीज कुछ खास होने वाली है'। बता दें कि 'बड़ा नाम करेंगे' को ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

गुल्लक फेम पलाश ने किया है निर्देशन

सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' का निर्देशन 'गुल्लक' फेम पलाश वासवानी ने किया है। इसमें रितिक घनशानी , आयशा कडुस्कर , कंवलजीत सिंह , अलका अमीन , राजेश जैस , दीपिका अमीन , जमील खान और राजेश तैलंग जैसे सितारे अहम रोल में हैं। सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस साल वे फिल्म 'सिकंदर' में नजर आएंगे। यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होगी।

फिल्म फ्लॉप लेकिन जश्न जारी, आमिर खान ने घर पर बुलाए मेहमान, जुनैद खान का पिता के साथ दिखा खास अंदाज

आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर ने हाल ही में अद्वैत चंदन की फिल्म लवयापा ऑनस्क्रीन रोमांस किया है। दोनों की फिल्म लवयापा बीते शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही है। इसके बाद भी फिल्म का जश्न जारी है। शनिवार को लवयापा फिल्म की पूरी टीम के लिए एक विशेष दिन था। फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद कलाकारों और क्रू ने आमिर खान के आवास पर एक मिलन समारोह का आनंद लिया। मिलन समारोह के दृश्य अब सोशल मीडिया पर सामने आ गए हैं।

एक वीडियो में जुनैद खान को अपने पिता के कंधे पर हाथ रखकर लवयापा की टीम के साथ बातचीत करते हुए दिखाया गया है। बैकग्राउंड में बोनी कपूर नजर आ रहे हैं। आमिर खान ने डेनिम जींस के साथ सफेद आधी बाजू की शर्ट पहनी थी। जबकि जुनैद ऑलिव ग्रीन शर्ट और जींस में हैंडसम लग रहे थे।

पिता-पुत्र की जोड़ी निर्देशक अद्वैत चंदन अभिनेता कुंज आनंद, जेसन थाम और अन्य एक-दूसरे से बातचीत करते हुए मुस्कुरा रहे थे। एक अन्य वीडियो में आमिर खान को फुटबॉल खेलते हुए दिखाया गया है।

आयरा खान ने शेयर की पार्टी की तस्वीरें

इस बीच जुनैद की बहन आयरा खान ने भी जुनैद और खुशी कपूर स्टारर लवयापा की स्क्रीनिंग से कुछ तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने अपने भाई की प्रशंसा करते हुए फिल्म की तारीफ की है। आयरा खान ने जुनैद और आमिर के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'बड़े पर्दे पर जुन्नू। यदि आप जुनैद को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं, तो आपको एहसास होगा कि वह इस भूमिका को कितना अच्छा अभिनेता निभा रहा है। पूरी कास्ट ने बहुत अच्छा काम किया है। वास्तव में छोटी भूमिकाओं से लेकर बड़ी भूमिकाओं तक जुनैद और खुशी कपूर स्क्रीन पर बहुत अच्छे रोने वाले हैं।'

ये है लवयापा फिल्म की कहानी

अद्वैत चंदन द्वारा निर्देशित लवयापा 7 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह फिल्म 2022 की तमिल हिट लव टुडे की रीमेक है। फिल्म में जुनैद खान और खुशी कपूर के अलावा कीकू शारदा, ग्रुशा कपूर, आशुतोष राणा, तनविका पार्लिकर, देविशी मंडन, आदित्य कुलश्रेष्ठ, निखिल मेहता, जेसन थाम भी शामिल हैं। फिल्म आधुनिक रिश्तों की विचित्रताओं का पता लगाती है, जब जोड़े फोन का आदान-प्रदान करते हैं, तो कहानी में नाटकीय मोड़ आता है जिससे छिपे हुए रहस्य और चुनौतियां उजागर होती हैं।

अमृता सिंह को 12 साल छोटे सैफ अली खान से हो गया था प्यार, अपनी शर्तों पर जी जिंदगी

अमृता सिंह आज अपना 67वां जन्मदिन मना रही हैं। बॉलीवुड में कभी टॉप हीरोइन्स में गिनी जाने वाली अमृता सिंह के जन्मदिन पर बॉलीवुड सितारों समेत उनके फैन्स ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें बधाई दी है। एक आर्मी अधिकारी के घर जन्मी अमृता सिंह ने अपने करियर में 60 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। अब अमृता सिंह भले ही एक्टिंग की दुनिया में कम ही नजर आती हैं। लेकिन अमृता की बेटी सारा अली खान अब एक बॉलीवुड एक्ट्रेस बन गई हैं। साथ ही अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान भी जल्द ही डेब्यू के लिए तैयार हैं। अमृता सिंह ने अपनी उम्र से 12 साल छोटे सैफ अली खान के साथ शादी की थी। हालांकि चंद साल बाद ही दोनों की जिंदगी में झगड़ों का दौर आया और दोनों ने सहमति से तलाक ले लिया।

ऐसे हुई थी सैफ से पहली मुलाकात

सैफ अली खान और अमृता सिंह की पहली मुलाकात दिललगी फिल्म के सेट पर हुई थी। यहां से दोनों की दोस्ती हुई। हालांकि सैफ अली खान से 12 साल उम्र में अमृता सिंह ने दोस्ती तो कर ली लेकिन घास नहीं डाली। कुछ दिनों की दोस्ती के बाद सैफ अली खान ने अमृता सिंह को डेट के लिए पूछा तो उन्होंने बाहर जाने से मना कर दिया। सैफ अली खान ने खुद एक चैटशो में इसकी जानकारी दी थी। जिसमें सैफ अली खान ने बताया था, 'मैं अमृता के घर पर ही पहली डेट के लिए गया था। यहां मैंने जब उसे मेकअप उतारते देखा तो मैं काफी प्रभावित हो गया।' यहीं से दोनों की डेट शुरू हुई और दोनों के बीच प्यार हो गया। करीब 3 महीने की डेटिंग के बाद 1991 में सैफ अली खान ने अमृता सिंह से गुपचुप तरीके से शादी कर ली।

13 साल बाद हुआ तलाक

शादी के बाद दोनों की जिंदगी खुशहाल बीतने लगी। दोनों के 2 बच्चे सारा अली खान और इब्राहिम अली खान हुए। इसके बाद कुछ साल बाद दोनों के रिश्ते में खटपट होने लगी। सैफ अली खान और अमृता सिंह ने 13 साल बाद तलाक ले लिया। तलाक के कुछ समय बाद सैफ अली खान को करीना कपूर से प्यार हो गया। दोनों ने 2012 में शादी रचा ली। दूसरी शादी के बाद सैफ अली खान के 2 बच्चे भी हैं।

अमृता सिंह के बारे में कुछ अंजान फैक्ट्स

1-अमृता सिंह का जन्म एक सिख परिवार में हुआ था। वह रुखसाना सुल्ताना की बेटी हैं, जो राजनीतिक कार्यकर्ता और सेना अधिकारी शिविंदर सिंह विर्क थे। अमृता सिंह प्रसिद्ध उपन्यासकार स्वर्गीय खुशवंत सिंह की भतीजी हैं। इसके अलावा वह फिल्म बिरादरी की कई हस्तियों से संबंधित हैं। बॉलीवुड में आने से पहले वह एक बेले डांसर थीं।

अमृता सिंह ने 1983 में बेताब से बॉलीवुड में डेब्यू किया। सनी देओल अभिनीत यह फिल्म जबरदस्त हिट साबित हुई। बेताब के बाद एक्ट्रेस के लिए कोई रोक नहीं थी। सैफ अली खान और अमृता सिंह की मुलाकात राहुल रावली के फिल्म सेट पर हुई थी। फिल्म में सैफ और काजोल मुख्य भूमिका में थे। युवा अभिनेता अमृता सिंह को देखते ही उन पर मोहित हो गए थे।

उस समय सैफ अली खान अपने करियर के शुरुआती दौर में थे जबकि अमृता एक स्थापित अभिनेत्री थीं। अपने रिश्ते को अगले स्तर पर ले जाने के उनके फैसले ने दुनिया को चौंका दिया। अमृता सिंह ने अपने प्यार से शादी करने के लिए इस्लाम धर्म भी अपना लिया था।

अमृता सिंह और सैफ अली खान के दो बच्चे हैं सारा अली खान और इब्राहिम अली खान। अमृता और सैफ 13 साल तक एक साथ रहे जब तक कि चीजें खराब नहीं होने लगीं। साल 2004 में वे अलग हो गए।

12वीं के बाद एडवर्टाइजमेंट फील्ड में बनाएं करियर

कहते हैं जो दिखता है वो बिकता है.... यही वजह है कि ज्यादातर कंपनियां सबसे ज्यादा पैसा अपने एडवर्टाइजमेंट में खर्च करती हैं. छोटे ब्रांड हो या बड़े ब्रांड हर कोई एडवर्टाइजमेंट के दम पर ज्यादा से ज्यादा कस्टमर तक पहुंचने की कोशिश में लगा है. आज के समय में पूरी मार्केट एडवर्टाइजमेंट पर टिकी हुई है और यही कारण है कि इस क्षेत्र में करियर बनाने का एक व्यापक और शानदार मौका आया है.

कहते हैं जो दिखता है वो बिकता है.... यही वजह है कि ज्यादातर कंपनियां सबसे ज्यादा पैसा अपने एडवर्टाइजमेंट में खर्च करती हैं. छोटे ब्रांड हो या बड़े ब्रांड हर कोई एडवर्टाइजमेंट के दम पर ज्यादा से ज्यादा कस्टमर तक पहुंचने की कोशिश में लगा है. आज के समय में पूरी मार्केट एडवर्टाइजमेंट पर टिकी हुई है और यही कारण है कि इस क्षेत्र में करियर बनाने का एक व्यापक और शानदार मौका आया है.

12वीं के बाद एडवर्टाइजमेंट में डिप्लोमा या ग्रेजुएशन कर सकते हैं. इसके अलावा मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म, डिप्लोमा इन एडवर्टाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशन जैसे कोर्स किया जा सकता है. स्पीड में बैचलर डिग्री 3 साल की होती है. गवर्नमेंट कॉलेज में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम देना होता है.

कोर्स- बैचलर इन एडवर्टाइजिंग एंड जर्नलिज्म, डिप्लोमा इन एडवर्टाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशन, डिप्लोमा इन मास कम्युनिकेशन, बीएससी इन मास कम्युनकेशन, एडवर्टाइजिंग एंड जर्नलिज्म, बैचलर इन जर्नलिज्म एंड मास कंम्युनकेशन, मास्टर इन मास कंम्युनकेशन एंड जर्नलिज्म, पीजी डिप्लोमा इन एडवर्टाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशन जैसे कोर्स कर सकते हैं.

आज के समय में इस इंडस्ट्री में बहुत सारे करियर विकल्प उपलब्ध हैं. जहां पर आप अपनी पसंद के अनुसार अलग-अलग जॉब प्रोफाइल पर कार्य कर सकते हैं. इसमें मुख्य रूप से मीडिया रिसर्चर, मीडिया प्लानर, कॉपी राइटर, क्रिएटिव डिपार्टमेंट, प्रोडक्शन मैनेजर, पब्लिक रिलेशन ऑफिसर, डाइरेक्टर ऑफ एडवर्टाइजिंग, मीडिया रिसर्चर, मीडिया प्लानर, क्रिएटिव राइटर, सक्रिप्ट राइटर, कॉपी राइटर, प्रोडक्शन मैनेजर, डायरेक्टर ऑफ एडवर्टाइजिंग, पब्लिक रिलेशन ऑफिस, रजिंगल राइटर जैसी प्रोफाइल शामिल हैं.

एडवर्टाइजिंग के फील्ड में शुरुआती तौर पर आपको 15 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह मिल जाते हैं. वहीं जैसे- जैसे आपका अनुभव बढ़ता जाता है. सैलेरी भी बढ़ती जाती है. 5 साल का अनुभव होने के बाद आप आसानी से 40 से 50 हजार रुपए या इससे ज्यादा सैलेरी ले सकते हैं.

यहां से करें कोर्स- भारत के टॉप कॉलेजों में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवर्टाइजिंग, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन, दिल्ली, माखनलाल चतुर्वेदी यूनिवर्सिटी, भोपाल, लखनऊ यूनिवर्सिटी, दिल्ली यूनिवर्सिटी, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, दिल्ली फिल्म इंस्टीट्यूट, भारती विद्या भवन, दिल्लीं, एमिटी यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, दिल्ली, जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी जैसे इंस्टिट्यूट से ये कोर्स कर सकते हैं.

करियर में आएगा उछाल, नौकरी के साथ लें ऑनलाइन एमबीए की डिग्री

ग्रेजुएशन के बाद एमबीए की डिग्री आपको करियर में आगे बढ़ने में बहुत मदद कर सकती है. हालांकि कई बार ऐसा होता है कि बहुत से कैंडिडेट्स एमबीए की डिग्री के लिए कॉलेज ज्वॉइन नहीं कर पाते. ऐसे में ऑनलाइन एमबीए की डिग्री एक ऑप्शन है जिसका फायदा उठाया जा सकता है. ये ऑप्शन जॉब करने वालों या न करने वालों, दोनों के लिए खुला है. इससे आपको करियर में आगे बढ़ने में तो मदद मिलती ही है साथ ही और भी बहुत से फायदे होते हैं.

क्या हैं ऑनलाइन एमबीए के फायदे

ऑनलाइन एमबीए में आपको फ्लेक्सबिलिटी मिलती है. आप अपनी सुविधा के हिबास से कोर्स, वीडियो लेसन, क्विज वगैरह ज्वॉइन कर सकते हैं. क्लास का टाइम खुद तय कर सकते हैं. ताकि नौकरी या दूसरे कामों के साथ भी एमबीए हो जाए.

ये पैसा बचाने में भी मदद करता है. अगर आपको कॉस्ट कटिंग करनी है तो ऑनलाइन एमबीए एक ऑप्शन हो सकता है. ऑन-कैम्पस एक्सपेंसेस के साथ ही कम्यूटिंग तक इससे बहुत से क्षेत्रों में पैसा बचता है. नौकरी कर रहे हैं तो सैलरी भी मिलती है और पढ़ाई भी साइड में चलती रहती है. आपकी नॉलेज बढ़ती है और जिसका फायदा आपको नौकरी से लेकर प्रमोशन तक में मिलता है. फाइनेंस, एकाउंटिंग, मार्केटिंग की जानकारी बढ़ती है और बिजनेल एनालिटिक्स, इंटरनेशनल बिजनेस की जानकारी होने से और क्षेत्रों में फायदा पहुंचता है. ये आपके प्रमोशन के चांस बढ़ाता है, सैलरी बढ़िया मिलने लगती है और इससे जॉब सिक्योरिटी भी बढ़ती है. ऑनलाइन एमबीए के बाद आप आसानी से नौकरी पा भी सकते हैं और करियर स्विच भी कर सकते हैं.

इन जगहों से कर सकतें हैं कोर्स

आईआईएम कोझिकोड, एमाइटी ऑनलाइन यूनिवर्सिटी, आईआईएम इंदौर, एलियांस स्कूल ऑफ बिजनेस, एक्सएलआरआई वगैरह से बहुत से कोर्स किए जा सकते हैं. आप अपनी जरूरत के मुताबिक चुनाव कर सकते हैं.

कोर्स का चुनाव करते समय इंस्टीट्यूट या यूनिवर्सिटी का ब्रेंड, फैकल्टी की प्रोफाइल, कोर्स का क्यूरिकुलम और ड्यूरेशन, प्राइस, प्लेसमेंट या करियर सपोर्ट, पियर ग्रुप प्रोफाइल, स्पेशियलाइजेशन ऑप्शंस और टाइम कमिटमेंट कुछ एरिया हैं जिन्हें जरूर चेक कर लें.

एथिकल हैकिंग में बनाएं करियर

आजकल के समय को टेक्नोलॉजी का समय कहना गलत नहीं होगा. हर छोटा बड़ा काम तकनीकी से जुड़ा है. इस तकनीकी के जहां बहुत से फायदे हैं वहीं जब इसका इस्तेमाल गलत हाथों में होने लगता है तो ये बड़े लेवल पर नुकसान भी पहुंचा सकता है. बड़ी-बड़ी कंपनियों का डेटा सुरक्षित रखना, नेटवर्किंग को सेंध लगने से बचाना जैसे बहुत से काम होते हैं जो एथिकल हैकर करते हैं. जैसा कि नाम से ही साफ है कि ये है तो हैकिंग का काम लेकिन सही उद्देश्य से किया जाता है तो एथिकल हैकिंग बन जाता है.

अच्छी है ग्रोथ

हाल ही में हुए एक सर्वे में पता चलता है कि क्लाउड कम्प्यूटिंग की फील्ड में सर्टिफाइड एथिकल हैकर की डिमांड तेजी से बढ़ने वाली है. इससे एक बात तो पक्की है कि इस फील्ड में करियर बनाना आपके लिए कहीं से भी घाटे का सौदा नहीं साबित होगा.

कौन सा कोर्स कर सकते हैं

इस फील्ड में आने के लिए कैंडिडेट्स साइबर सिक्योरिटी, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी या कंप्यूटर साइंस जैसे विषयों में बैचलर्स प्रोग्राम कर सकते हैं. इन कोर्सेस के अंतर्गत उन्हें बहुत सी चीजें सिखायी जाती हैं जैसे अलग-अलग सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी, पेंटरेशन तकनीक, एथिकल हैकिंग वगैरह. ये वे तकनीक सीखते हैं जिसके माध्यम से अलग-अलग टूल्स और टेक्नोलॉजीस का इस्तेमाल करके कंप्यूटर सिस्टम की समस्याओं को हल किया जाता है साथ ही सॉफ्टवेयर की समस्याओं को दूर किया जाता है.

कहां मिलता है काम

कंपनियों को साइबर अटैक से बचाना और उनका डाटा सेफ रखना इनका मुख्य काम होता है. ये कंपनी के ऑनलाइन बिजनेस का पूरा ध्यान रखते हैं और बहुत सी आईटी फर्म्स इन्हें नौकर पर रखती हैं. एचसीएल, विप्रो, इंफोसिस, आईबीएम, टीसीएस, टेक महिंद्रा, रिलायंस और एयरटेल जैसी कंपनियों में काम किया जा सकता है.

कितनी होती है सैलरी

इस एरिया में एवरेज सैलरी शुरुआत में साल के तीन से साढ़े चार लाख तक है. बाद में अनुभव बढ़ने के साथ-साथ ये साल के दस से बारह लाख तक आराम से पहुंच जाती है. आप डाटा सिक्योरिटी स्पेशलिस्ट, एप्लीकेशंस सिक्योरिटी एग्जीक्यूटिव, सिक्योरिटी ऑडिटर, सिक्योरिटी सर्टिफाइड प्रोग्रामर और वेब सिक्योरिटी मैनेजर जैसे बहुत से पद पर काम कर सकते हैं.

यहां से करें कोर्स

इस फील्ड में आने के लिए बैचरल इन साइबर सिक्योरिटी, डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी नेटवर्क जैसे बहुत से कोर्स किए जा सकते हैं. इस फील्ड में 12वीं पास कैंडिडेट्स एंटर कर सकते हैं.

किस क्षेत्र में बनाएं करियर? इन टिप्स से कभी गलत नहीं होगा फैसला

अपने करियर को लेकर ज्यादातर लोग काफी कंफ्यूज रहते हैं. अच्छी पढ़ाई और समझ होने के बावजूद कई बार करियर का अहम फैसला लेने में भूल-चूक हो जाती है, जिसका खामियाजा बाद में भुगतना पड़ता है . कई सालों तक एक ही सेक्टर में नौकरी करने के बावजूद मनचाही ग्रोथ हासिल न होने पर अपनी गलती का अहसास हो जाता है.

आज-कल युवाओं के पास करियर के बहुत ऑप्शन होते हैं. इस भीड़ में शुरुआत में गलत फैसले ले लेना आम बात है . हालांकि, उन्हें समय पर सुधार लेना जरूरी है. लेकिन अगर आप करियर की शुरुआत में ही कुछ बातों का ख्याल रख लेंगे और बेस्ट सलाह को दिमाग में फिट कर लेंगे तो आप गलत फैसले से बच जाएंगे. जानिए करियर का चुनाव करते समय किन बातों का ख्याल रखना चाहिए .

* अपनी रुचियों और प्रतिभाओं की लिस्ट बनाकर शुरुआत करें. इस बात पर गौर करें कि आपको अपनी पिछली नौकरियों या कॉलेज सिलेबस के बारे में सबसे ज्यादा क्या पसंद था. यह भी सोचें कि किन उपलब्धियां से आपको सबसे ज्यादा संतुष्टि मिलती है.

* सिर्फ सैलरी पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय इस बात पर ध्यान दें कि किन जॉब सेक्टर्स को लेकर आप कैसा महसूस करते हैं और कहां आपको मेंटल पीस मिल सकता है.

*आप चाहें तो करियर एक्सपर्ट से भी सलाह ले सकते हैं. आज-कल कई टेस्ट के जरिए भी लोगों की प्रतिभा और उसके हिसाब से बेस्ट अवसर तलाशे जाते हैं .

* उन सेक्टर्स और जॉब ऑप्शन की लिस्ट बनाएं, जिनमें आपकी ज्यादा रुचि है. साथ ही अपनी सैलरी एक्सपेक्टेशन और भविष्य में उस सेक्टर में ग्रोथ को भी एनालाइज करें .

*अपनी क्वालिफिकेशन के आधार पर मौजूद करियर ऑप्शन की लिस्ट बनाएं. फिर उनमें अपने रुझान का आकलन करें. अगर आपकी लिस्ट में करियर के कई ऑप्शन बन रहे हैं तो समझ जाएं कि आप करियर को लेकर यथार्थवादी सोच रखते हैं. इससे उपयुक्त करियर चुनने में मदद मिलेगी।

क्लास में 'फेल', जीवन में 'सफल'

ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिनमें विद्यार्जन के दौर में कमजोर माने गए बच्चे या वे बच्चे, जिन्हें औपचारिक शिक्षा मिली ही नहीं, बड़े होने पर अपने कार्यक्षेत्र के दिग्गज बने। विज्ञान के क्षेत्र के शिखर पुरुष न्यूटन और आइंस्टीन कमजोर छात्रों की श्रेणी में आते थे। थॉमस अल्वा एडिसन के शिक्षक ने तो उनके लिए यहां तक कह दिया था कि यह लड़का कुछ सीख ही नहीं सकता। हवाई जहाज का आविष्कार करने वाले राइट बंधुओं ने हाईस्कूल तक की औपचारिक शिक्षा भी पूरी नहीं की थी। श्रीनिवास रामानुजम गणित के जादूगर थे लेकिन अन्य सभी विषयों में वे फेल होते थे। बिल गेट्स ने कॉलेज की शिक्षा पूरी नहीं की और धीरूभाई अम्बानी ने कोई औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की थी। ए. आर. रहमान ने स्कूली पढ़ाई अधूरी छोड़ी, वहीं लता मंगेशकर और आशा भोंसले ने औपचारिक शिक्षा पाई ही नहीं। सचिन तेंदुलकर भी तो स्कूल से आगे बढ़ ही नहीं पाए, यह बात दूसरी है कि उनके पास डॉक्टरेट की मानद उपाधि है। इन लोगों और ऐसे ही कई और लोगों के उदाहरण साबित करते हैं कि करियर बनाने, नाम कमाने, अपने हुनर से दुनिया को समृद्ध करने और अपना जीवन सार्थक करने के लिए न रट्टू तोता बनना अनिवार्य है, न अच्छा पर्सेंटेज बनाना। जरूरत है अपने हुनर, अपने कौशल को मांजने की, उसे संवारने की जरूरत है। ऐसा नहीं है कि देश में हुनर या हुनरमंद युवाओं की कमी है। कमी है तो इस हुनर को तराशने वाली शिक्षा प्रणाली की कमी है भावी पीढ़ी की ऊर्जा को सही दिशा देने की।

अच्छे कॉलेज में एडमिशन चाहिए, तो बोर्ड परीक्षा में लाने होंगे कम से कम 50 फीसद नंबर

बोर्ड परीक्षाओं का समय नजदीक आ रहा हैं। कई राज्यों की बोर्ड परीक्षाएं शुरू भी हो गई है, जबकि सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 4 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाली है। इसके बाद, देशभर के लाखों छात्र जेईई मेन, एनईईटी, सीयूईटी, और निफ्ट जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाएंगे।

ये परीक्षाएं भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने का मुख्य माध्यम हैं। क्योंकि ये प्रवेश परीक्षाएं अत्यधिक प्रतिस्पर्धी होती हैं, इसलिए छात्रों को न्यूनतम 12वीं बोर्ड परीक्षा में निश्चित अंक प्राप्त करना आवश्यक होता है। कुछ परीक्षाओं में न्यूनतम योग्यता अंक निर्धारित किए गए हैं, जबकि कुछ में केवल 12वीं पास होना ही पर्याप्त होता है।

सीयूईटी परीक्षा 2025

केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली सीयूईटी 2025 परीक्षा छात्रों को उनकी पसंद के विषय में प्रवेश का अवसर प्रदान करती है। इसके लिए सामान्य वर्ग के छात्रों को 12वीं में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करने होंगे, जबकि एससी/एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक अनिवार्य हैं।

निफ्ट प्रवेश परीक्षा

अगर बात फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र की करें, तो निफ्ट 2025 परीक्षा फैशन और टेक्नोलॉजी में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 12वीं में न्यूनतम अंकों की कोई बाध्यता नहीं है। बस उम्मीदवारों को अपनी 12वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। हालांकि, चयन केवल निफ्ट प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

जेईई मेन परीक्षा 2025

इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली जेईई मेन 2025 परीक्षा का दूसरा सत्र 1 से 8 अप्रैल 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 12वीं में न्यूनतम अंकों की कोई अनिवार्यता नहीं है, लेकिन यदि छात्र जेईई एडवांस्ड के लिए योग्य होना चाहते हैं, तो उन्हें फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित में कम से कम 75% अंक (SC/ST वर्ग के लिए 65%) प्राप्त करने होंगे।



नीट यूजी परीक्षा 2025

इसी तरह, मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए नीट यूजी 2025 परीक्षा 7 मई 2025 को आयोजित की जाएगी। इसमें बैठने के लिए छात्रों को फिजिक्स, केमिस्ट्री, जीवविज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी और अंग्रेजी विषयों के साथ 12वीं पास करना अनिवार्य है। सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए न्यूनतम 50% अंक (PCB विषयों में कुल मिलाकर) आवश्यक हैं, जबकि OBC/SC/ST/PWD वर्ग के छात्रों को कम से कम 40% अंक प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।

कुल मिलाकर, बोर्ड 12वीं परीक्षा के बाद विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए अलग-अलग पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं। इंजीनियरिंग और मेडिकल परीक्षाओं में न्यूनतम अंकों की शर्तें लागू होती हैं, जबकि कुछ परीक्षाओं में केवल 12वीं पास होना ही पर्याप्त है।

मध्य प्रदेश में शिक्षक के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आज से, 10 हजार से ज्यादा वैकेंसी

अगर आप नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो ये खबर आपके लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकती है। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने 10 हजार से अधिक पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया आज से शुरु हो रही है। जानकारी दे दें कि इस भर्ती के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 11 फरवरी है, इच्छुक कैंडिडेट्स इस तिथि तक या इससे पहले आवेदन कर सकते हैं। वहीं, आवेदन में सुधार करने के इच्छुक उम्मीदवार 16 फरवरी 2025 तक अपने फॉर्म में करेक्शन कर सकेंगे।

जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, माध्यमिक शिक्षक (विषय, खेल एवं संगीत गायन वादन) और प्राथमिक शिक्षक (खेल संगीत गायन-वादन व नृत्य) और जनजातीय विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक (विषय) और प्राथमिक शिक्षक (खेल, संगीत, गायन वादन, नृत्य) चयन परीक्षा 2024 से टीचरों के 10758 पदों पर भर्ती की जाएगी।

आयु सीमा

इसके भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 18 साल से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। संबंधित विषय में अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

कैसे करें अप्लाई

नीचे बताए गए स्टेप्स के माध्यम से उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र को भर सकते हैं।

सबसे पहले उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर जाना चाहिए। इसके बाद उम्मीदवारों को होमपेज पर संबंधित लिंक पर क्लिक करना होगा।

इसके बाद उम्मीदवारों को खुद को रजिस्टर करना होगा।

रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करने के बाद उम्मीदवार अपने आवेदन के लिए आगे बढ़ें।

उम्मीदवार अपने एप्लीकेशन फॉर्म को पूरा भरने के बाद सबमिट कर दें।

फॉर्म को सबमिट करने के बाद उम्मीदवार अपने फॉर्म का पुष्टिकरण पेज डाउनलोड कर लें।

पुष्टिकरण पेज डाउनलोड करने के बाद कैंडिडेट्स एक प्रिंट आउट ले लें।

जानकारी के अनुसार, इस भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन 20 मार्च से शुरू किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन दो शिफ्टों में किया जाएगा। पहली शिफ्ट का आयोजन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया जाएगा। वहीं, दूसरी शिफ्ट का आयोजन दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में इन पदों पर निकली भर्ती

अगर आप फोर्स में नौकरी करने के इच्छुक हैं तो ये खबर आपके लिए ही है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, CISF ने कांस्टेबल/ड्राइवर पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। हालांकि इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। एक बार शुरू होने के बाद उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट cisfrectt.cisf.gov.in पर जाकर इसके लिए अप्लाई कर सकेंगे। जानकारी दे दें कि इस भर्ती अभियान के तहत संगठन में 1100 से अधिक पदों को भरा जाएगा।

रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

इन पदों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 3 फरवरी से शुरू होगी। दूसरी भाषा में कहें तो इच्छुक उम्मीदवार इसके लिए अप्लाई कर सकेंगे। इन पदों के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 4 मार्च 2025 है।

कितने पदों पर होगी भर्ती?

इस भर्ती अभियान के माध्यम से 1124 पदों को भरा जाएगा। इनमें-

कांस्टेबल/ड्राइवर – सीधेः 845 पद

कांस्टेबल/(ड्राइवर-कम-पंप-ऑपरेटर) (अर्थात अग्निशमन सेवाओं के लिए ड्राइवर)– सीधेः 279 पद

क्या है एलिजिबिलि क्राइटेरिया?

उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष योग्यता उत्तीर्ण होना चाहिए। आयु सीमा 21 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आयु सीमा निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण कट-ऑफ तिथि उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि यानी 04/03/2025 होगी।

कैसे कर सकेंगे अप्लाई?

नीचे दिए गए चरणों को फॉलो करके उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र को भर सकते हैं।

सबसे पहले उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा।

इसके बाद उम्मीदवारों को होमपेज पर संबंधित लिंक पर क्लिक करना होगा।

इसके बाद उम्मीदवारों को पहले खुद को रजिस्टर करना होगा।

रजिस्ट्रेशन होने के बाद उम्मीदवार आवेदन के लिए आगे बढ़ें।

अपने आवेदन पत्र को भरने के बाद उम्मीदवार उसे सबमिट कर दें।

आखिरी में फॉर्म के पुष्टिकरण पेज का एक प्रिंटआउट ले लें।

रिलायंस से आगे निकले एयरटेल और एचडीएफसी बैंक, ऐसे बनाई बढ़त

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में जहां एक तरफ देश के आम आदमी को इनकम टैक्स में बड़ी राहत देने का काम किया। वहीं तुरंत बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी मौद्रिक नीति में रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत कटौती की सौगात दी है। इसके बाद से ही देश के शेयर बाजारों की बहार लौट आई है। कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन (एमकैप) में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कंपनी एयरटेल और एचडीएफसी बैंक से पिछड़ती नजर आ रही है। शुक्रवार को शेयर बाजार बंद होने के बाद देश की टॉप-10 कंपनियों के एमकैप में टोटल 1,18,151.75 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल का मार्केट कैप सबसे ज्यादा बढ़ा है।

रिलायंस से आगे निकली एयरटेल और एचडीएफसी बैंक

देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप इस हफ्ते टोटल 2,977.12 करोड़ रुपये बढ़कर 17,14,348.66 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जबकि इसके उलट सबसे ज्यादा फायदे में एचडीएफसी बैंक रहा। कंपनी का मार्केट कैप इस दौरान 32,639.98 करोड़ रुपये बढ़कर 13,25,090.58 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जबकि भारती एयरटेल का एमकैप 31,003.44 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 9,56,205.34 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। देश की टॉप-10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस का एमकैप बढ़ा है। जबकि जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के कैपिटलाइजेशन में गिरावट आई है। इन चारों कंपनियों को कुल मिलाकर 1.15 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आईटीसी का एमकैप गिरने में एक बड़ा योगदान उसके होटल बिजनेस का अलग होना भी है।

किसका कैसा रहा इस हफ्ते हाल?

इस हफ्ते बजाज फाइनेंस का एमकैप 29,032.08 करोड़ रुपये बढ़कर 5,24,312.82 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का 21,114.32 करोड़ रुपये बढ़कर 7,90,074.08 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का 1,384.81 करोड़ रुपये बढ़कर 8,87,632.56 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वहीं आईटीसी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 39,474.45 करोड़ रुपये घटकर 5,39,129.60 करोड़ रुपये रह गया है।

इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर का 33,704.89 करोड़ रुपये घटकर 5,55,361.14 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का 25,926.02 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 6,57,789.12 करोड़ रुपये और टीसीएस का एमकैप 16,064.31 करोड़ रुपये घटकर 14,57,854.09 करोड़ रुपये रह गया।देश की टॉप-10 कंपनियों में एमकैप के हिसाब से रिलायंस नंबर-1 पर रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा। बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 354.23 अंक या 0.45 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 77.8 अंक या 0.33 प्रतिशत के लाभ में रहा।

क्या एलन मस्क खरीदेंगे टिकटॉक? खुद टेस्ला के सीईओ ने अब कर दिया क्लियर

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)।दुनिया के टेक दिग्गजों में शामिल एलन मस्क ने कह दिया है कि शॉर्ट वीडियो ऐप टिकटॉक को खरीदने में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है। बता दें कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संभावित जोखिम के चलते अमेरिका में इस पर बैन लगाने की कोशिश जारी है क्योंकि टिकटॉक का मालिकाना हक रखने वाली बाइटडांस चीनी कंपनी है।

'मैंने टिकटॉक के लिए नहीं लगाई बोली': मस्क

मस्क ने जनवरी में यह बात कही थी, जिसे शनिवार को जर्मन मीडिया कंपनी एक्सल सप्रिंगर एसई के वेल्ट ग्रुप ने ऑनलाइन जारी किया। दरअसल, वेल्ट ग्रुप के आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में मस्क वीडियो के जरिए शामिल हुए थे। मस्क ने कहा, 'मैंने 'टिकटॉक के लिए बोली नहीं लगाई है।' इससे एक हफ्ते पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अगर मस्क चाहे तो वह टिकटॉक को खरीद सकते हैं।

'टिकटॉक खरीदने में नहीं कोई दिलचस्पी': मस्क

मस्क ने वेल्ट ग्रुप के कॉन्फ्रेंस में कहा, "टिकटॉक खरीदने के बाद इसके साथ क्या करना है इसे लेकर मेरा अभी कोई प्लान नहीं है। मैं खुद इस शॉर्ट वीडियो ऐप का इस्तेमाल नहीं करता और न ही मुझे इसके फॉर्मेट की कोई जानकारी है।' मस्क ने कहा, 'टिकटॉक खरीदने की मुझे कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं आमतौर पर तभी किसी कंपनी में निवेश करता हूं, जब वह दुर्लभ होती है। जैसे कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर अरबों डॉलर का निवेश असामान्य था।'मस्क ने कहा, 'मैं आमतौर पर कंपनियों की शुरुआत एक नए सिरे से करता हूं।' बता दें कि अमेरिकी सत्ता में आने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें टिकटॉक पर बैन लगाने में देरी की मांग की गई जबकि इस पर 19 जनवरी से ही बैन लगाया जाना था।

ट्रंप ने टिकटॉक के सामने रखी ये शर्त

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा था, 'कानून के रोक लगाए जाने से पहले की समय सीमा हम बढ़ाएंगे ताकि अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए समझौता कर सकें। मैं चाहूंगा कि अमेरिका के पास इसका 50 परसेंट मालिकाना हक हो।

घर से ऑफिस तक सड़क में 40 गड्ढे, पोर्टफोलियो मैनेजर ने पूछा- जिम्मेदार कौन? गडकरी का नाम बीच में आ गया

नई दिल्ली,9 फरवरी (एजेंसियां)। जब भी हम किसी दूसरे शहर जाते हैं तो रास्ते में हाइवे देखकर लगता है कि देश की सड़कें बहुत अच्छी हैं। लेकिन घर से जुड़ी सड़कों की स्थिति अलग है। ऐसी ही एक स्थिति से रूबरू कराया है एक पोर्टफोलियो मैनेजर ने। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि उनके घर से ऑफिस तक की सड़क में करीब 40 गड्ढे हैं। इस पूरे कम्यूनिकेशन में केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी का नाम भी आ गया। साकेत मेहरोत्रा पोर्टफोलियो मैनेजर हैं। वह आईटीसी और पीएमआई जैसी बड़ी कंपनियों से भी जुड़े रहे हैं। उन्होंने एक्स पर सड़क के गड्ढों के बारे में लिखा है। साकेत ने लिखा है कि उनके घर से ऑफिस तक की सड़क पर करीब 40 गड्ढे हैं। उन्होंने सड़कों की खराब हालत को लेकर भी सवाल खड़ा किया है। उनकी इस पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने कमेंट में नितिन गडकरी के नाम को भी शामिल किया है।

क्या लिखा है पोस्ट में?

साकेत ने अपनी पोस्ट में लिखा है, 'हमारे शहर की सड़कें इतनी खराब क्यों हैं? मेरा मतलब है कि मेरे घर से ऑफिस तक की दूरी में ही 35 से 40 गड्ढे हैं। हम बेहतर सड़कों के लिए जवाबदेही कैसे बना सकते हैं? मैं समझता हूं कि अब हमारे पास शानदार वर्ल्ड

क्लास हाइवे हैं- लेकिन हमने लोक लास्ट माइल रोड के लिए समाधान क्यों नहीं निकाला है?'

यूजर्स ने लिया गडकरी का नाम

साकेत की इस पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। आदित्य थातिपल्ली नाम के यूजर ने लिखा है, 'टॉप लेवल कमिटमेंट। नेशनल हाइवे की क्वालिटी गडकरी जी की वजह से है। स्थानीय निकायों में इसकी कमी है, लोग असहाय हैं।' वहीं विवेक मशरानी नाम के यूजर ने लिखा है कि विधायकों के सामने धरना देना चाहिए।

एक यूजर ने किया समर्थन

साकेत की पोस्ट कासौमाभा बरुआ नाम के यूजर ने समर्थन किया है। उन्होंने लिखा है, 'बिलकुल सच है। स्थानीय सड़कों के लिए कोई जवाबदेही नहीं है, जबकि हम रोड टैक्स लगातार दे रहे हैं। यह साल-दर-साल तेजी से बढ़ रहा है। दुर्घटना से होने वाली मौतें, चोटें, कार का खराब होना और रखरखाव का खर्च अतिरिक्त बोनस है।

कौन है अस्मिता पटेल ?लोन लेकर शेयर बाजार में पैसा लगाने की दे रही थी सलाह, अब बुरी फंसी

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। जब भी शेयर बाजार में इंवेस्टमेंट की बात आती है, तो हर कोई आपको अपनी सूझ-बूझ से फैसले करने की सलाह देता है। साथ ही जैसे सिगरेट के पैकेट होने पर कैंसर होने की चेतावनी लिखी होती है, स्टॉक मार्केट में निवेश करने में रिस्क होने की चेतावनी भी दी जाती है। ऐसे में अगर कोई आपको ये बोले कि जॉब छोड़ दो, लोन ले लो और ये सारा पैसा लगाकर सिर्फ स्टॉक ट्रेडिंग करो और पैसे कमाओ। ऐसा ही कुछ कर रही थीं अस्मिता पटेल, जिन पर अब सेबी ने शिकंजा कसा है। अस्मिता पटेल खुद को स्टॉक मार्केट की वह वुल्फ और विकल्प रानी कहकर प्रमोट करती रही हैं। उनका दावा होता है कि उनकी बताई स्ट्रेटजी से लोगों को 300 प्रतिशत तक रिटर्न मिल सकता है। उनके इन्हीं दावों को लेकर सेबी अब उनके एडवाइजरी कारोबार की जांच में जुटी है।

कौन है अस्मिता पटेल?

अस्मिता पटेल आम लोगों के बीच स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग करने की ट्रेनिंग देने के लिए काफी मशहूर हैं। वह ग्लोबल स्कूल ऑफ ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर्स में से एक हैं और उनका पूरा नाम अस्मिता जितेश पटेल है। सेबी को उनके इंस्टीट्यूट को लेकर कुछ शिकायतें लगातार मिल रहीं थीं।बीती 6 फरवरी को सेबी ने उनके ग्लोबल स्कूल ऑफ ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड और इससे जुड़े 5 और इंस्टीट्यूट के 53.67 करोड़ रुपए जब्त कर लिए, साथ ही पेड कोर्स के नाम पर लोगों से इकट्ठा की गई 104.6 करोड रुपए की फीस पर भी सेबी कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है।

'लोन लेकर शेयर बाजार में लगा दो पैसा'

अस्मिता पटेल के खिलाफ जांच में सामने आया कि वह स्टूडेंट्स से लेकर प्रोफेशनल्स तक को शेयर बाजार से ताबड़तोड़ कमाई करने की टिप्स देने का दावा कर रही थीं। इसके लिए उन्होंने लोगों के सामने कई गलत उदाहरण भी पेश किए। मनी कंट्रोल की खबर के मुताबिक उन्होंने कोर्स लेने वालों को बताया कि कैसे चार्टर्ड अकाउंटेंट ने 30 लाख रुपए के फंड से 12 करोड़ रुपए कमाए। फुल टाइम ट्रेडिंग से करोड़ों और लाखों की संपत्ति बनाने का उनका दावा था। वह लोगों को अपने कोर्स में जॉब छोड़कर, लोन लेकर सिर्फ नौकरी करने की सलाह दे रही थीं।

खुद का मुनाफा सिर्फ 12.28 लाख

अस्मिता पटेल, जो लोगों के सामने 140 करोड़ रुपए का पोर्टफोलियो मैनेजमेंट और 283 करोड़ रुपए के फंड को मैनेज का दावा करती थीं। उसका दावा था कि वह लोगों को 300 प्रतिशत तक रिटर्न दिला सकती हैं। जबकि सेबी की जांच में पता चला कि उनके पास मुश्किल से 15 करोड़ रुपए की वैल्यू वाले ट्रेडिंग अकाउंट थे। वहीं 2019-20 से जनवरी 2024 के बीच उनके ग्लोबल स्कूल ऑफ ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड की कुल कमाई महज 12.28 लाख रुपए ही थी।

इन देशों के साथ कुछ सालों में बढ़ जाएगा भारत का कारोबार

मजबूत ग्लोबल सप्लाई चेन बनेगा हिंदुस्तान



नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के कुल व्यापार के 2033 तक 6.4 परसेंट की सीजीआर के साथ बढ़कर सालाना 1.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। बीसीजी की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। इसके पीछे एक बड़ी वजह ऐसी कंपनियां है, जो चीन की जगह भारत से सप्लाई के बारे में सोच रही हैं।

अमेरिका के साथ भी बढ़ जाएगा भारत का व्यापार

भारत में सरकार मैन्युफैक्चरिंग को लगातार बढ़ावा दे रही है, भारत के पास बड़ी तादात में ऐसा वर्कफोर्स है जिनकी लागत कम है, इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से सुधार किया जा रहा है, इससे भारत की स्थिति मजबूत हो रही है। नतीजतन, भारत विदेशी निवेश और व्यापार सहयोग के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन बनता जा रहा है। अगले दशक तक अमेरिका के साथ भारत का व्यापार दोगुने से अधिक होने का अनुमान है, जो 2033 तक 116 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। यह दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच गहरे होते राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को दर्शाता है, खासकर डिफेंस और टेक्नोलॉजी के सेक्टर में।

इन देशों के साथ भी बढ़ेगा भारत का व्यापार

इसके अलावा, यूरोपीय यूनियन, आसियान और अफ्रीका के साथ भी व्यापार 80 परसेंट तक बढ़ है। खासतौर पर, जापान और मर्कोसुर जैसे देशों के साथ भारत का व्यापार लगभग दोगुना होने का अनुमान है, जबकि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया के साथ इसका व्यापार तीन गुना से अधिक होने वाला है। इसके अलावा, रूसी हाइड्रोकार्बन के बढ़ते आयात के चलते रूस के साथ व्यापार में भी उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

ग्लोबल सप्लाई चेन में भारत की स्थिति होगी मजबूत

इतना ही नहीं, भारत, तुर्की और अफ्रीका के साथ यूरोप के व्यापार में भी तेजी आने की उम्मीद है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन में भारत की स्थिति मजबूत होगी। इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, फार्मास्यूटिकल्स और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में यूरोपियन यूनियन के साथ भारत का व्यापार मजबूत होगा। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद से आर्थिक तनाव बढ़ता जा रहा है। इसके चलते भारत संवेदनशील क्षेत्रों में चीनी निवेश को लेकर सतर्क है और इसे किसी बड़े बिजनेस पार्टनर की तलाश है।

कॉन्ट्रैक्ट जॉब्स की आ सकती है बहार, ब्लिंकइट

ज़ेप्टो जैसी कंपनियों का ये है प्लान

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। क्विक कॉमर्स का मार्केट तेजी से बढ़ा है। ऐसे में रोजगार के भी अवसर तेजी से बढ़ रहा है। क्विक कॉमर्स के बढ़ने के साथ ठेकेदारों की मांग भी बढ़ रही है। इस साल ये सेक्टर रिकॉर्ड बना सकता है। छोटे और मझोले शहरों में क्विक कॉमर्स का विस्तार हो रहा है। इस सेक्टर में लगातार नए प्रोडक्ट की लॉन्च और फ्लिपकार्ट मिनट्स जैसे नए खिलाड़ी इस सेक्टर में जॉब की गति को और बढ़ा रहे हैं। ईटी के एक रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा समय में 2,60,000 डिलीवरी कर्मचारियों है। यह संख्या साल 2025 में 1,50,000 और बढ़ सकती है। इस साल और अधिक स्टोर खुल रहे हैं और विस्तार जारी है। इससे जुड़ी कंपनियों का ध्यान टेक्नॉलजी, मर्चेंडाइजिंग और लास्ट-माइल लॉजिस्टिक्स पर होगा। साथ ही डार्क स्टोर्स की संख्या भी बढ़ रही है।

ब्लिंकइट, ज़ेप्टो और इंस्टामार्ट का जलवा

स्विग्गी इंस्टामार्ट ने दिसंबर तिमाही में 96 नए मिनी-वेयरहाउस जोड़े है। इससे उसके डार्क स्टोर्स की संख्या 2024 के अंत तक 705 हो गई। फ्लिपकार्ट मिनट्स का टारगेट मार्च तक 300 डार्क स्टोर्स का है। ज़ेप्टो के पास 900 से अधिक और ब्लिंकिट के पास 1,000 से अधिक डार्क स्टोर्स हैं। ब्लिंकइट, ज़ेप्टो और इंस्टामार्ट ने टेम्प हायरिंग सर्विसेज कंपनियों से मदद ली है।

इतने स्टोर खुलने की है उम्मीद

कंपनियां कर्मचारियों को अस्थायी रूप से हायर कर रही है।एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च की जनवरी रिपोर्ट के अनुसार क्विक कॉमर्स कंपनियां एफवाई26 में 5,000-5,500 डार्क स्टोर्स सेटअप कर सकती है। वहीं ज़ेप्टो का 1,000 स्टोर तक पहुंचने इरादा है। ईटी के एक रिपोर्ट के अनुसार मौजूदा समय में क्विक कॉमर्स में 2,00,000 डिलीवरी कर्मी और 60,000 डार्क स्टोर कर्मचारी काम कर रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में गिग वर्कर्स हर महिने 18,000-23,000 रुपये कमा रहे है। वहीं गैर-मेट्रो सिटी में 15,000-20,000 रुपये कमाते हैं। वहीं डार्क स्टोर कर्मचारियों की मासिक आय आम तौर पर 12,000-18,000 रुपये के बीच होती है। इसमें इंसेंटिव भी शामिल हैं।

12 नहीं अगर 14 लाख से ज्यादा है आपकी सीटीसी, तब भी नहीं लगेगा कोई इनकम टैक्स

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। देश में जहां एक तरफ नया इनकम टैक्स कानून लाने पर काम चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ बजट 2025 में सरकार ने न्यू टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपए की इनकम को टैक्स-फ्री कर दिया है। फिर भी इसके कई अलग-अलग कैलकुलेशन सामने आए हैं। ऐसे में सैलरीड लोगों को जानकर ये अच्छा लगेगा कि कि अगर उनका सैलरी पैकेज 14 लाख रुपए से ज्यादा है, तब भी उनकी टैक्स लायबिलिटी जीरो होगी। नौकरी में कंपनियां एम्प्लॉइज को सीटीसी ऑफर करती हैं। इसमें आपकी सैलरी के अलावा कंपनी आपके ऊपर जो ईपीएफओ कंट्रीब्यूशन, इंश्योरेंस, ग्रेच्युटी इत्यादि पर जो खर्च करती हैं, उसे आपके सीटीसी (कॉस्ट टू कंपनी) में शामिल कर लेती हैं। इस तरह आपका टोटल सैलरी पैकेज सामने आता है।



ऐसे कैलकुलेट होगा इनकम टैक्स

अगर आपको ये जानना है कि आपका इनकम टैक्स मैक्सिमम कैसे बचेगा, तो आपको ये मालूम होना चाहिए कि आपके सीटीसी में कंपनी ईपीएफओ में जो कंट्रीब्यूशन करती है, वो आपकी बेसिक सैलरी का 12 प्रतिशत होता है। आपकी बेसिक सैलरी आपकी टोटल सैलरी के करीब 50 प्रतिशत के बराबर होती है। ऐसे में मान लेते हैं कि आपकी सीटीसी 14 लाख रुपए से थोड़ी ज्यादा करीब 14.65 लाख रुपए है। इसमें आपके ईपीएफओ में कंपनी के 12 प्रतिशत का कंट्रीब्यूशन 87,900 रुपए के आसपास बनेगा। इस पर आपका कोई टैक्स नहीं लगता है। इसी के साथ अगर आपकी कंपनी ने एनपीएस कंट्रीब्यूशन भी ऑफर किया है, तो ये आपकी बेसिक सैलरी के 14 प्रतिशत के बराबर होगा। इस तरह आपकी 1.02 लाख रुपए की ये इनकम भी हर साल टैक्स फ्री हो जाएगी। साथ ही सैलरीड क्लास को 75,000 रुपए के स्टैंडर्ड डिडक्शन का भी फायदा मिलेगा। इन सब क्लेम और डिडक्शन के बाद आपकी टैक्सेबल इनकम 11.99 लाख रुपए रह जाएगी। इतनी इनकम पर आपको आयकर कानून की धारा-87ए के तहत टैक्स रिबेट मिलेगी और आपकी टैक्स लायबिलिटी जीरो होगी।अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ये भी ऐलान किया था कि देश में जल्द एक नया इनकम टैक्स कानून लाया जाएगा।

फरवरी के पहले हफ्ते में 5 दिग्गज कंपनियों को मोटा नुकसान, 1 लाख करोड़ से ज्यादा डूबे

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। फरवरी का पहला हफ्ता खत्म हो चुका है। इस हफ्ते में काफी कुछ गठित हुआ। देश का बजट आया। उसके कुछ दिन के दिल्ली के विधानसभा के चुनाव हुए। अगले ही दिन आरबीआई की एमपीसी ने ब्याज दरों में कटौती कर दी। उसके बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव के नजीजे आए। इन सबके बीच देश की टॉप 10 में से 5 कंपनियों के मार्केट कैप में एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ। सबसे ज्यादा नुकसान देश की टॉप एफएमसीजी कंपनियों का देखने को मिला। दोनों कंपनियों को 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। एलआईसी, एसबीआई और देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस को भी मोटा नुकसान हुआ है।वहीं दूसरी ओर देश की टॉप 5 कंपनियों के मार्केट कैप में भी फायदा हुआ है। देश के सबसे बड़े प्राइवेट लेंडर एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। वहीं एयरटेल के मार्केट कैप को भी जबरदस्त फायदा हुआ है।

दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर

ग्रह स्थिति			लग्नारंभ समय	
सूर्य-	मकर	मे	मकर...	05-08 बजे
चंद्र-	मिथुन	मे	कुंभ...	06-58 बजे
मंगल	मिथुन (व)	मे	मीन...	08-36 बजे
बुध-	मकर	मे	मेष...	10-12 बजे
गुरु-	वृष	मे	वृष...	11-56 बजे
शुक्र-	मीन	मे	मिथुन	13-57 बजे
शनि-	कुंभ	मे	कर्क...	16-09 बजे
राहु-	मीन	मे	सिंह...	18-22 बजे
केतु-	कन्या	मे	कन्या...	20-28 बजे
			तुला....	22-34 बजे
			वृश्चिक...	00-44 बजे
			धनु.....	02-57 बजे

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-48 सूर्यास्त. - 18-12
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल •• पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- त्रयोदशी . 18-57 तक उपरान्त चतुर्दशी
मास • माघ शुक्ल , सोमवार 10 February
नक्षत्र - पुनर्वसु 18-00 तक उपरान्त पुष्य
योग • प्रीति 10-26 तक उप आयुष्मान
करण- कौलव 07-08, तक उप तैतिल
विशेष:- सोम प्रदोष व्रत
व्रत -त्योहार • विश्वकर्मा ज.,गुरु गोरखनाथ ज.

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 08:12 से 09:38 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
अमृत.	06:48 - 08:12 शुभ	चंचल	18:12 - 19:49 शुभ
काल	08:12 - 09:38 अशुभ	रोग	19:49 - 21:22 अशुभ
शुभ	09:38 - 11:04 शुभ	काल	21:22 - 22:56 अशुभ
रोग	11:04 - 12:30 अशुभ	लाभ.	22:56 - 00:30 शुभ
उत्पात	12:30 - 13:56 अशुभ	उत्पात	00:30 - 02:04 अशुभ
चंचल.	13:56 - 15:23 शुभ	शुभ .	02:04 - 03:38 शुभ
लाभ	15:23 - 16:49 शुभ	अमृत..	03:38 - 05:12 शुभ
अमृत.	16:49 - 18:12 शुभ	चंचल	05:12 - 06:48 शुभ

आपका राशिफल

मेष चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,

आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से अच्छा है । आप अपना कुछ नया शुरू कर सकते हैं ,काफी समय लेने वाला अपना कोई अधूरा काम पूरा कर सकते हैं ,या कोई ऐसा काम जिसे आप लम्बे समय से टाल रहे हैं,को भी शुरू कर सकते हैं । आज शाम खेल और मौज मस्ती के नाम रहेगी । अपने नए-पुराने दोस्तों के साथ समय बितायें और मजे करें । खरीदारी में विशेष आनंद आएगा ।

वृष ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,

अगर आप आज रसोईघर में बनने वाले खाने के बारे में सोच रहे हैं तो बिलकुल सही सोच रहे हैं। आज आपको कोई विशेष पकवान खाने को मिल सकता है। अपनी सेहत का ध्यान रखें और साफ़ सफाई बनाये रखें । आपके मित्र के को हुई ग़लतफ़हमी आज दूर हो सकती है । अप्रत्याशित श्रोतों से आय होने की भी संभावना है ।

मिथुन का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,

किसी भी काम को तुरंत तैयार होकर शुरू करने से पहले गंभीरता से तर्क की कसौटी पर परख लेना ही ठीक होगा । आपके लिए कल्पनात्मक सा समय है । इसीलिए रोमांस का आनंद लें । रोमांस में कल्पना लाने से आपके लिए अच्छा होगा लेकिन अगर आप ऑफिस में भी यही करने की कोशिश करेंगे तो परिणाम अच्छे नही होंगे ।

कर्क ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,

आज आप हर किसी पर विश्वास करने के मूड में रहेंगे । इसका नुक्सान यह है की आप किसी ऐसे आदमी के साथ भी अपनी बाते साझी कर सकते हैं जो दिल से आपका भला नही चाहता । इसीलिए पहले इस आदमियो के बारे सही से छानबीन कर लें । अगर आप पिछले कुछ समय से कार्यस्थल या घर पर किसी की बातो से असहमत हैं तो आज दोस्ती का हाथ बढाने के लिए अच्छा समय है ।

सिंह मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,

आज आप खरीदारी सम्बन्धी किसी ऑफर या लाटरी तिच्क्त खरीदने का जोखिम उठा सकते हैं । आपका भाग्य आपके साथ है ,इसलिए जीतने का अच्छा मौका आपके पास रहेगा । स्थिति आपसे अपने दृष्टिकोण पर दृढ़ बने रहने की अपेक्षा कर सकती है । आपकी चुप्पी को गलत समझा जाएगा और उसपर सवाल खड़े किये जायेंगे । यही बेहतर होगा कि आप किसी को अपने खिलाफ राय बनाने का मौका ना दें ।

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

आप आजकल हर किसी की नजर में हैं । जल्दी ही आप अपने दुश्मनों को पहचान जायेंगे । इनसे निपटते हुए सावधान रहें क्योंकि ये लोग आपको भड़काकर आपको गलत साबित करना चाहते हैं । यदि बहुत ज्यादा विरोध हो रहा हो तो पीछे हट जाएँ । हालाँकि आपको कोई ऐसा भी मिलेगा जिसपर आप यकीन कर सकते हो ।

तुला रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,

आज आप बहुत सृजनात्मक अनुभव करेंगे । खूबसूरती की प्रशंसा के साथ साथ खुद भी कुछ खूबसरत चीज बनाना चाहेंगे । दिन कलाकारों के लिए विशेष अच्छा है । हालाँकि ,आज शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लें । क्योंकि अचानक आप विकर्षित सा अनुभव करने लगेंगे ,यह भावना काफी सामान्य है लेकिन आप इसके कारण बिना बात निराश सा अनुभव करेंगे ।

वृश्चिक तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,

आज का दिन नई शुरुआत के लिए बिलकुल सही है । आप अपने आपको पीछे धकेलने वाली चीजों से आज मुक्त महसूस करेंगे । किसी नए अवसर में जिंदगी बदलने की क्षमता है लेकिन आपको उसे समय रहते पकड़ना होगा । समय रहते लिया गया निर्णयात्मक फैसला आपके लिए काफी महत्वपूरण एवं लाभकारी बदलाव ला सकता है ।

धनु ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे

आपको आज कोई अप्रत्याशित अनुभव हो सकता है । ऐसा नही है कि आप इससे परेशान ही होंगे लेकिन इससे आपके मन में हलचल जरूर मच जायेगी । इससे आपके दृष्टिकोण में ख़ास बदलाव भी आ सकता है । अपनी भावनाओं को व्यक्त करने न घबराएं लेकिन यह समय अपने स्थान पर दूसरों की भावनात्मक मांगों को प्राथमिकता देने के लिए अधिक उपयुक्त है ।

मकर भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी

किसी पुराने दोस्त या परिवार के साथ बाहर घुमने जाने या बातचीत का आनंद लें । आपको अपने काम के लिए उन्ही तरीकों पर भरोसा करना चाहिए जो आपके लिए पिछले समय में लाभकारी रहें हैं । आज कोई नया प्रयोग शुरू करना ठीक नही होगा । अगर आप कोई नौकरी या कोई परियोजना हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं तपो पारम्परिक तरीकों से ही कोशिश करें ।

कुंभ गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,

आज आप पायेंगे कि आप कितने ही अच्छे और सही सुझाव दें,कोई आपकी बात मानने को तैयार नही है । इससे आप काफी निराश अनुभव करेंगे लेकिन आपको यह अनुभव करने की जरुरत है कि आपके सुझाव तो बेशक अच्छे हैं , लेकिन आपका रवैया ऐसा है कि जैसे आप किसी पर कृपा कर रहे हैं । इसीलिए लोग आपकी सलाह का उल्टा कर रहें हैं ।

मीन दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची

आज सावधान रहें । आपके प्रतिद्वंदी आपके खिलाफ योजनाये बनाकर आपको नुक्सान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन आप आसानी से उनपर जीत हासिल कर पायेंगे,मजेदार तो यह है कि खुद उन्हें भी आपकी उपलब्धि के लिए आपकी तारीफ करनी होगी । इस गंभीर स्थिति को थोडा हल्का-फुल्का बनाने के लिए दोस्तों के साथ कुछ समय बितायें ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

ईमानदारी फेल, आप को ओवरकॉन्फिडेंस ले डूबा

शराब घोटाले ने केजरीवाल की इमेज बिगाड़ी, फ्री स्कीम पर भारी पड़ीं टूटी सड़कें

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एक्सक्लूसिव डेस्क)। 'मैंने तय किया है कि मैं जनता की अदालत में जाऊंगा। जनता मुझे बताए कि मैं बेईमान हूं या नहीं। अगर आपको लगता है कि केजरीवाल ईमानदार है तो वोट देना। अगर लगता है कि केजरीवाल बेईमान है, तो मुझे कतई वोट मत देना।' शराब घोटाले के आरोप में तिहाड़ में बंद अरविंद केजरीवाल 13 सितंबर, 2024 को जमानत पर बाहर आए। 15 सितंबर को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया और अपनी ईमानदारी का फैसला 'जनता की अदालत' पर छोड़ दिया।

यही ईमानदारी अरविंद केजरीवाल की सबसे बड़ी ताकत थी। इसी के भरोसे उन्होंने डेवलपमेंट का दिल्ली मॉडल तैयार किया। इसी का वादा करके पंजाब में सरकार बनाई, लेकिन अन्ना आंदोलन से बनी क्लीन इमेज शराब घोटाले की वजह से बर्बाद हो गई। 10 साल से लगातार बहुमत वाली सरकार चला रही आप इस बार सिर्फ 22 सीटें जीत पाई। 48 सीटें जीतने वाली बीजेपी 26 साल बाद दिल्ली में सरकार बनाएगी।

पार्टी के नेता जीत के लिए ओवर कॉन्फिडेंट थे, ये भी उन्हें भारी पड़ा। अरविंद केजरीवाल ने वोटिंग से पहले दावा किया था कि आम आदमी पार्टी को 55 सीटें मिल रही हैं। अगर माताएं-बहनें जोर का धक्का लगाएं, तो पार्टी को 60 सीटें भी मिल सकती हैं।

ईमानदार वाली इमेज पर दाग

केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में 17 नवंबर, 2021 को नई एक्साइज पॉलिसी लागू की थी। इसमें गड़बड़ी के आरोप लगे और आप की लीडरशिप ईडी-सीबीआई के रडार पर आ गई। अगस्त 2022 में ईडी-सीबीआई ने केस दर्ज किए।

मई 2022 में कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिए गए। इसके बाद शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह अरेस्ट हो गए। मनीष सिसोदिया करीब 17 महीने और केजरीवाल 6 महीने जेल में रहे। केजरीवाल जेल गए, तो आतिशी को सीएम बनाना पड़ा। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता को पॉलिटिक्स में एक्टिव करने की कोशिश की गई, लेकिन ये दांव नहीं चले। एक के बाद एक बड़े लीडर्स की गिरफ्तारी से लोगों का भरोसा टूटा।

संगठन में टूट और बगावत

आतिशी को सीएम बनाने के तरीके से आप के कई विधायक खुश नहीं थे। सोर्स के मुताबिक, 30 मिनट चली मीटिंग में न नए सीएम के नाम पर चर्चा हुई, न सलाह मशविरा किया गया, बस फैसला सुना दिया गया। पार्टी से बड़े दलित नेता संदीप वाल्मीकि और राजेंद्र गौतम अलग हो गए। सीनियर लीडर कैलाश गहलोत बीजेपी में चले गए। पार्टी का संगठन टूटने लगा। कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर बीजेपी में जाने लगे। वोटिंग के दिन भी कई बूथ पर आप के कार्यकर्ता नहीं दिखे।

लड़ने और काम न करने की इमेज बनी

2015 में अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को लंदन जैसा बनाने और यमुना को टेम्स जैसा साफ बनाने का वादा किया था। बीती 27 जनवरी को उन्होंने यमुना की सफाई न हो पाने पर माफी मांगी। कहा कि कोरोना और जेल जाने की वजह से मैं सफाई, पानी और अच्छी सड़कों का काम नहीं कर पाया। अगर फिर मौका मिला, तो ये वादे पूरे करूंगा।

ग्राउंड पर लोग सबसे ज्यादा शिकायतें खराब सड़कों की कर रहे हैं। 2020 में हुए दंगे के असर वाली ओखला सीट पर भी सड़क और सफाई ही बड़े मुद्दे दिखे। यहां के मोहम्मद शफीक बोले, 'सरकार से सड़क, पढ़ाई, सफाई और अस्पताल की उम्मीदें थीं। अभी ये सब नहीं मिल रहा है।'

केजरीवाल सरकार ने सड़कें उतनी अच्छी नहीं कीं, जितनी शीला दीक्षित की सरकार में थीं। शीला दीक्षित के वक्त बनी सड़कें ही अब तक चल रही हैं। कोई नई सड़क नहीं बनी।

शराब को बढ़ावा दिया

केजरीवाल सरकार की नई एक्साइज पॉलिसी से शराब कारोबार निजी हाथों में चला गया। पॉलिसी के तहत शराब स्टोर्स को अधिकार दिए गए कि वे ग्राहकों को डिस्काउंट दे सकते हैं। इससे पहले सरकार शराब के रेट तय करती थी। इसके बाद शराब के ठेके बढ़ गए। शराब दुकानों पर एक के साथ एक बोतल फ्री मिलने लगी।



अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं ने शराब नीति का सपोर्ट किया। बीजेपी और आरएसएस ने वोटर्स के बीच शराब और इससे लोअर मिडिल क्लास की महिलाओं को होने वाली परेशानी को मुद्दा बनाया। कहा कि परिवार की महिलाओं के लिए सबसे बड़ी दुश्मन शराब है। पुरुष शराब पीकर घर की महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं, काम-धंधा छोड़ देते हैं। घर की इकोनॉमी और शांति खतरे में पड़ जाती है। अरविंद केजरीवाल के दारूवाला अवतार की तस्वीर लोगों के बीच लाई गई। अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक गुरु कहे जाने वाले अन्ना हजारे ने भी रिजल्ट के बाद कहा कि वे (केजरीवाल) शराब और पैसे में उलझ गए। इससे उनकी इमेज खराब हुई। लोगों ने देखा कि वे चरित्र की बात करते हैं, लेकिन शराब में लिप्त रहते हैं।

महिलाओं के मुद्दे नहीं समझ पाई आप

आप महिलाओं के मुद्दे समझने में गलती कर गई। उसने सबसे ज्यादा फोकस फ्री बस और 2100 रुपए देने पर किया। महिलाओं के लिए इस बार शराब के ठेके और गंदा पानी ज्यादा बड़े मुद्दे थे। पटेल नगर में बूथ के बाहर मिली एक महिला ने कहा, 'मैं झुग्गी में रहती हूं। वहां गंदा पानी आता है। हमें पानी भरने के लिए 1.5 किमी चलकर जाना पड़ता है। फ्री बस का क्या फायदा, जब घर में पानी नहीं होगा।'

'रेवड़ी' पर ज्यादा भरोसा

अरविंद केजरीवाल ने 22 नवंबर, 2024 को 'रेवड़ी पर चर्चा' कैंपेन शुरू किया था। बीजेपी आम आदमी पार्टी की योजनाओं को मुफ्त की रेवड़ी बताकर अटैक कर रही थी। अरविंद केजरीवाल ने इसी पर चुनावी कैंपेन शुरू कर दिया। इसके तहत ट्रेंड किए गए कार्यकर्ता गली-गली गए और पूरी दिल्ली में वोटर्स के साथ करीब 65 हजार मीटिंग कीं। सरकार की मुफ्त की 6 'रेवड़ियों' यानी फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री इलाज, फ्री पढ़ाई, फ्री बस सफर और फ्री तीर्थ योजना के पर्चे बांटे गए।

हालांकि लोगों ने कहा कि सरकार हमें काम दे दे, पानी-बिजली का खर्च हम खुद उठा लेंगे। पांडव नगर में रहने वाले नवीन कहते हैं, 'गरीबों के लिए मुफ्त की योजनाएं हैं। अमीरों को ज्यादा जरूरत नहीं, वैसे भी उनके बड़े-बड़े लोन सरकार माफ कर देती है। मरता तो मिडिल क्लास है। दिल्ली सरकार के पास मिडिल क्लास के लिए कुछ नहीं।' आप ने 2100 रुपए देने की बात कही तो बीजेपी ने महिलाओं को 2500 रुपए देने का वादा कर दिया। अरविंद केजरीवाल ने 23 जनवरी को कहा कि बीजेपी फ्री वाली योजनाएं बंद करना चाहती है। इस पर पीएम मोदी ने 29 जनवरी को करतारपुर की रैली में कहा कि हम योजनाएं बंद करने वालों में से नहीं हैं।

जाट-गुर्जरों में केजरीवाल से नाराजगी

दिल्ली के 364 गांवों में से 225 में जाटों की आबादी सबसे ज्यादा है। दूसरी बड़ी आबादी गुर्जर है, जिनका 70 गांवों में दबदबा है। जाट और गुर्जर वोटर दिल्ली की करीब 50 सीटों पर असर डालते हैं। 20 सीटों पर हार-जीत का फैसला करते हैं। जाट आबादी वाली सभी 10 सीटों पर बीजेपी को जीत मिली है।

जाट और गुर्जर आबादी वाले इलाकों में अरविंद केजरीवाल के लिए गुस्सा दिखा। जाट नेता कैलाश गहलोत के आप छोड़ने को समुदाय के लोगों ने उनके अपमान की तरह देखा। मटियाला में रहने वाले पवन की बातों में ये गुस्सा दिखा। उन्होंने कहा, 'कैलाश गहलोत ने बताया है कि पार्टी के नेताओं ने कई घोटाले किए। 10 साल काम नहीं किया, सिर्फ एलजी से लड़ते रहे। अगर आप की सरकार आ भी गई तो उनके और एलजी के बीच लड़ाई होती रहेगी। हम इस लड़ाई से छुटकारा चाहते हैं। कॉमर्शियल बिजली के रेट 8 रुपए से 22 रुपए यूनिट हो गए। घरेलू बिजली भी 6 से 8 रुपए यूनिट हो गई। बिजली कंपनियों के साथ मिलकर लोगों को लूटा जा रहा है। मिडिल क्लास वाले परेशान हैं।'

टॉप लीडरशिप के लिए वोटर्स में गुस्सा

अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से लगातार 3 बार से जीत रहे थे। यहां रहने वाली 40% आबादी सरकारी कर्मचारियों की है, जो साफ पानी न मिलने और गंदगी से परेशान दिखी। यही बात आप के खिलाफ गई। यहां का बंगाली मार्केट सबसे पुराने और मशहूर बाजारों में से है। इसे बाबर रोड के नाम से भी जाना जाता है। आस-पास पॉश कॉलोनियां हैं, जहां लगभग 4000 परिवार रहते हैं। शंभू कुमार बोले, 'यहां सफाई नहीं होती। कचरा सड़क पर पड़ा रहता है। घर के बाहर पानी भर जाता है। कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। केजरीवाल का काम अच्छा नहीं है। वो सिर्फ घोषणाएं कर रहे हैं।'

मनीष सिसोदिया 2013 से पटपड़गंज से चुनाव लड़ रहे थे। यहां लोगों में उनके लिए नाराजगी थी। पटपड़गंज में मिले सुरजीत ने बताया, 'सिसोदिया मेरे 25 साल पुराने दोस्त रहे हैं। पिछला चुनाव लड़ने के बाद एक बार भी नहीं आए। यहां नालियों की हालत बदतर है। सफाई का काम ठीक से नहीं हो रहा।'

2020 में आप ये सीट सिर्फ 3207 वोट से जीते थे। इस बार यहां से अवध ओझा को उतारा था। ओझा ने 2 दिसंबर को पार्टी जॉइन की थी। वे 28 हजार से ज्यादा वोटों से हारे।

कपड़े उतरवाए, अश्लील वीडियो बनाकर किया रेप

वायरल करने की धमकी देकर 6 हजार वसूले, डेढ़ महीने तक वारदात, 2 सहयोगी भी शामिल

कांकेर 9 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नाबालिग लड़की से रेप की वारदात को अंजाम दिया गया है। आरोपी लड़की के कपड़े उतरवाए, फिर अश्लील वीडियो बनाया। वायरल करने की धमकी देकर रेप किया। आरोपी ने लड़की से 6 हजार रुपए भी वसूल लिए। मामला पखांजूर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी ने डरा-धमकाकर लड़की से डेढ़ महीने तक दुष्कर्म किया। आरोपी के साथ एक नाबालिग समेत 2 सहयोगी भी हैं। इनके ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर अपनी मां जानकारी दी, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई।

नदी किनारे ले जाकर रेप किया, वीडियो बनाया

दरअसल, मुख्य आरोपी का नाम महेन्द्र बाइन (20) है। 17 दिसंबर 2024 को नाबालिग को उसके घर से बाइक से यशवंत नगर नदी किनारे ले गया। जहां वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता आरोपी के चंगुल से छूटकर वहां से घर पहुंची, लेकिन घर वालों डर की वजह से जानकारी नहीं दी।

पीड़िता के मुताबिक आरोपी वीडियो बना लिया था, जिसकी वजह से वह बार-बार उसे बुलाकर रेप करता था। डेढ़ महीने में कई बार उससे दुष्कर्म किया, जिससे पीड़िता डरी सहमी से रहती थी। घर वाले भी चिंतित थे।

परेशान होकर मां को बताई आपबीती

पीड़िता के मुताबिक वह आरोपियों की डिमांड से परेशान हो गई। इसके बाद पखांजूर थाने में 7 फरवरी को अपनी मां के साथ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64(1), 351(2), 308(2), 3(5) बीएनएस 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया।

मुख्य आरोपी और सहयोगी दोस्त गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि FIR के बाद आरोपियों की तलाश की गई। 8 फरवरी को मुख्य आरोपी महेन्द्र बाइन को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। साथ ही 2 और सहयोगियों के बारे में बताया। दोनों साथी वारदात में सहयोग दिए थे।

पुलिस ने महेंद्र बैन और प्रसनजीत ढाली (20) और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी यशवंत नगर के रहने वाले हैं।

आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जिनमें से 2 को जेल भेज दिया गया है। जबकि एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

आचार संहिता का उल्लंघन भाजपा नेत्री पर लगा आरोप

कांग्रेस ने ईसी से की शिकायत

कोरबा, 9 फरवरी (एजेंसियां)। नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा नेत्री और बाल कल्याण समिति की सदस्य उमा भारती श्रॉफ पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन करने का आरोप लगा है। कांग्रेस के विधि विभाग ने निर्वाचन आयोग से इस संबंध में शिकायत की गई है।

विभाग को सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि संवैधानिक पद पर बने रहने के बाद भी उनके द्वारा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया जा रहा है।

नगरीय निकाय चुनाव के तहत चुनाव प्रचार का दौर अपने अंतिम चरणों में पहुंच गया है। लेकिन अभी भी शिकवा शिकायत का दौर चल रहा है। इस बार निशाने पर भाजपा है। जिसकी नेत्री और बाल कल्याण समिती की सदस्य उमा भारती श्रॉफ पर आदर्श चुनाव आचार संहित के उल्लंघन का आरोप लगा है।

कांग्रेस के विधि विभाग ने इस संबंध में निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। उमा भारती के बाल कल्याण समिति के सदस्य होने का हवाला देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि वे एक संवैधानिक पद पर काबिज हैं, ऐसे में उनके द्वारा किस आधार पर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि उमा भारती द्वारा वार्ड नंबर 18 और 51 के पार्षद प्रत्याशी के रुप में प्रचार-प्रसार तो किया ही गया। बल्कि महापौर प्रत्याशी संजू देवी राजपूत का भी लगातार प्रचार किया जा रहा है। कांग्रेस ने इस दिशा में निर्वाचन आयोग से कार्रवाई करने की मांग की है।

दिल्ली में कांग्रेस के शर्मनाक प्रदर्शन पर बोले किरणदेव

देश में अप्रासंगिक हो गई है कांग्रेस

रायपुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में कांग्रेस के शर्मनाक प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि परिवारवाद और निजी स्वार्थ की नींव पर खड़ी पार्टियां जनता के बीच अस्वीकार्य हो गई हैं। कांग्रेस दिल्ली ही नहीं पूरे देश में अप्रसांगिक हो गई है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है कि जहां पीएम मोदी देश के मान-सम्मान को विश्व स्तर पर नई ऊंचाइयों पर लेकर गए हैं और भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया है।

छत्तीसगढ़ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के नेता और राहुल गांधी भारत की छवि को विदेशों में धूमिल करने में जुटे हैं और देश में भारतीय लोकतंत्र और संविधान के नाम दुष्प्रचार और प्रोपोगंडा फैलाने में लगे हुए थे। जिसे दिल्ली की जनता ने लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में भी नाकार दिया है। अब कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टियों के किसी भी दुष्प्रचार और झूठे वादों के झांसे में किसी भी राज्य की जनता नहीं आने वाली है। जहां भी कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टियों की सरकारें आती हैं, वहां सिर्फ देश को लूटने का काम करती हैं। इनकी देश विरोधी मानसिकता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति दूषित सोच को देश की जनता समझ चुकी है। दिल्ली ही नहीं पूरे देश में मोदी के सपनों और उनके गारंटी की प्रचंड लहर चल रही है। दावा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता भी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा के अटल विश्वास पत्र पर भरोसा करते हुए प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने जा रही है।

सिंहदेव ने दिल्ली में भाजपा की रिकार्ड जीत और प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने के लिए जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने दिल्ली में रिकार्ड जीत दर्ज करते हुए सरकार बनाने जा रही है। मोदी की गारंटी पर दिल्लीवासियों ने भरोसा जताते हुए आपदा बन चुकी भ्रष्टाचार में संल्पित आम आदमी पार्टी को नाकार दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प और लक्ष्य के साथ देशवासी अब एकजूट हो गए हैं। इसका प्रमाण है कि दिल्ली में भाजपा की बड़ी और प्रचंड जीत।

रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद एसओपी जारी

इलाके में बर्ड की खरीद बिक्री पर लगी रोक

रांची, 9 फरवरी (एजेंसियां)। पशुपालन विभाग ने रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पोल्ट्री में आये बर्ड फ्लू को लेकर स्टैंडर्ड प्रोसिडयूर ऑफ ऑपरेशन (एसओपी) जारी कर दिया है. वेटनरी कॉलेज परिसर से तीन किलोमीटर के परिसर में बर्ड की खरीद-बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गयी है. एसओपी जिले के उपायुक्त और जिला पशुपालन पदाधिकारी को भी भेजा गया है. विभागीय निदेशक किरण कुमार पासी ने बताया कि बर्ड फ्लू को लेकर भारत सरकार का जो दिशा-निर्देश है, उसका पालन करन को कहा गया है.

क्या है केंद्र सरकार का दिशा निर्देश

केंद्र सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार जो एपिक सेंटर (केंद्र) हैं, उसके आसपास के 10 किलोमीटर के दायरे में सर्वे करने को कहा गया है. वहीं, एपिक सेंटर के एक किमी के दायरे में स्थित पॉलट्री फॉर्म के मुर्गों को मारने का आदेश दिया गया है. इसके अलावा जहां भी किसी तरह की पक्षी की मौत का सूचना मिले, इसकी जानकारी देने को कहा गया है.

राजधानी में हो चुकी है बर्ड फ्लू की पुष्टि

ज्ञात हो कि राजधानी में बर्ड फ्लू की पुष्टि हो गयी है. कुछ दिनों पहले रांची वेटनरी कॉलेज स्थित पॉल्ट्री फॉर्म में 150 मुर्गियां और लगभग दर्जन भर बटेर मर गये थे. इसके बाद सैंपल टेस्ट के लिए भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (एनआइएचएसएडी) को भेजा गया था. सदर अस्पताल रांची के डॉक्टर घटनास्थल पर पहुंचे थे और वहां पर कार्यरत दो महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए सैंपल लिया. उन्हें आइसोलेशन में रहने का निर्देश दिया गया है.

झारखंड में मंईयां सम्मान योजना में बड़ा 'खेल'

मुर्दों के खाते में भी खटाखट जा रहे थे पैसे, 584 से सूद समेत होगी वसूली

मेदिनीनगर (पलामू), 9 फरवरी (एजेंसियां)। शिवेंद्र कुमार-पलामू डीसी शशिरंजन के आदेश पर 'मंईयां सम्मान योजना' के लाभुकों की जांच की जा रही है. इस दौरान मात्र चार प्रखंडों में 584 अयोग्य लाभुक पाये गये हैं. जिला प्रशासन ने सभी प्रखंडों के बीडीओ को निर्देश दिया है कि जो भी अयोग्य लाभुक हैं, उन्हें चिह्नित कर तत्काल कार्रवाई करें. फर्जी तरीके से लाभ लेनेवालों से सूद के साथ राशि की वसूली की जाये. जांच में जानकारी मिली है कि जिनके परिवार के सदस्य सरकारी नौकरी कर रहे हैं. उनके परिवार के सदस्य भी इस योजना का लाभ ले रहे थे. पारा टीचर, उनके परिवार के सदस्य भी इसका लाभ ले रहे हैं. इसके अलावा स्वास्थ्य सहिया ने भी इस योजना का लाभ लिया है. इसकी पुष्टि जांच में हुई है. पलामू जिले में दिसंबर में तीन लाख 72 हजार 937 लाभुकों के खाते में राशि

भेजी गयी है.

रामगढ़ प्रखंड की नावाडीह पंचायत में मृत महिला उर्मिला देवी और एक अन्य महिला के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि गयी है. इस संबंध में नावाडीह पंचायत के पंचायत सेवक मनीष कुमार सिंह ने बताया कि उर्मिला देवी की मौत तीन महीने पहले हुई है. उन्होंने कहा कि एक और अन्य महिला की भी मौत हुई है. कहा कि इसकी जांच की जा रही है कि मृत होने के बाद उसके खाते में कितनी राशि गयी है या नहीं. बताया कि इस संबंध में जांच कर रामगढ़ के बीडीओ को सूचना दे दी गयी है.

जांच के दौरान पता चला है कि 1050 ऐसे अयोग्य लाभुक हैं, जो दूसरी पेंशन मद से पैसा ले रहे हैं. वैसे लोगों को चिह्नित कर उनके खाते में अभी तक मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं भेजी गयी है. वहीं, जिला प्रशासन ने 2750 ऐसे लोगों को चिह्नित किया है, जिनके द्वारा दो अकाउंट के नाम से फॉर्म अप्लाई किया गया था. वैसे लोगों को भी अब तक राशि नहीं भेजी गयी है.

जांच के दौरान सदर प्रखंड से 189, सतबरवा प्रखंड से 170, लेस्लीगंज प्रखंड से 82 व रामगढ़ प्रखंड से 143 अयोग्य लाभुक पाये गये हैं. सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक विक्रम आनंद ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जितनी संख्या में अयोग्य लाभुकों को चिह्नित किया गया है. संबंधित लोगों की लिस्ट प्रखंड व पंचायत स्तर पर चस्पां किये जाने का निर्देश दिया गया है. अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वह प्रखंड व पंचायत स्तर पर अपनी शिकायत कर सकते हैं. नहीं तो अयोग्य पाये गये लाभुकों से सूद समेत राशि वसूलने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी.

बच्चियों को 10 से 15 हजार रुपये में बेच देती है ये महिला, अब पुलिस ने दबोचा

जमशेदपुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर के परसुडीह लोको कॉलोनी की नाबालिग को बेचने के मामले में आरोपी निशू तियू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह लड़कियों को बेचने के मामले से जुड़ी रही है. उसका काम लड़की को रांची के अंजलि कच्छप के पास पहुंचाना था. इसके ऐवज में उसे 10 से 15 हजार रुपये मिल जाते थे.

कैसे हुई थी आरोपी की अंजलि कच्छप से मुलाकात

इसके अलावा रांची आने जाने का किराया भी अंजलि कच्छप ही देती थी. पूर्व में वह दिल्ली में काम करती थी. इसी दौरान उसकी मुलाकात रांची के अंजलि कच्छप से हुई थी. बाद में वह भी इस काम जुड़ गयी. परसुडीह थाना में पूछताछ के बाद पुलिस ने निशू तियू को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. वह डुमरिया की रहने वाली है और शादी शुदा है. अब पुलिस अंजलि कच्छप की तलाश में जुट गयी है.

अंजलि कच्छप बच्ची को ले जा रही थी दिल्ली

पुलिस के अनुसार, ट्रेन से अंजलि कच्छप एक बच्ची को दिल्ली ले जा रही थी. लेकिन संदेह होने पर रेल पुलिस ने बच्ची को बरामद कर लिया. जबकि आरोपी चकमा देकर भाग निकली. बरामद बच्ची को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा.

सड़क हादसे की जांच से सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

रायपुर में विदेश से बुलाई जा रही लड़कियां, हिरासत में कई लोग

रायपुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। राजधानी रायपुर स्थित वीआईपी रोड पर हुए सड़क हादसे की जांच के दौरान पुलिस ने बड़ा सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। दरअसल, बीते छह फरवरी को उज्बेकिस्तान की एक युवती ने तीन स्कूटी सवार युवकों को टक्कर मार दी। इस मामले में पुलिस युवती और उसके साथ से पूछताछ की। गहरी जांच के बाद पुलिस ने एक संगठित सेक्स रैकेट का खुलासा किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, इस रैकेट में विदेशी युवतियों के साथ ही अन्य राज्यों की लड़कियों की संलिप्तता पाई गई है। इस रैकेट में तेलंगाना और त्रिपुरा की दो युवतियों समेत गैंग के डीलर और लॉजिस्टिक सपोर्ट करने वाले दो सदस्यों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है।

कट मारकर कार सवार ने किया ओवरटेक

बचाने में डिवाइडर से टकराकर पलट गई बस, 24 यात्री घायल

उज्जैन, 9 फरवरी (एजेंसियां)। भोपाल-नर्मदापुरम हाईवे पर कल देर रात उज्जैन से वाराणसी जा रही यात्री बस पलट गई। हादसे में करीब 24 यात्री घायल हो गए, जिन्हें नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के समय बस में करीब 50 यात्री सवार थे। पुलिस के मुताबिक यात्री बस के पीछे से आ रही कार के ड्राइवर ने अचानक कट मारकर ओवरटेक करते हुए बस के सामने आ गई, जिसे बचाने के क्रम में बस डिवाइडर से टकरा कर पलट गई।

मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को निकालना शुरू कर दिया। लोगों ने पुलिस को बताया कि वो बस के पीछे-पीछे ही चल रहे थे, तभी अचानक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उन्होंने तुरंत बस का शीशा तोड़कर यात्रियों को निकाला। हादसा होने के बाद कार में सवार तीन लोग निकलकर भाग गए। इनमें एक युवती भी थी। हादसे में घायल हुए यात्रियों को नोवल अस्पताल, सागर हॉस्पिटल और एम्स में भेजा गया है। इस बस एक्सीडेंट में घायल हुए बस में सवार यात्री राजेश ने बताया कि वह सीहोर से रीवा जाने के लिए बस में बैठे थे। बस भरी हुई थी। बस में जगह न होने के कारण मैं और दो लोग ड्राइवर केबिन में बैठकर सफर कर रहे थे। तभी बहुत तेज रफ्तार में क्रेटा कार ने ओवरटेक किया। उसे बचाने की कोशिश में बस डिवाइडर से टकरा गई। टकराने ने बाद बैलेंस बिगड़ा और 50 मीटर दूर जाकर पलट गई। बस पलटने के बाद कुछ लोग आए, जिन्होंने बस के दरवाजे तोड़कर सवारियों को बाहर निकाला। मैं देख रहा था कि बहुत सी सवारियां खून से लथपथ थीं। किसी की मौत नहीं हुई।

सौ फीट दूर जाकर गिरा पोल

बस जिस जगह डिवाडर से टकराई वहां रोडलाईट पोल था। टक्कर इतनी भीषण थी कि लाइट पोल उखड़कर 100 फिट दूर जाकर गिरा। कांच के टुकड़े हाइवे के पार सर्विस रोड तक जाकर गिरे। बस के परखच्चे 200 मीटर तक फैले हुए थे।

हरियाणा के नूंह से पकड़े गए 5 बांग्लादेशी पश्चिम बंगाल जाने की कर रहे थे तैयारी

नूंह, 9 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में इस समय उथल-पुथल मची हुई है, इसी बीच ऐसी कई खबरें सामने आई हैं जिसमें बांग्लादेश के लोग अवैध रूप से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे थे। हाल ही में हरियाणा के नूंह से 5 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया है। 5 लोगों का एक परिवार अवैध रूप से भारत के नूंह में रह रहा था। इस परिवार को सीएम उड़नदस्ता की कार्रवाई पर गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों को गिरफ्तार किए जाने के बाद सामने आई जानकारी के मुताबिक, यह सभी बांग्लादेशी ईंट-भट्टों पर काम किया करते थे। जब से रेवाड़ी में बांग्लादेशियों को पकड़ा जा रहा था और उसके बाद यह सभी वहां से निकल गए और काम की तलाश में थे। अब यह सभी बांग्लादेशी फिर से बांग्लादेश लौटने की फिराक में थे। इन लोगों में माता-पिता और तीन नाबालिग बच्चे भी शामिल हैं। यह सभी बिना वीजा-पासपोर्ट के नूंह में रह रहे थे।

पकड़े गए बांग्लादेशियों में 34 वर्षीय इम्तियाज पुत्र हसन, पत्नी दुलेली (30 वर्ष) तीन नाबालिग बच्चे—दुलाल (14 वर्ष), बिलाल (12 वर्ष) और राना (9 वर्ष) को हिरासत में लिया गया है। शाम करीब 6 बजे गुप्तचर इकाई नूंह की सूचना पर इंस्पेक्टर राजेश कुमार इन्चार्ज मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी ने 5 सदस्य बंगलादेशी परिवार को बड़कली चौक नगीना से ऑटो में नूंह की तरफ आते हुए गांव भादस थाना क्षेत्र नगीना के एरिया में पकड़ा। पूछताछ के बाद इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान गुप्तचर इकाई नूंह से निरीक्षक सतेन्द्र कुमार साथ रहे।

पुलिस के मुताबिक, बांग्लादेशी व्यक्तियों ने बताया कि 22 जनवरी 2025 को जब रेवाड़ी में बांग्लादेशियों पर एक्शन लिया गया तो यह सभी लोगग रेवाड़ी से इधर-उधर भटकने लगे। यह लोग ईंट-भट्टे का काम करते थे, लेकिन पुलिस के एक्शन लेने के बादईंट भट्टा मालिकों ने इन्हें काम नहीं दिया। इन लोगों ने बताया कि यह लोग यहां से दिल्ली जा रहे थे और दिल्ली जाकर वो वहां से रेल से पश्चिम बंगाल जाते। परिवार के मुखिया इम्तियाज की उम्र करीब 35 वर्ष है। इम्तियाज ने बताया कि वो करीब 10-12 साल की उम्र में भारत आया था। पुलिस अब इन्हें कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। साथ ही तीन नाबालिग बच्चों को बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेजने की तैयारी की जा रही है।

बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त के महीने से उथल-पुथल मची हुई है। देश में अगस्त में तख्तापलट हुआ था। इसी के बाद आंदोलन के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हुआ और देश में हिंसा देखी गई। इसी के बाद कानून और व्यवस्था को फिर से स्थापित करने के लिए मोहम्मद यूनुस की कमान में अंतरिम सरकार का गठन किया गया। इसी के बाद इन दिनों ऐसी कई खबरें सामने आई जिसमें बताया गया कि बांग्लादेशी अवैध रूप से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। इसी के साथ हाल ही में एक्टर सैफ अली खान पर अटैक हुआ।

जांच के बाद सामने आया सैफ के घर में चोरी के मकसद से घुसने वाला आरोपी शरीफुल भी बांग्लादेशी था और वो अवैध तरीके से भारत में रह रहा था। इसी के साथ भारत में कई बार बांग्लादेशी अवैध लोगों को पकड़ने के लिए एक्शन लिया गया है। हाल ही में जनवरी में दिल्ली में भी 5 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को भी पकड़ा गया था जो काम के चलते भारत में रह रहे थे।

प्रेमी बन गया जल्लाद? प्रेमिका की हत्या कर शव के साथ रेप, ऐसे हुआ खुलासा

नागपुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। नागपुर के हुडकेश्वर थाना क्षेत्र में एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। बीते दिन हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपी ने शव के साथ भी दुष्कर्म किया इस बात की पुष्टि हुई है। यौन संबंध बनाने से इनकार करने पर अपनी शादीशुदा प्रेमिका की उसके प्रेमी ने गला घोंटकर हत्या कर दी और इसके बाद उसने उसके शव के साथ रेप किया। इस अमानवीय कृत्य का खुलासा तब हुआ जब महिला की बेटी स्कूल से घर आई। फिलहाल, आरोपी रोहित गणेश टेकाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस के मुताबिक 32 वर्षीय विवाहिता हुडकेश्वर खुर्द में रहती थी। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश की रहने वाली है और छह साल पहले काम की तलाश में अपने पति के साथ नागपुर आई थी। उसका पति सुबह ढाबे पर काम करने के बाद सीधे आधी रात को घर आता है, वह शराब की आदी थी। कंस्ट्रक्शन इंजीनियर रोहित टेकाम दो साल पहले हुडकेश्वर खुर्द में एक बिल्डिंग के निर्माण का काम कर रहा था तब पीड़िता और रोहित की जान-पहचान हुई थी।

'पहले भी घर आता था आरोपी'

पुलिस ने कहा कि दोनों में प्रेम प्रसंग शुरू होने के बाद जब उसका पति घर पर नहीं होता तो रोहित हमेशा उससे मिलने आता था। गुरुवार को पति के काम पर जाने के बाद पीड़िता ने रोहित को घर बुलाया। ऐसे में रोहित महलगांव कापसी से काम छोड़कर उसके घर आ गया।

'शारीरिक संबंध बनाने से मना करने पर की हत्या'

रोहित और पीड़िता ने शराब पी और खाना खाया। बाद में रोहित ने पीड़िता से शारीरिक संबंध की मांग की। उसने उसे मना कर दिया, इससे नाराज होकर रोहित ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर पिड़िता के शव के साथ बलात्कार किया और भाग गया। शाम को बच्ची स्कूल से घर आई तो घटना का पता चला। फिलहाल हुडकेश्वर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि शव के साथ दुष्कर्म किया गया है। पुलिस ने पीड़िता के मोबाइल फोन की कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर रोहित को गिरफ्तार कर लिया है ।

चंडीगढ़ में कांग्रेस का बीजेपी के खिलाफ प्रदर्शन

बेड़ियों में बांधकर भारतीयों की अमेरिका से वापसी

चंडीगढ़, 9 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका से भारतीयों को डिपोर्ट किए जाने का मामला संसद में गूंजा। अब चंडीगढ़ कांग्रेस आज (9 फरवरी) इस मुद्दे पर प्रदर्शन कर रही है। भारतीयों को हाथ-पांव में बेड़ियां बांध कर डिपोर्ट करने की जानकारी सामने आई थी जिसके खिलाफ चंडीगढ़ कांग्रेस ने आज प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को तीतर-बीतर करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया और कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज भी किया। चंडीगढ़ कांग्रेस के सेक्टर 35 स्थित कार्यालय से कार्यकर्ता चंडीगढ़ बीजेपी के सेक्टर 33 स्थित कार्यालय जाना चाहते थे लेकिन पुलिस ने कांग्रेस दफ्तर के नजदीक ही उन्हें रोक लिया। आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल और लाठी चार्ज भी किया।

मनीष तिवारी का विदेश मंत्री पर निशाना

इस बीच चंडीगढ़ से कांग्रेस के सांसद मनीष तिवारी ने इस मुद्दे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर से सवाल किया है। मनीष तिवारी ने 'एक्स' पर लिखा, "अमेरिका के अनुमान के मुताबिक वहां 7.25 लाख गैर-दस्तावेज वाले भारतीय रह रहे हैं। अमेरिका के डिटेंशन कैम्प में 24 हजार भारतीय हैं। 487 के खिलाफ फाइनल डिटेंशन ऑर्डर जारी हुआ है। 487 में 298 की भारतीय के रूप में पहचान हुई है। क्या 7.25 लाख भारतीयों को हाथ में हथकड़ी लगाकर भेजा जाएगा, अमेरिकी मिलिट्री प्लेन में उनके मानवीय अधिकार छीन लिए जाएंगे ? तब जब एस जयशंकर दुनियाभर के बेतुके सम्मेलनों में भाग ले रहे हैं।"

अमेरिका से भेजे गए 100 से ज्यादा भारतीय

बता दें कि कुछ दिन पहले 104 भारतीयों को अमेरिका ने अपने मिलिट्री प्लेन से डिपोर्ट किया था। इनमें पंजाब के अलावा हरियाणा और गुजरात के भी निवासी थे जो गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गए थे। ऐसी जानकारी सामने आई थी कि डिपोर्ट किए गए लोगों के हाथ बंधे हुए थे। इस मुद्दे को विपक्षी सांसदों ने लोकसभा में जोर-शोर से उठाया था। केंद्र सरकार पर अमेरिका की इस कार्रवाई को लेकर जवाब भी मांगा था।

पूर्व केंद्रीय मंत्री की बेटी के साथ ठगी प्रोड्यूसर पर लगाए आरोप

देहरादून, 9 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की बेटी ने मुंबई के एक प्रोडक्शन हाउस पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। अरुषि निशंक के मुताबिक, उनके साथ 4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई है। देहरादून के एक पुलिस स्टेशन में उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई है। अरुषि निशंक एक अभिनेत्री और फिल्म निर्माता हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि मिनी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के मानसी और वरुण बगला ने उनके देहरादून घरल पर उनसे मुलाकात की और फिर आगामी फिल्म में निवेश लिए चर्चा की। इस प्रोडक्शन हाउस ने पहले 2022 की क्राइम-थ्रिलर 'फोरेंसिक' का बनाई थी, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी और राधिका आप्टे ने एक साथ नजर आए थे। उन्हें पूरी तरह से इस फिल्म में निवेश के लिए भरोसा दिलाया। विश्वास होने पर उन्होंने फिल्म में निवेश किया, लेकिन बाद में उन्हें भी छोड़ दिया गया। एफआईआर में उन्होंने बताया है कि उनकी गढ़वाली पृष्ठभूमि होने की वजह से उनका मजाक बनाया गया और धमकी भी दी गई। उन्होंने कहा कि बताया कि उनसे मिलने वाले लोगों ने खुद को मिनी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक के बताया। उन्होंने बातचीत के दौरान बताया कि वो अभिनेता शनाया कपूर और विक्रांत मैसी को लेकर एक फिल्म बना रहे हैं। वो इन्हें भी अभिनय का मौका देंगे। लेकिन, कहा कि मुझे यह भूमिका तभी मिलेगी जब मैं इस परियोजना में 5 करोड़ रुपये का निवेश करूंगी। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि इस निवेश से मेरी फर्म को 20 प्रतिशत फायदे वाली हिस्सेदारी मिलेगी, जो अनुमानित 15 करोड़ रुपये से अधिक है।

हैम रेडियो के संचालकों ने पता लगाए संदिग्ध सिग्नल, चरमपंथी गतिविधियों को लेकर बढ़ी चिंता

कोलकाता, 9 फरवरी (एजेंसियां)। पिछले दो महीनों में हैम रेडियो के संचालकों ने दक्षिण बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बांग्ला, उर्दू और अरबी में संदिग्ध सिग्नल का पता लगाया है, जिसने संभावित चरपंथी गतिविधियों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह घटना बांग्लादेश में जारी अशांति और भारत विरोधी बयानबाजी के बीच सामने आई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। हैम या शौकिय रेडियो संचालकों को केंद्रीय संचार मंत्रालय से लाइसेंस हाशिल है और उन्हें विशिष्ट रेडियो फ्रीक्वेंसी का उपयोग करके संचार करने का अधिकार होता है। पहली बार दिसंबर 2024 में रेडियो सिग्नल का पता लगाया गया था। तब हैम रेडियो संचालकों ने उत्तर 24 परगना के बशीरहाट और बोगांव के साथ-साथ दक्षिण 24 परगना के सुंदरबन में बांग्ला, अरबी और उर्दू में अनाधिकृत संचार का पता लगाया। इसके बाद ऑपरेटरों ने संचार मंत्रालय को इसकी जानकारी दी और बाद में इन्हें कोलकाता के अंतरराष्ट्रीय निगरानी स्टेशन को ट्रैक करने के लिए भेजा गया। पश्चिम बंगाल रेडियो क्लब के सचिव अंबरीश नाग बिस्वास ने पीटीआई से कहा, ये संदिग्ध रेडियो सिग्नल रात एक बजे से तीन बजे के बीच पकड़े गए। ये बांग्लादेशी उच्चारण के साथ बांग्ला, उर्दू और अरबी भाषा में हैं। कभी-कभी सिग्नल किसी दूसरी भाषा में भी होते हैं, जिन्हें हम पहचान नहीं पाते जब भी हमने बात करने वालों से उनकी पहचान पूछी, तो वे चुप हो गए। बिस्वास ने कहा, इस तरह का पहला सिग्नल दिसंबर के मध्य में उत्तर 24 परगना जिले के सोदेपुर में एक हैम रेडियो ऑपरेटर ने पकड़ा था। शुरू में हमने इसे ज्यादा महत्व नहीं दिया, लेकिन फिर बशीरहाट, बोंगाव और बाद में दक्षिण 24 परगना जिले से भी इसी तरह के सिग्नल मिले।

जनवरी के मध्य में भी गंगासागर मेले के दौरान कई हैम रेडियो उपयोगकर्ताओं ने इन संदिग्ध सिग्नल को सुनने की बात कही। भारत और बांग्लादेश के बीच 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा है, जिसमें से 2,217 किलोमीटर पश्चिम बंगाल के साथ लगती है। इसका अधिकतर हिस्सा खुला है। पिछले साल अगस्त में ढाका में शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद बढ़े तनाव के बीच सीमा सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उभरा है। पांच अगस्त को हसीना के भारत आने के बाद से दोनों पड़ोसियों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं।

मनमाने तरीके से कलेक्टर ने जारी किया जिला बदर का आदेश, हाईकोर्ट ने किया निरस्त, लगाया जुर्माना

जबलपुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। किसी भी आपराधिक प्रकरण में सजा से दंडित नहीं होने के बावजूद जिला बदर की कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने कलेक्टर और संभाग आयुक्त के आदेश को मनमाना तथा विधि विरुद्ध करार देते हुए आदेश को खारिज कर दिया। एकलपीठ ने सरकार पर 25 हजार का जुर्माना लगाते हुए उक्त राशि याचिकाकर्ता के बैंक खाते में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता छिंदवाड़ा निवासी भूरा कौरव की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि उसके खिलाफ साल 2008 से 2023 के बीच आईपीसी की धाराओं के तहत 14 अपराधिक तथा सीआरपीसी की धारा 110 के तहत तीन प्रकरण हुए थे। पांच अपराधिक प्रकरण जुआ एक्ट के तहत दर्ज हुए थे। उसके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई हुई थी। दर्ज अधिकांश आपराधिक प्रकरण में वह दोषमुक्त हो गया है। इसके बावजूद जिला कलेक्टर ने 30 अक्तूबर 2024 को उसके विरुद्ध जिला बदर का आदेश पारित किया था। याचिका में कहा गया था कि आदेश में एक आपराधिक प्रकरण को लंबित बताया गया है, जिसमें वह दोषमुक्त हो गया है। इसके अलावा आदेश पारित करते के पहले जिला कलेक्टर ने किसी भी गवाह के बयान भी दर्ज नहीं किए। जिला कलेक्टर के आदेश को चुनौती देते हुए उसने संभागायुक्त जबलपुर के समक्ष अपील दायर की थी। संभागायुक्त के द्वारा अपील खारिज किए जाने के कारण उक्त याचिका दायर की गई है।

हाईकोर्ट ने कलेक्टर और संभाग आयुक्त के आदेश को मनमाना और विधि संगत नहीं पाते हुए उसे निरस्त कर दिया। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के दिये प्रावधानों का पालन नहीं करते हुए विधि विरुद्ध आदेश जारी किये है। एकलपीठ ने जिला बदर के आदेश को निरस्त करते हुए सरकार पर 25 हजार का जुर्माना लगाते हुए उक्त राशि का चेक आवेदक को प्रदान करने के निर्देश जारी किए हैं।

भोपाल की 110 दुकानों पर बुलडोजर चला

लोहे के शटर और दीवारों को तोड़कर किया गया ध्वस्त

भोपाल, 9 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मोती नगर कॉलोनी के 110 दुकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने सुभाष नगर के मोती नगर में स्थित 110 दुकानों के 500 मीटर दूर तक पुलिस की बेरिकेडिंग की है। किसी के आने-जाने की सख्त मनाही है। यहां तक की मीडिया का जाना भी प्रतिबंधित है। बुलडोजर के एक्शन से दुकानों के शटर और दीवारें तोड़ी जा रही हैं। दुकानों पर बुलडोजर चलता देख आसपास के लोग हैरान हैं। दुकान के मालिक और बिजनेसमैन भी काफी आक्रोशित हैं। सुभाष नगर की 110 दुकानों को गिराए जाने के लिए 10 जेसीबी, 30 डंपर, 12 ट्रैक्टर ट्रॉली और दो पोकलेन मशीन समेत 50 से ज्यादा लोडिंग गाड़ियां लगाई गईं। 5 दिन के लंबे इंतजार के बाद भोपाल के सुभाष नगर इलाके में रेलवे की अवैध जमीन पर बनी मोती नगर बस्ती की 110 दुकानों पर सीएम मोहन यादव का बुलडोजर चला है। 110 दुकानों को तोड़ने से पहले इलाके को छावनी में तब्दील किया गया। तीन लेयर बैरिकेडिंग कर 1200 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए। एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने कहा कि रेलवे की जमीन पर 110 मकान और दुकान बने हैं। हाई कोर्ट का निर्णय था कि यहां से रेलवे की चौथी पटरी और सुभाष नगर ब्रिज की तीसरी आर्म निकालनी है।

लाडकी बहिन योजना की लाभार्थियों में बड़ी गिरावट! सरकार बोली- अयोग्य महिलाओं से वापस नहीं लेंगे स्कीम के पैसे

मुंबई, 9 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में जून 2024 में महायुति सरकार ने माझी लाडकी बहिण योजना (लाडली बहन योजना) की शुरूआत की थी। ये योजना महायुति गठबंधन की अप्रत्याशित जीत की एक बड़ी वजह भी बनी। हालांकि दिसंबर 2024 में इस योजना के लाभार्थियों की संख्या में कमी दर्ज की गई है। एक महिला और बाल विकास अधिकारी ने बताया है कि इस योजना के लाभार्थियों की संख्या दिसंबर 2024 में 2.46 करोड़ से घटकर पिछले महीने 2.41 करोड़ हो गई है, क्योंकि कई कारणों से पांच लाख महिलाएं अयोग्य पाई गईं। महाराष्ट्र की महिला और बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि साल 2024 के जुलाई से दिसंबर के बीच इन महिलाओं के खाते में 450 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। हालांकि सरकार ये रकम वापस लेने की मंशा नहीं रखती है। इस योजना के तहत, 21-65 आयु वर्ग की महिलाएं जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है, उन्हें सहायता के तौर पर प्रति माह 1500 रुपये मिलते हैं। पात्रता की अन्य शर्तों में चार पहिया वाहन न होना और परिवार के किसी सदस्य का सरकारी सेवा में न होना शामिल है। महिला और बाल विकास मंत्री ने कहा कि जिन्हें अयोग्य घोषित किया गया है, उन्हें आगे के लाभ नहीं मिलेंगे, लेकिन पहले से जमा की गई राशि को वापस लेना उचित नहीं होगा। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी ने कहा कि 5 लाख महिलाओं में से जिन्हें अयोग्य माना गया, 1.5 लाख 65 वर्ष से अधिक उम्र की पाई गईं, जबकि 1.6 लाख या तो चार पहिया वाहन रखती थीं या नमो शेतकारी योजना जैसी अन्य सरकारी योजनाओं की लाभार्थी थीं। लगभग 2.3 लाख महिलाएं संजय गांधी निराधार योजना के तहत लाभ प्राप्त कर रही थीं, जिससे वे लड़की बहन योजना के लिए अयोग्य हो गईं।

भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए होगा एसआईटी का गठन वीरेंद्र सचदेवा ने किया ऐलान

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का ऐलान किया है। बीजेपी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पार्टी भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त न करने की नीति रखती है और घोटाले में शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार कहा है, और हमने भी कहा है, कैबिनेट की पहली बैठक में कैग की रिपोर्ट पेश की जाएगी। हम भ्रष्टाचार के सभी मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का भी गठन करेंगे। बीजेपी की जीत के बाद ही सवाल उठने लगा है कि दिल्ली का अगला सीएम कौन होगा। इसी को लेकर वीरेंद्र सचदेवा से भी सवाल पूछा गया। जिस पर उन्होंने कहा, पार्टी एक व्यवस्थित दृष्टिकोण अपनाती है और ऐसे निर्णय केंद्रीय नेतृत्व पर छोड़ देती है, जैसा कि अन्य राज्यों में भी देखा गया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद राजधानी में बीजेपी की सत्ता कायम हो गई है। बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच मुकाबला था और एग्जिट पोल बहुत हद तक सही साबित हुआ।

तब क्यों चुप रहे?, दिल्ली चुनाव के नतीजे पर अन्ना हजारे के बयान से घमासान, संजय राउत ने साधा निशाना

मुंबई, 9 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे के आने के बाद वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे सुर्खियों में आ गए हैं। उनके बयान को लेकर अब शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने सवाल उठाया है। राउत ने कहा कि अन्ना हजारे दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की हार से खुश हैं। राउत ने हजारे से यह सवाल भी किया कि जब केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ पिछले कुछ वर्षों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे, तब हजारे क्यों चुप रहे? राउत ने संवाददाताओं से बातचीत

के दौरान कहा, जब मोदी के शासन में भ्रष्टाचार हुआ, तब हजारे कहां थे? केजरीवाल की हार पर हजारे खुश हैं, लेकिन जब देश के खजाने को लूटा जा रहा है और एक ही उद्योगपति के हाथों में सारा धन जा रहा है, तो हजारे की चुप्पी के पीछे क्या रहस्य हो सकता है? इसके बाद उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महाराष्ट्र और दिल्ली के मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर समान पैटर्न देखा गया। उन्होंने कहा कि हजारे ने इस मामले पर भी चुप्पी साधे रखी है, जबकि हरियाणा में भी ऐसी ही शिकायतें आईं। संजय राउत ने भविष्य में बिहार चुनावों में भी ऐसी समस्याएं सामने आने का अंदेशा जताया। संजय राउत ने 2014 में बीजेपी के सत्ता में आने के बाद से चुनावी प्रक्रियाओं में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा, चुनावों में संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया जा रहा है। जीती हुई सीटें जोड़-तोड़ और धनबल के माध्यम से हासिल की जा रही हैं। राउत ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार का मुख्य कारण जोड़-तोड़ और धनबल का इस्तेमाल था। इस चुनाव में बीजेपी ने 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतकर आम आदमी पार्टी की सत्ता को खत्म कर दिया है, जिसमें प्रमुख हारने वाले नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहे।

हेडक्वार्टर में फर्जी बिल लगाकर उड़ा लिए करोड़ों रुपये, तीन पुलिसकर्मियों का कारनामा

भोपाल, 9 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पुलिस हेडक्वार्टर में धांधली की खबर है. यह धांधली किसी और ने नहीं, बल्कि यहां एकाउंट शाखा में तैनात तीन पुलिसकर्मियों ने ही किया है. आशंका है कि फर्जी बिल लगाकर इन पुलिसकर्मियों ने सरकारी खजाने से तीन करोड़ से भी अधिक रकम की हेरफेर की है. मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस मुख्यालय ने जांच के लिए स्पेशल टीम का गठन किया है. पहली बार यह मामला जनवरी महीने के शुरू में सामने आया था. इसके बाद 5 जनवरी को इन तीनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ भोपाल के जहांगीराबाद थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अरेस्ट किया गया था. पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि सूबेदार नीरज कुमार, हरिहर सोनी और हर्ष वानखेड़े हेडक्वार्टर में 3 साल से फर्जी बिल लगा रहे थे. हालांकि यह तीनों उस समय पकड़ में आए, जब इन्होंने 75 लाख रुपए अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए. आरोपी पुलिसकर्मी कभी खुद के बीमार होने का बिल लगाते तो कभी अपने परिवार के किसी सदस्य को बीमार बता कर मुख्यालय में फर्जी बिल पेश कर देते थे. इनकी ओर से लगातार सामने आ रहे बिलों पर ट्रेजरी संचालक को संदेह हुआ तो उन्होंने लेखा शाखा के अफसरों को इस संबंध में पत्र लिखा था.

बजट में हो सकती है यह बड़ी घोषणा, तैयारी में जुटे अधिकारी

जयपुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कृषि विभाग ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत राज्य के सभी 41 जिलों में प्राकृतिक खेती कराने की तैयारी कर ली है। सभी जिलों को लक्ष्य भी आवंटित किए जा रहे हैं। मौजूदा वित्तीय वर्ष में प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 से यह योजना लागू हो जाएगी। कृषि विभाग के अधिकारी इसकी तैयारी में जुट गए हैं। सूत्रों के अनुसार राज्य बजट में इस मद के लिए राशि की घोषणा की जा सकती है।

एक किसान को मिलेगी 0.4 हेक्टेयर भूमि पर प्रोत्साहन राशि

एक किसान को 0.4 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती करने पर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। ज्यादा भूमि पर एक साथ प्राकृतिक खेती से उत्पादन प्रभावित होगा, इसलिए इसकी शुरुआत कम क्षेत्रफल से की जा रही है। इसका उद्देश्य किसान की कुछ कृषि भूमि को प्राकृतिक खेती के योग्य बनाना है। देश के सभी राज्यों में शुरू की जाने वाली इस योजना के तहत उत्तरप्रदेश के बाद राजस्थान को सबसे ज्यादा लक्ष्य दिया गया है। राज्य में 90 हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जाएगी। देशभर में 7.5 लाख हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। आगामी वित्तीय वर्ष में इस पर 1584 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

राजस्थान में ऐसे लागू होगी योजना

1- 1800 क्लस्टर बनेंगे राज्य में।

2- 50 हेक्टेयर का एक क्लस्टर होगा।

3- 01 क्लस्टर में 125 किसान सदस्य होंगे।

4- 60 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि केन्द्र सरकार देगी।

5- 40 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार देगी।

कोई भी उपज कर सकेंगे

किसान इस योजना के तहत कोई भी फसल या सब्जी का उत्पादन कर सकेंगे। किसान की भूमि का एक भाग प्राकृतिक खेती के लिए तैयार किया जाएगा।

भाजपा सांसद बोले- आदिवासी हिन्दू हैं

तो नाराज बीएपी के विधायक उमेश डामोर व कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध कर दिया

डूंगरपुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। बेणेश्वर मेले के उद्घाटन समारोह में आदिवासीजन के हिन्दू होने के मुद्दे पर फिर सियासी पारा गर्माया। उदयपुर से भाजपा सांसद मन्नालाल रावत ने कहा कि आदिवासी सनातन व अनादिकाल से सनातन हिंदू धर्म से जुड़ा हुआ है, जो अस्थि विसर्जन, त्रिवेणी में स्नान, पूजा-अर्चना सहित धार्मिक क्रिया-कर्म कर रहा है। सांसद ने राजनीतिक दल का नाम लिए बिना कहा कि कुछ विचारधारा के लोग आदिवासी को हिंदू नहीं कहते हैं। यह बात छत्तीसगढ़ के एक ईसाई मिशनरी ने कही थी। पूर्व विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि सन्त मावजी महाराज ने धर्म का प्रचार-प्रसार किया। हमें भी एकसाथ आपस में भाई-चारे व सामाजिक समरसता से रहना होगा।

मेले में प्रभुत्वजनों का बोलबाला – विधायक उमेश डामोर

सांसद के बयान के दौरान ही आसपुर से बीएपी के विधायक उमेश डामोर व कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध कर दिया। विधायक ने कहा कि मेले में प्रभुत्वजनों का बोलबाला है। यहां सभी राज्यों के लोग आते हैं। ये झारखंड-छत्तीसगढ़ की बात करते हैं, लेकिन विकास के मामले चुप रहते हैं। काफी देर तक माहौल गर्माया रहा।

बीएपी नेता और भाजपा नेताओं में हुई तू-तू, मैं-मैं

एक मौके पर तो जुबानी जंग इतनी अधिक बढ़ गई कि बीएपी नेता और भाजपा नेताओं में लगभग तू-तू, मैं-मैं की स्थिति आ गई। दोनों पक्ष आदिवासियों के हिन्दू होने, न होने के मुद्दे पर खासी तकरार में पड़ गए। मामला इतना बढ़ गया कि पूर्व विधायक गोपीचंद मीणा एवं बीएपी विधायक उमेश डामोर आमने-सामने हो गए तथा कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम छोड़कर जाने लगे।

अफसरों ने शांत कराया गरम मामला

एसडीएम सोनू कुमार, तहसीलदार नारायणलाल डामोर सहित अन्य अधिकारियों ने समझाइश कर मामला शांत किया।

बांग्लादेश मामले में अशोक गहलोत का सवाल

जयपुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश में एक बार फिर भड़की हिंसा पर राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार पर सवाल दागे। बांग्लादेश में हुई हिंसा में अब तक 23 हिन्दुओं की हत्या हो चुकी है। पर केंद्र सरकार खामोश है। अशोक गहलोत ने सवाल किया कि आखिर केंद्र सरकार वैश्विक प्लेटफॉर्म्स पर अभी तक कोई भी बयान नहीं दे रही है।

कूटनीतिक कदम उठाने चाहिए

कांग्रेस के दिग्गज नेता अशोक गहलोत ने आज रविवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 10 पर लिखा कि बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से हुई हिंसा में 23 हिन्दुओं की हत्या हो चुकी है एवं 152 मंदिरों में तोड़फोड़ की जा चुकी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी परिस्थिति के बावजूद भारत सरकार ने वैश्विक प्लेटफॉर्म्स पर अभी तक कोई भी बयान देना या बांग्लादेश पर दबाव डालना उचित नहीं समझा है। भारत सरकार को बांग्लादेश में हिन्दुओं एवं तमाम अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर लगाम लगाने के लिए कूटनीतिक कदम उठाने चाहिए।

एक बार फिर बांग्लादेश में भड़की हिंसा

बांग्लादेश में सत्ता पलटने के बाद से ही हालात लगातार बिगड़ रहे है। एक बार फिर बुधवार रात को बांग्लादेश में हिंसा हुई। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के राष्ट्रपति बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के आवास पर तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने इमारत में आग भी लगा दी। इससे भी बात नहीं बनी तो बुलडोजर चलवा दिया और साथ ही साथ भड़काऊ नारे लगाए गए, भाषण दिया गया। हिंसक प्रदर्शनकारियों कई हिंदुओं के घरों को भी निशाना बनाया है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

नाबालिग को भगाकर की थी शादी

अलवर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। अलवर शहर की अरावली विहार थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अरावली विहार थाना प्रभारी रामेश्वर लाल ने बताया कि 9 सितंबर 2024 को थाना क्षेत्र की रहने वाली एक पीड़िता की मां ने थाने पर उपस्थित होकर एक परिवाद दिया था कि उसकी नाबालिग बच्ची घर से गुमशुदा हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस की जांच में पता चला कि पीड़िता गोलू सैनी निवासी लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के साथ चली गई है और दोनों ने गाजियाबाद जाकर शादी कर ली है। मामले के बाद पीड़िता की मां ने न्यायालय में परिवाद पेश कर कहा कि कि मेरी बेटी नाबालिग है, उसकी उम्र करीब 17 साल है। जिसके बाद पुलिस ने पोक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अब आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा और पुलिस पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल कर रही है। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही आरोपी छिपता फिर रहा था। पुलिस उसके घर भी गई, लेकिन वह वहां नहीं मिला। बाद में पुलिस को सूचना मिली कि वह किसी अन्य स्थान पर छिपा हुआ है, जिसके बाद पुलिस ने वहां दबिश देकर उसे पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर गाजियाबाद ले गया और उसके साथ विवाह कर लिया था। आरोपी के खिलाफ करीब पांच महीने पहले मामला दर्ज हुआ था, लेकिन वह तभी से पुलिस की पकड़ से बाहर था।

सतीश पूनिया जिन पांच जाट बाहुल्य सीटों पर दिल्ली में प्रचार किया, उन सभी पर जीती भाजपा

जयपुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के बाद दिल्ली में भी राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया का चुनाव प्रबंधन कौशल नजर आया है। बीजेपी ने दिल्ली में पूनिया को पांच विधानसभा सीटों पर प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी थी, इन सभी सीटों पर बीजेपी प्रत्याशी जीते हैं। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने सतीश पूनियां को जाट बाहुल्य नजफगढ़ जिले की पांच विधानसभा सीटों की चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी थी, इन सभी सीटों पर भाजपा ने जबरदस्त जीत दर्ज की है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सतीश पूनिया ने नजफगढ़ जिले की नजफगढ़, विकासपुरी, उत्तम नगर, मटियाला और द्वारका विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रबंधन और कैंपेनिंग की थी। पूनिया ने करीब 1 दर्जन से अधिक सभा और सम्मेलन किए थे।

सतीश पूनिया ने 5 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने के साथ-साथ लगभग एक दर्जन सीटों पर पन्ना प्रमुख सम्मेलन, ओबीसी सम्मेलन, प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन, प्रबुद्धजन सम्मेलन, उद्यमी सम्मेलन, किसान सम्मेलन, प्रमुख कार्यकर्ता बैठक, बूथ सम्मेलन जैसे कई कार्यक्रमों में भी भाग लिया। वे करीब एक महीने तक प्रचार के लिए दिल्ली में ही रुके। पूनियां ने दिल्ली वासियों का जताया आभार सतीश पूनियां ने कहा कि दिल्लीवासियों ने भाजपा को जीत का आशीर्वाद देकर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर मुहर लगाई है, और भ्रष्टाचार और कुशासन को पोषित करने वाली आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

पारिवारिक रंजिश में युवक का अपहरण

पुलिस ने चार घंटे में छुड़ाया, दो गिरफ्तार

जालौर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। जालौर जिले के सरवाना थाना क्षेत्र में पारिवारिक रंजिश के चलते एक युवक का अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज चार घंटे में अपहृत युवक को सुरक्षित बरामद कर लिया और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त पिकअप ट्रॉला भी जब्त कर लिया है।

सरवाना थाना पुलिस के अनुसार, 7 फरवरी को सुरेश कुमार पुत्र बाबूलाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसका भाई गेनाराम सुथार (निवासी सरवाना) अपने घर से गांव में सामान लेने निकला था। दोपहर करीब 2 बजे, एक पिकअप वाहन में सवार चार लोगों ने रास्ता पूछने के बहाने गेनाराम को रोका और जबरदस्ती वाहन में डालकर अपहरण कर लिया। पुलिस के मुताबिक मोहन भाई पुत्र करसन भाई सुथार , विक्रम भाई पुत्र करसन भाई सुथार (निवासी रड़का, गुजरात) सहित दो अन्य अज्ञात व्यक्ति आरोपी हैं। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि गेनाराम के भाई मांगीलाल ने पहले विनोद भाई पुत्र करसन भाई सुथार (निवासी रड़का, गुजरात) की सगाई की हुई लड़की से शादी कर ली थी। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने बदला लेने की नीयत से गेनाराम का अपहरण किया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में थानाधिकारी सूरजभान सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की। 4 घंटे के भीतर अपहृत गेनाराम को सरहद रड़का, गुजरात से बरामद कर लिया गया और उसे परिजनों को सौंप दिया।

टांके में मिले मां और 10 महीने के बेटे का शव

पति दहेज़ में मिला 10 तोला सोना बेचकर पीहर से और सोना लाने की करता था मांग

जोधपुर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। जोधपुर के राजीव गांधी नगर थानान्तर्गत जैसलमेर हाईवे पर पूनियों की प्याऊ गांव के जसनाथ नगर स्थित मकान के टांके में मां और 10 महीने के बेटे के संदिग्ध हालात में शव मिलने से सनसनी फैल गई। पीहर पक्ष का आरोप है कि पति ने हत्या के बाद शव टांके में डाले हैं।

पुलिस के अनुसार जसनाथ नगर निवासी पूजा (25) और दस माह के पुत्र दुग्यांशु के शव मकान में बने टांके में मिले। चिंचड़ली गांव निवासी मृतका के भाई श्रवणराम पुत्र मोहनराम जाट ने अपने बहनोई खंगारराम के खिलाफ दहेज के लिए तंग और प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाकर एफआइआर दर्ज कराई है।

भाई का आरोप है कि 22 अप्रेल 2022 को उसकी बहन पूजा की शादी पूनियों की प्याऊ निवासी खंगारराम पुत्र बोराराम जाट से हुई थी। दस महीने पहले पुत्र दुग्यांशु का जन्म हुआ था। मां व बेटे के टांके में डूबने की सूचना मिली। पीहर वाले जसनाथ नगर पहुंचे तो पुलिस मौके पर जांच कर रही थी। जांच के बाद पूजा व दुग्यांशु के शव टांके में से बाहर निकलवाए गए। जिन्हें मोर्चरी भेजा गया। भाई का कहना है कि मृतका के मुंह से झाग निकल रहे थे। इससे अंदेशा है कि हत्या कर शव टांके में डाले गए हैं।

समझाइश के बाद भेजा था पीहर

घरवालों का कहना है कि पति खंगारराम की प्रताड़नाओं से परेशान होकर पूजा पीहर आ गई थी। दो-तीन महीने तक वह पीहर में ही रही थी। समाज स्तर पर समझाइश के बाद कुछ समय पहले ही उसे ससुराल भेजा गया था।

बहन से कहा था, पति जान से मार देगा

मृतका के भाई का आरोप है कि पूजा ने छह जनवरी की शाम अपनी बहन किरण को फोन किया था। उसने कहा था कि पति ने दहेज में दिए 10 तोला सोने के जेवर बेच दिए हैं। अब वह पीहर से और सोना लाने के लिए तंग और प्रताड़ित कर रहा है। उसने धमकी दी है कि सोना न लाने पर वह उसे जान से मार देगा। वह जिंदा नहीं बचेगी।

स्पा सेंटर में चल रहा था 'गंदा' काम

पुलिस ने मारा छापा तो मच गया हड़कंप

बाड़मेर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में आए दिन स्पा सेंटरों में अनैतिक गतिविधियों की खबरें सामने आती रहती है। स्पा सेंटरों की आड़ में गंदे काम हो रहे है। जिसकी सूचना पर पुलिस छापामारी भी करती है। इसके बाद भी स्पा सेंटर में बेखौफ गंदे काम हो रहे है। ताजा मामला राजस्थान के बालोतरा जिले में सामने आया है।

जिले के पचपदरा में स्पा की आड़ में अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। जहां अन्य राज्यों की पांच युवतियों व तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पुलिस जैसे ही स्पा सेंटर पर पहुंची तो वहां के हालात देखकर दंग रह गई। वहीं, पुलिस को देखकर स्पा सेंटर में मौजूद लड़के-लड़कियां बुरी तरह घबरा गए और इधर-उधर भागने लगे। तभी पुलिस ने सभी को दबोच लिया। इस दौरान स्पा सेंटर मालिक भाग छूटा। हालांकि, स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

थानाधिकारी ओमप्रकाश खोखर ने बताया कि पचपदरा में लंबे समय से स्पा सेंटर की आड़ में संचालित अनैतिक गतिविधियों की शिकायत मिल रही थी। जिस पर टीम ने दोपहर करीब एक बजे मार्डन व एनडी स्पा सेंटर में कार्रवाई की। यहां अनैतिक गतिविधियां करते पाए जाने पर रिंकू निवासी उत्तरप्रदेश, हाकम निवासी बालोतरा व अयुब निवासी पोकरण सहित बंगाल, कलकत्ता व मुंबई की पांच लड़कियों को गिरफ्तार किया। बता दें कि पुलिस ने पिछले दिनों बाड़मेर शहर में कई स्पा सेंटर पर छापामारी की थी। वहां भी स्पा सेंटर की आड़ में गलत काम किए जा रहे थे।

बाइक को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकराया ट्रेलर

देखते ही देखते केबिन में जिंदा जल गया चालक

चित्तौड़गढ़, 9 फरवरी (एजेंसियां)। चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा में ट्रेलर असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद आग लग गई, जिससे चालक शराबुद्दीन (50) जिंदा जल गया। पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उसे बचाया नहीं जा सका। परिजनों को सूचना देकर जांच शुरू कर दी गई है। चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा नगरपालिका क्षेत्र में वंडर चौराहा अंडरब्रिज के पास हुए हादसे में ट्रेलर चालक जिंदा जल गया। ट्रेलर असंतुलित होकर डिवाइडर से जा टकराया। इसके बाद केबिन में आग लग गई और चालक अंदर ही फंस गया। पुलिस ने चालक के शव की शिनाख्तगी कर परिजनों को सूचना दी है।

निंबाहेड़ा में चित्तौड़गढ़ बाईपास पर यह हादसा हुआ है। इसमें तेलंगाना से ब्लैक ग्रेनाइट लेकर किशनगढ़ जा रहा ट्रेलर एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में डिवाइडर से टकरा गया। इसके बाद ट्रेलर में आग लग गई। धुंआ देख कर मौके कर राहगीरों की भीड़ लग गई। लोगों ने संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी। हादसे में चालक अजमेर निवासी शराबुद्दीन (50) की मौके पर ही जल कर मौत हो गई। सदर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और नगरपालिका की दमकल को मौके पर बुलाया गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से चालक को बाहर निकाला गया। सदर थाना निम्बाहेड़ा के एएसआई संतोष कुमार ने बताया कि हादसे के समय ट्रेलर में ग्रेनाइट ब्लैक मार्बल भरा हुआ था। आस पास के लोगों से जानकारी ली है। इसमें सामने से आया कि बाइक को बचाने के प्रयास में ट्रेलर डिवाइडर पर चढ़ गया और तुरंत आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि चालक को बचाने का मौका ही नहीं मिला।

पुलिस ने मृतक के परिवार को अजमेर में सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर, हादसे के तत्काल बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। कोई भी ट्रेलर के आस पास जाने तक की हिम्मत नहीं जुटा पाया। बाद में दमकल की सहायता से आग बुझाने के बाद लोग केबिन में पहुंचे तब तक चालक की जल कर मौत हो गई थी। वाहन मालिक से संपर्क करने के बाद चालक के शव की शिनाख्त हो पाई।

चोरी की मन्नत पूरी होने पर मंदिर में चढ़ाए लाख रुपए

50 हजार रुपए से किया भंडारा, फिर ऐसे हुआ मामले का खुलासा

अजमेर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। अजमेर के रेडिमेड गारमेंट शोरूम से पन्द्रह लाख रुपए की नकदी चुराने वाले चोर गिरोह ने वारदात को अंजाम देने से पहले भीलवाड़ा जिले में स्थित माता मंदिर में ना केवल मन्नत मांगी बल्कि मन्नत पूरी होने पर चार दिन बाद एक लाख रुपए का चढ़ावा भी चढ़ाया। तीनों आरोपियों ने चोरी में मोटी रकम हाथ लगने पर गोशाला में भी बड़ी रकम दान की। यह खुलासा कोतवाली थाना पुलिस की गिरफ्त में आए चोर गैंग ने किया।

पुलिस उपअधीक्षक(उत्तर) रूद्रप्रकाश शर्मा ने बताया कि कोतवाली थानाप्रभारी दिनेश चौधरी की टीम ने पुरानी मंडी सरावगी मेंशन स्थित धनलक्ष्मी राजपूती फैशन शोरूम में वारदात अंजाम देने वाले अजमेर छोटी नागफनी गली नम्बर 4 निवासी कन्हैयालाल उर्फ कान्हा(20), सराना टांटोटी निवासी महेन्द्र रेगर(27) व भिनाय बसा का बडला हाल जयपुर फागी निवासी हनुमान रेगर(27) को गिरफ्तार किया।

आरोपियों ने 18 जनवरी रात नवनीत सिंघल के शोरूम के शटर का ताला तोड़कर चोरी की थी। दिसंबर 2024 में चूड़ी बाजार में भी नकबजनी की वारदात अंजाम दे चुका है। आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने चोरी की वारदात देने का षड़यंत्र रचा। आरोपी हनुमान पूर्व में भी जेल जा चुका है।

शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने अभय कमांड सेंटर के फुटेज व साइबर सेल ने तकनीकी विश्लेषण से संदिग्ध हनुमान का 900 किमी पीछा कर उसे फागी से दबोचा। उसने कन्हैयालाल व महेन्द्र के साथ वारदात अंजाम देना कबूला।

चार लाख की नकदी बरामद

सीओ शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर कन्हैयालाल व महेन्द्र को डिटेन किया। पुलिस ने हनुमान से डेढ़ लाख, कन्हैयालाल उर्फ कान्हा से 60 हजार व महेन्द्र से एक लाख 97 हजार 500 रुपए बरामद किए। उनसे 4 लाख 7500 रुपए व बाइक बरामद की। गिरफ्तारी में सिपाही राजेन्द्र, गोरधन व कुलदीप सिंह ने विशेष योगदान दिया।

मंदिर में चढ़ावा, प्रसादी, पुत्र का मुंडन

सीओ शर्मा ने बताया कि हनुमान ने वारदात से पहले 18 जनवरी को भीलवाड़ा में माताजी मंदिर में मन्नत मांगी थी कि मोटी रकम हाथ लगने पर एक लाख रुपए का चढ़ावा देंगे। मन्नत पूरी होने के 4 दिन बाद ही उसने न केवल एक लाख का चढ़ावा दिया बल्कि 50 हजार रुपए से भंडारा भी किया। उन्होंने गऊशाला में भी दान दिया। महेन्द्र ने बंटवारे की रकम से टांटोटी में बेटे का मुंडन संस्कार पर प्रसादी भी की।

पीएम मोदी का छिपा एजेंडा एक व्यक्ति, एक पार्टी है : सीएम रेवंत रेड्डी

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा, एक देश, एक चुनाव की अवधारणा अनिवार्य रूप से एक व्यक्ति, एक पार्टी के पक्ष में एक रणनीति है, और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छिपे हुए एजेंडे के साथ सरेखित है। उन्होंने विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बारे में चिंता व्यक्त की, इस बात पर प्रकाश डाला कि दक्षिणी राज्य, जो परिवार नियोजन को लागू करने में सफल रहे हैं और अपने उत्तरी समकक्षों की तुलना में तेजी से विकास प्रदर्शित कर रहे हैं, उनकी प्रगति के लिए नतीजों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री रेड्डी ने रविवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित 'मातृभूमि अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव' में भाग लेने के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दक्षिणी राज्य भारतीय संविधान में निहित गारंटियों को बनाए रखने और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होंगे। केंद्र सरकार सभी राज्यों को समर्थन नहीं दे रही है, खासकर दक्षिण के राज्यों और भाजपा के अलावा अन्य दलों द्वारा शासित राज्यों को।

भारत राज्यों के संघ के रूप में काम करता है। नरेंद्र मोदी इन राज्यों के आवश्यक अधिकारों की अवहेलना नहीं कर सकते। उनका इरादा उन पर नियंत्रण स्थापित करना और उन्हें स्थानीय निकायों में बदलना प्रतीत होता है। उन्होंने आगे जोर दिया कि दक्षिणी राज्यों- केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पुडुचेरी के निवासियों को मोदी प्रशासन का विरोध करने के लिए एक साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि आवश्यक हुआ तो मैं इस प्रयास में अग्रणी भूमिका निभाऊंगा। रेवंत रेड्डी ने कहा कि "तेलंगाना राइजिंग" का अर्थ केवल एक नारा नहीं है, यह तेलंगाना के 4 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना को न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर अग्रणी राज्य बनाने की अपनी महत्वाकांक्षा व्यक्त की। रेवंत रेड्डी ने सवाल किया, मेरी जिज्ञासा यह है कि क्या केंद्र सरकार को विभिन्न मील के पत्थर हासिल करने के लिए तेलंगाना को सहायता प्रदान नहीं करनी चाहिए। यदि तेलंगाना एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है, तो क्या यह भारत के समग्र विकास में भी सकारात्मक योगदान नहीं देगा।

हरीश राव ने रियल एस्टेट एजेंट की मौत पर दुख जताया

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और बीआरएस पार्टी के नेता हरीश राव ने आज हैदराबाद के आदिभटला में एक और रियल एस्टेट एजेंट की आत्महत्या पर दुख जताया। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले कोमपल्ली में रियल एस्टेट व्यवसायी वेणुगोपाल रेड्डी की आत्महत्या और आज आदिभटला में नरसिंह गौड़ की आत्महत्या दुखद है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसानों, बुनकरों और ऑटो-रिक्शा चालकों से शुरू हुई आत्महत्याओं की श्रृंखला अब रियल एस्टेट क्षेत्र तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शासन का पाप सभी क्षेत्रों के लिए अभिशाप बन गया है और दावा किया कि कई परिवार इसके कुशासन से बहुत दुखी हैं। हरीश राव ने कहा कि यह शर्मनाक है कि राज्य सरकार ने कोई क्षति नियंत्रण उपाय नहीं किए हैं, जबकि कई सर्वेक्षण एजेंसियों ने स्पष्ट किया है कि पिछले डेढ़ साल में हैदराबाद में रियल एस्टेट क्षेत्र ध्वस्त हो गया है।

श्री देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

दूसरे दिन हवन और भजन संध्या में भक्ति की बही अविरल धारा

प्रतिष्ठा महोत्सव में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट करेंगे शिरकत

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आध्यात्मिकता, संस्कृति और आस्था के अनूठे संगम के प्रतीक श्री देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन का आयोजन भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ, जहां वैदिक मंत्रोचार और भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता की गहराइयों में डुबो दिया। सुबह के सत्र में आयोजित हवन के दौरान पूरे मंदिर परिसर में गूंजते वैदिक मंत्रों और हवन सामग्री की सुगंध ने वातावरण को अत्यधिक पवित्र और भक्तिपूर्ण बना दिया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर भगवान श्री देवनारायण से सुख-समृद्धि और समाज की उन्नति की कामना की। दूसरे दिन के मुख्य आकर्षण के रूप में प्रसिद्ध भजन गायक रामकुमार मालूणी की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके द्वारा गाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। भक्ति रस से सराबोर इस संध्या ने पूरे वातावरण में ऐसा आध्यात्मिक प्रभाव उत्पन्न किया कि हर भक्त भगवान की भक्ति में लीन हो गया। मालूणी की गायकी ने न केवल बुजुर्गों बल्कि युवा वर्ग को भी भाव-विभोर कर दिया।

श्री देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति एवं वीर गुर्जर समाज तेलंगाना के अध्यक्ष देवीदत्त कोली ने बताया कि 10 फरवरी को महोत्सव के अंतिम दिन दोपहर 11.30 बजे अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति इसे और विशेष बना रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मुख्य अतिथि के रूप में इस आयोजन में शामिल होंगे। इनके अतिरिक्त उद्योगपति भगवती महेश बल्दवा, पीसीसी तेलंगाना के अध्यक्ष महेश गौड़, सांसद किरण कुमार रेड्डी, विधायक मल्ल रेड्डी रंगा रेड्डी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संपत कुमार, विजय कुमार जांगिड़, यूपी के संत कबीर नगर के डीएम महेंद्र तंवर, सीआईएसएफ कमांडेंट सुगनाराम गुर्जर, उद्योगपति राजेश जांगिड़, राजेश अग्रवाल, महावीर कुमावत, योगेश जैन और पत्रकार मुकेश सैनी इस महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिये श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। प्रातः कालीन बेला में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर लोग पहले से ही मंदिर परिसर में एकत्रित होने लगे हैं। इस शुभ अवसर पर भगवान श्री देवनारायण की प्रतिमा को विधिवत मंत्रोचार के बीच स्थापित किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष देवीदत्त कोली ने बताया कि महोत्सव के तीसरे दिन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति और समाज को जोड़ने का एक माध्यम भी है। इस आयोजन को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनाना है, ताकि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। पूरे परिसर को सजावटी रोशनी और रंगोली से सजाया गया है। यह आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि तेलंगाना की धरती पर राजस्थानी संस्कृति की जीवंतता और गौरव का अद्वितीय उदाहरण भी है।

श्री देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति एवं वीर गुर्जर समाज तेलंगाना के अध्यक्ष देवीदत्त कोली ने बताया कि महोत्सव में अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति इसे और विशेष बना रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मुख्य अतिथि के रूप में इस आयोजन में शामिल होंगे। इनके अतिरिक्त ख्याति प्राप्त उद्योगपति भगवती महेश बल्दवा, पीसीसी तेलंगाना के अध्यक्ष महेश गौड़, सांसद किरण कुमार रेड्डी, विधायक मल्ल रेड्डी रंगा रेड्डी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संपत कुमार, विजय कुमार जांगिड़, यूपी के संत कबीर नगर के डीएम महेंद्र तंवर, सीआईएसएफ कमांडेंट सुगनाराम गुर्जर, उद्योगपति राजेश जांगिड़, राजेश अग्रवाल, महावीर कुमावत, योगेश जैन और वरिष्ठ पत्रकार मुकेश सैनी इस महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

वीर गुर्जर समाज तेलंगाना के अध्यक्ष देवीदत्त कोली के मुताबिक प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह मंदिर न केवल एक धार्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि इसे सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनाने की योजना भी है। यहां पर भविष्य में अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य समाज को एकजुट करना और आने वाली पीढ़ियों में धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों का बीजारोपण करना होगा। वीर गुर्जर समाज तेलंगाना के अध्यक्ष देवीदत्त कोली ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य भगवान श्री देवनारायण की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री देवनारायण केवल एक धार्मिक देवता नहीं हैं, बल्कि एक समाज सुधारक और मार्गदर्शक भी हैं, जिन्होंने सदियों से धर्म, न्याय और सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। यह आयोजन हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने के साथ-साथ उसे नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। राजस्थानी समाज के लोगों के लिए यह महोत्सव एक ऐसा अवसर है, जहां वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ सकते हैं और अपने बच्चों को उनकी सांस्कृतिक विरासत का महत्व समझा सकते हैं। श्री देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव तेलंगाना की भूमि पर राजस्थानी संस्कृति, सनातन धर्म और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव के माध्यम से भक्तों को न केवल धार्मिक अनुभव मिलेगा, बल्कि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों को भी मजबूती से पकड़ पाएंगे। यह महोत्सव एक नई शुरुआत का प्रतीक है, जो आने वाले समय में तेलंगाना और आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देगा।

केटीआर ने वैज्ञानिक तरीके से जाति जनगणना फिर से कराने की मांग की

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के तारकरामा राव ने कांग्रेस सरकार द्वारा हाल ही में कराई गई जाति जनगणना को "त्रुटिपूर्ण, अवैज्ञानिक और निरर्थक" करार दिया है। उन्होंने मांग की कि रेवंत रेड्डी सरकार राज्य के पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय किए बिना फिर से सर्वेक्षण कराए। यहां तेलंगाना भवन में पिछड़े वर्गों के नेताओं के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए केटीआर ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने न केवल कमजोर वर्गों का गला काटा है और उनकी संख्या को लगभग साढ़े पांच प्रतिशत तक कम करके उन्हें धोखा दिया है, बल्कि पिछड़े वर्गों को 42 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा भी तोड़ दिया है। हमारी पार्टी की ओर से, हमने विधानसभा में कड़ा विरोध किया और कहा कि कोई भी पिछड़ा वर्ग का बच्चा कांग्रेस पार्टी के कमजोर वर्गों का गला काटने के दुष्ट रवैये को स्वीकार नहीं करेगा। यह एक शुद्ध गलती है। हमने विरोध किया है कि बीसी आबादी कम की जा रही है और कमजोर वर्गों को कमजोर किया जा रहा है। केटीआर ने कहा कि पुनर्सर्वेक्षण एक महीने के लिए वैज्ञानिक तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीसी समुदाय चिंतित थे कि उनकी संख्या में कमी से राशन कार्ड और अन्य कल्याणकारी योजना कार्ड जारी करने में उनकी हिस्सेदारी कम हो जाएगी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता परिवार सर्वेक्षण पर संदेह पैदा करने वाले तरीके से बोलकर बीसी का अपमान कर रहे हैं।

दिल्ली के मतदाताओं ने मोदी के विकास मॉडल के कारण भाजपा का समर्थन किया : सांसद डीके अरुणा

महबूबनगर, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। महबूबनगर से भाजपा सांसद डीके अरुणा ने कहा है कि दिल्ली में लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल पर विश्वास करके उनकी पार्टी को आशीर्वाद दिया और कहा कि लोगों ने पूर्व सीएम केजरीवाल के भ्रष्टाचार को उजागर किया है। दिल्ली में भाजपा की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए, उन्होंने रविवार को महबूबनगर में जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी ने देश के लोगों का विश्वास खो दिया है। डीके अरुणा ने फसल ऋण माफी योजना और ऋतु भरोसा योजना को लागू करने में विफलता के लिए तेलंगाना राज्य कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले राज्य के कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए छह गारंटियों का वादा किया गया था। उन्होंने कहा कि अगर इंदिराम्मा के घरों के नाम नहीं बदले गए तो केंद्र धन नहीं देगा। उन्होंने कहा, अगर प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रधानमंत्री की तस्वीर नहीं है, तो फंड क्यों दिया जाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार कोई भी योजना लागू नहीं कर पा रही है और स्थानीय निकाय चुनाव कराने की जल्दी में है। अरुणा ने कहा कि किए गए वादे तभी पूरे किए जाएंगे जब स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस हार जाएगी। उन्होंने दावा किया कि एक साल बाद भी राज्य में शासन पूरी तरह से गति नहीं पकड़ पाया है। उन्होंने कहा, अगर किए गए वादे पूरे नहीं किए गए, तो रेवंत रेड्डी का भी वही हश्र होगा जो केसीआर और केजरीवाल का हुआ है।

श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह आज

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुतबुलापुर स्थित श्री विश्वकर्मा भवन में राजस्थानी विश्वकर्मा संघ ट्रस्ट समाज बन्धुओं के तत्वावधान में माघ सुदी तेरस, सोमवार 10 फरवरी प्रात: 11 बजे पुजा-अर्चनाकर श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह भव्यरूप से आयोजित किया जाएगा।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष नेमीचन्द जांगिड़ ने बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओं के सानिध्य में श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह पुजा-अर्चनाकर, निर्माण एवं सृजन के देवता श्री विश्वकर्माजी महाराज की तस्वीर पर माल्यापर्ण व चरणों में अक्षत, फूल, हल्दी, पान, मिठाई, लौंग, फल, धूप, दीप, रक्षासूत्र एवं श्रीफल भेंटकर, परिवार की सुख-समृद्धि की कामनाकर अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर, अपने इलेक्ट्रोनिक उपकरणों और औजारों की पूजा-अर्चनाकर भव्यरूप से मनायेंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष नेमीचन्द जांगिड़, तेजराज, शंकरलाल, नारायणराम, जवेरीलाल, गोविन्द (पंचशील), राजुराम सुथार व समाज बन्धु पधारे भक्तों की सेवार्थ सपरिवार उपस्थित रहेंगे।

पधारे समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए मध्यान 12.15 बजे से भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर रहेगी। समाज बन्धुओं से निवेदन है सपरिवार समयपर पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर विजयोत्सव मनाते भाजपा नेता एवं पूर्व प्रवक्ता मीर फिरासत अली बाकरी सी कृष्ण यादव, श्रीमती वीरमणि, श्रीमती दरारथ लक्ष्मी, दिनेश अंबारे, अली गुटमी, निसार अहमद, शब्बीर अली ने राहगीरों को जलेबी बांट कर खुशियों का इजहार किया।

एक शाम श्री आईमाताजी के नाम जागरण कल

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीडिमेटला स्थित श्री आईमाताजी मंदिर में समाज बन्धुओं के तत्वावधान में धार्मिक सेवार्थ श्री आईमाताजी के नाम जागरण मंगलवार दि. 11 फरवरी रात्रि 9.15 बजे से आयोजित किया जाएगा।

विज्ञप्ति में आयोजक रुपाराम वरपा ने बताया कि माघ सुदी चौदस के उपलक्ष्य में धार्मिक सेवार्थ श्री आईमाताजी का जागरण आयोजित किया जाएगा। जिसमें राजस्थान से पधारे राघवनाथ महाराज लवेरा माई के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। कार्यक्रम में आयोजक रुपाराम वरपा, पुनाराम, सोहनलाल राठौड़, पुराराम गेहलोत, गणेशराम, तेजाराम सोलंकी, चुन्नीलाल परिहार, सुरेश गेहलोत, नारायणलाल सैंणचा, गौतम चोयल, देवाराम वरपा, कानाराम गेहलोत सपरिवार उपस्थित रहेंगे।

आयोजकों ने समाज बन्धुओं व भक्तों से निवेदन किया है कि सपरिवार पधारकर, दान-पुण्यकर श्री आईमाताजी के दर्शन, साँची ज्योत व भजनों का लाभ लेवे।

जाति जनगणना सर्वेक्षण पारदर्शी तरीके से हुई : टीपीसीसी प्रमुख

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने कहा कि तेलंगाना में जाति जनगणना सर्वेक्षण पारदर्शी तरीके से किया गया है और एक लाख से अधिक कर्मियों की टीम द्वारा इसका वैज्ञानिक तरीके से मूल्यांकन और दस्तावेजीकरण किया गया है। रविवार को जारी एक बयान में, टीपीसीसी नेता ने जाति जनगणना के संबंध में राज्य सरकार के खिलाफ निराधार आरोप लगाने के लिए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव की आलोचना की और कहा कि वह बिना किसी पुख्ता सबूत के इस मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रहे हैं। टीपीसीसी अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस सरकार द्वारा की गई जाति जनगणना ने पूरे देश के लिए एक मानक स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि केटी रामा राव कांग्रेस सरकार को आबादी के विभिन्न वर्गों से मिल रही व्यापक सराहना को स्वीकार करने में असमर्थ प्रतीत होते हैं। महेश कुमार गौड़ ने टिप्पणी की कि पूर्ववर्ती बीआरएस प्रशासन 2014 में किए गए व्यापक पारिवारिक सर्वेक्षण के आंकड़े जारी करने में विफल रहा, और बीआरएस नेताओं द्वारा पिछड़े वर्गों पर टिप्पणी करना काफी नासमझी है। उन्होंने कहा कि केटीआर पिछड़े वर्गों के लिए न्याय सुनिश्चित करने में हुई प्रगति को स्वीकार करने में असमर्थ प्रतीत होते हैं। टीपीसीसी प्रमुख ने कहा कि यह अजीब बात है कि केटीआर और उनका परिवार, जिन्होंने जनगणना सर्वेक्षण में भाग नहीं लिया था, अब फिर से सर्वेक्षण की आवश्यकता पर चर्चा कर रहे हैं। महेश कुमार गौड़ ने बीआरएस और भाजपा पर एमएलसी चुनावों के दौरान गुप्त समझौता करने का आरोप लगाया, यह सुझाव देते हुए कि दोनों दल कांग्रेस पार्टी के खिलाफ सहयोग कर रहे हैं।

भारत ने इंग्लैंड को 4 विकेट से दूसरा वनडे हराया

सीरीज में 2-0 की बढ़त, कप्तान रोहित की सेंचुरी, जडेजा को 3 विकेट

कटक, 9 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने इंग्लैंड को दूसरे वनडे में 4 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त भी ले ली। कटक के बाराबाती स्टेडियम में रविवार को इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। टीम 49.5 ओवर में 304 रन बनाकर सिमट गई। भारत ने 44.3 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

भारत से कप्तान रोहित शर्मा ने 32वां वनडे शतक लगाया, उन्होंने 119 रन बनाए। शुभमन गिल ने 60 रन बनाए। रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने 69, बेन डकेट ने 65 रन बनाए। जैमी ओवर्टन को 2 विकेट मिले। तीसरा वनडे 12 फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

भारत-इंग्लैंड दूसरे वनडे का स्कोरबोर्ड :

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा और मोहम्मद शमी।

7 पत्रकारों को किया गया गिरफ्तार

धमकी देने, जबरन वसूली के आरोप

मंचेरियल, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। स्थानीय समाचार पत्रों के साथ काम करने वाले सात पत्रकारों को रविवार को वेमनपल्ली मंडल के नीलवई गांव में जबरन वसूली में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। नीलवई के उप-निरीक्षक श्याम पटेल ने कहा कि नेतिथराम अखबार के चोप्पादंडी जनार्दन, मसानी रमेश, थगाराम वेंकटेश और थुंगा रमेश, थोडेटी संतोष, जिलापेल्ली पोचम और दुब्बाला विष्णु से संबंधित थे, जिन्हें पशु व्यापारियों से जबरन वसूली में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया था। आरोपी मुंशी चेन्नूर शहर और जिले के अन्य गांवों के थे।

इन सातों ने कथित तौर पर गोदावरीखानी के मवेशी व्यापारियों गडे महेश, जक्कुला श्रीधर और मोगिली अनिल को धमकाया और हाल ही में पत्रकारों की आड़ में कल्लमपल्ली और वेमनपल्ली गांवों में उनके वाहनों को रोककर उनसे 15,000 रुपये की वसूली की। व्यापारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामला दर्ज किया गया, जांच शुरू की गई।

जाट समाज ट्रस्ट अलमासगुडा हैदराबाद द्वारा आयोजित परमेश्वर महादेव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जाट समाज वीर तेजाजी नवयुवक मंडल भोनगिरी कोषाध्यक्ष धर्माराम कड़वा, सहकोषाध्यक्ष मोहनलाल चांगल व समाज बन्धुओं को निमंत्रण पत्रिका देते हुए सचिव बाबुलाल पूनिया व अन्य।

महिला की गिलियन-बैरे सिंड्रोम से मौत

तेलंगाना में जीबीएस से मौत का पहला मामला

हैदराबाद, 9 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिद्दपेट की एक युवती जिसे पिछले सप्ताह गिलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के साथ एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, की रविवार को हैदराबाद में मौत हो गई। महाराष्ट्र में न्यूरोलॉजिकल बीमारी के हाल ही में प्रकोप के बाद से तेलंगाना राज्य में जीबीएस से मौत का शायद यह पहला मामला है, महिला की हालत गंभीर थी और वह कई दिनों से वेंटिलेटर सपोर्ट पर थी।

रिपोर्ट के अनुसार, महिला 31 जनवरी से एक निजी अस्पताल में वेंटिलेटर सपोर्ट पर थी और उसकी हालत गंभीर थी। महंगे इलाज का खर्च वहन करने में असमर्थ, जिसमें आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट भी शामिल था, महिला के रिश्तेदारों ने उसे जीबी सिंड्रोम से मरने से पहले कुछ निजी अस्पतालों में भर्ती कराया था। जीबीएस एक संक्रमण के बाद का सिंड्रोम है, जो आमतौर पर किसी व्यक्ति को संक्रमण होने के दो से छह सप्ताह बाद होता है। यह एक दुर्लभ स्थिति है जो अचानक सुन्नता और मांसपेशियों की कमजोरी का कारण बनती है, जिसमें अंगों में गंभीर कमजोरी और दस्त जैसे लक्षण शामिल हैं। आमतौर पर, जीबीएस तब होता है जब रोगी बैक्टीरिया या वायरल संक्रमण के गंभीर दौर से उबर जाता है, क्योंकि यह व्यक्ति की प्रतिरक्षा को कमजोर कर देता है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

क्वार्टर फाइनल में फाबियानो कारुआने से भिड़ेंगे गुकेश

आठवें स्थान पर रहकर नॉकआउट में पहुंचे

हैम्बर्ग, 9 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियन डी गुकेश अनूठे प्रारूप वाले फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम के दो बाजियों के क्वार्टर फाइनल में फाबियानो कारुआने से भड़ेंगे। इस अमेरिकी खिलाड़ी ने इस मुकाबले के लिए भारतीय ग्रैंडमास्टर को चुना है। गुकेश ने 10 प्रतिभागियों के बीच आठवें स्थान पर रहते हुए नॉकआउट चरण में जगह बनाई है।

फेदोसेव-अरोनियन नॉकआउट में पहुंचने में रहे नाकाम

स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेदोसेव और अमेरिका के लेवोन अरोनियन नॉकआउट में जगह बनाने में नाकाम रहे। रेपिड शतरंज नियमों के तहत खेले गए राउंड रोबिन चरण के बाद फेदोसेव और अरोनियन अंतिम दो स्थान पर रहे थे। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने अंतिम दौर में

शीर्ष पर चल रहे उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार राउंड रोबिन के बाद शीर्ष तीन खिलाड़ियों को क्वार्टर फाइनल में अपने विरोधियों को तय करने का अधिकार है। फिरोजा ने अंतिम आठ में अपने प्रतिद्वंद्वी के रूप में जर्मनी के विन्सेंट केमर को चुना जबकि सिंदारोव ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को चुनकर सभी को चौंका दिया। करुआना ने गुकेश को चुना।

कार्लसन-अब्दुसत्तोरोव के बीच होगा अन्य मुकाबला

एक अन्य मुकाबला नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच होगा। नॉकआउट एक अलग प्रारूप होगा और क्लासिकल शतरंज नियमों के तहत खेला जाएगा। इस प्रारूप में बाजी की शुरुआत से ठीक पहले मोहरों की स्थिति बदल दी जाती है और बाजी शुरू करने के कौशल के बजाय वास्तविक शतरंज कौशल की परीक्षा होती है।

मोहरों को रखने के 960 अलग-अलग तरीके हैं इसलिए यह प्रारूप अब तक शतरंज 960 के नाम से लोकप्रिय है। प्रत्येक नॉकआउट में दो बाजियां होंगी और टाई होने पर विजेता का निर्धारण करने के लिए कम अवधि की बाजियां खेली जाएंगी। इस साल अब तक पांच टूर्नामेंट की घोषणा की जा चुकी है और शीर्ष तीन पर रहने वाले खिलाड़ियों के लिए अतिरिक्त बोनस है।

बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटीं भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चीन में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है जिससे देश की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक का रंग सुधारने की संभावनाओं को बड़ा झटका लगा है। यह टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक किंगदाओ में खेला जाएगा। भारतीय खिलाड़ी अभी गुवाहाटी में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रहे हैं।

सिंधू के अलावा शिविर में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय के साथ-साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी भी हिस्सा ले रही है। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। सिंधू ने 'एक्स'

पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं भारी मन से यह बता रही हूं कि मैं बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। चार फरवरी को गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान मुझे अपनी पैर की मांसपेशियों में दर्द महसूस हुआ। अपने देश के लिए पट्टी लगाकर खेलने के प्रयास करने के बावजूद एमआरआई से पता चला है कि मुझे शुरुआत में जितना लगा था चोट के ठीक होने में उससे अधिक समय लगेगा।'

सिंधू बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला महिला एकल स्वर्ण पदक जीतने के बाद से चोटों से जूझ रही हैं। इस स्टार खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह 2022 में विश्व चैंपियनशिप और विश्व टूर फाइनल सहित सभी शेष प्रतियोगिताओं से बाहर हो गईं थी।

बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत को उपविजेता दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ कठिन ग्रुप डी में रखा गया है।

भारत अपना अभियान 12 फरवरी को मकाऊ के खिलाफ शुरू करेगा जिसके बाद 13 फरवरी को दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा मुकाबला होगा। सिंधू ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह टीम की हौसलाअफजाई करेंगी।

एमआई केप टाउन ने पहली बार एसए20 का खिताब जीता

सनराइजर्स ईस्टर्न केप को 76 रन से हराया; बोल्ट प्लेयर ऑफ द मैच

खेल डेस्क, 9 फरवरी (एजेंसियां)। एमआई केप टाउन ने पहली बार साउथ अफ्रीका टी-20 लीग का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। राशिद खान की कप्तानी वाली MI केप टाउन ने एसए20 के तीसरे सीजन में लगातार 2 बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को फाइनल में 76 रन से हराया।

जोहान्सबर्ग में खेले गए इस फाइनल में एमआई केप टाउन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। केप टाउन ने 8 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए। ट्रेंट बोल्ट प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने सबसे कम 2.25 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की और 4 ओवर में 9 रन देकर 2 विकेट लिए।

रिकलटन और ब्रेविस ने केप टाउन को दी अच्छी शुरुआत

ओपनर रायन रिकलटन और रासी वेन डर डुसेन ने केप टाउन

को अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी हुई। रिकलटन ने 15 गेंदों पर 33 रन और डुसेन ने 25 गेंदों पर 23 रन बनाए। पारी के दूसरे ओवर में रायन रिकलटन ने मार्को यानसन पर 2 छक्के और एक चौका जमाया। फिर चौथे ओवर में रिकलटन ने दोबारा यानसन पर दो छक्के जमा दिए। 5वें ओवर में रिकलटन के आउट होने से पहले ही टीम ने 50 रन पूरे कर लिए थे।

डेवाल्ड ब्रेविस ने 211.11 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए

रिकलटन के आउट होने के बाद रिजा हेनरिक्स भी अगले ओवर में आउट हो गए। उसके बाद डुसेन भी पवेलियन चले गए। केपटाउन के रनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया, लेकिन डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंदों ने 211.11 की स्ट्राइक रेट से 38 रन बनाए। कॉनर एस्टरहुइजन ने भी तेजी से रन बनाए। उन्होंने 26 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। सनराइजर्स केप टाउन की ओर से मार्को यानसन, रिचर्ड ग्लीसन और लियाम डाउसन ने 2-2 विकेट लिए।

कभी संभल ही नहीं पाया सनराइजर्स

सनराइजर्स की शुरुआत ही खराब रही और फाइनल के चक्कर में अपनी शादी का दिन बदलने वाले ओपनर डेविड बेडिंघम दूसरे ओवर में 5 रन बना कर आउट हो गए। कगिसो रबाडा ने उनका विकेट लिया। अगले ही ओवर में जॉर्डन हरमन भी 1 रन बना कर पवेलियन लौट गए। उनका विकेट ट्रेंट बोल्ट ने लिया।

टॉम ऐबल और टोनी डिजोर्जी ने पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों के बीच 42 गेंदों पर 52 रन की साझेदारी हुई। ऐबल ने 25 गेंदों में 30 रन बनाए। वहीं टोनी डी जॉर्जी ने 26 रन बनाए। कप्तान एडेन मार्करम भी 6 रन पर लौट गए।

फिर ट्रिस्टन स्टब्स भी 15 रन बनाकर आउट हो गए। जिसके बाद सनराइजर्स की जीतने की उम्मीद खत्म हो गई। 19वें ओवर में सिर्फ 105 रन पूरी टीम आउट हो गई। रबाडा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। इनके अलावा ट्रेंट बोल्ट और जॉर्ज लिंडे ने दो-दो विकेट लिए।

रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल-मुंबई पहली पारी में 315 पर ऑलआउट

कोटियान-मुलानी ने अर्धशतक लगाए, अंशुल-सुमित को 3-3 विकेट

कोलकाता, 9 फरवरी (एजेंसियां)। रणजी ट्रॉफी में क्वार्टर फाइनल राउंड शुरू हो चुका है। रविवार को मुकाबले का दूसरा दिन है। हरियाणा ने लंच तक पहली पारी में बिना नुकसान के 75 रन बना लिए हैं। कप्तान अंकित कुमार और लक्ष्य दलाल नाबाद हैं।

कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में मुंबई पहली पारी में 315 रन पर ऑलआउट हो गई है। तनुष कोटियान 97 रन पर आउट हुए। वे 3 रन से शतक चूक गए। शम्स मुलानी ने 178 बॉल पर 91 रन बनाए।कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 58 बॉल पर 31 रन, शिवम दुबे ने 32 बॉल पर 28 रन का योगदान दिया। हरियाणा से अंशुल कंबोज और सुमित कुमार को 3-

3 विकेट लिए।

मुंबई ने 37 रन बनाने में आखिरी 2 विकेट गंवाए

मुंबई की टीम ने सुबह 278/8 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम ने 37 रन बनाने में आखिरी 2 विकेट गंवा दिए। तनुष कोटियान ने 85 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई थी। एक दिन पहले शम्स मुलानी (91 रन) भी शतक बनाने से चूक गए।

मुंबई ने 113 रन पर गंवा दिए थे 7 विकेट

मुंबई की टीम ने 113 रन के स्कोर पर 7वां विकेट गंवाया। यहां शार्दूल ठाकुर 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अनुज ठकराल ने बोल्ड किया।

पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में चोटिल हुए रचिन

माथे पर बॉल लगने से खून बहा

दावा- खराब फ्लड लाइट्स की वजह ऐसा हुआ

इस्लामाबाद, 9 फरवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच ट्राई सीरीज खेली जा रही है। मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है। पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने होम टीम को 78 रन के बड़े अतर से हरा दिया। मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया।

मैच में फील्डिंग करने के दौरान न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र के सिर पर गेंद लग गई, उनके सिर से खून निकलने लगा, जिसके बाद उन्हें फील्ड से बाहर ले जाया गया। सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि रचिन को यह चोट खराब फ्लड लाइट्स की वजह से लगी।

खराब रोशनी की वजह से वे कैच को सही तरह से जज नहीं कर पाए और गेंद उनके आंख के बिल्कुल पास में आकर लगी। इसके बाद फैंस फ्लड लाइट्स को लेकर तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मैच के बाद कहारचिन के माथे पर चोट लगी है, जिसका ट्रीटमेंट मैदान पर किया गया है, लेकिन वह ठीक है। वे अपने पहले(हेड इंजरी असेसमेंट से ठीक हो गए हैं और (हेड इंजरी असेसमेंट प्रक्रियाओं के तहत उनकी निगरानी जारी रहेगी।

38वें ओवर में फील्डिंग के दौरान रचिन रवींद्र चोटिल हो गए। माइकल ब्रेसवेल ने गुड लेंथ पर बॉल फेंकी, खुशदिल शाह ने स्वीप किया। गेंद मिड-विकेट की दिशा में रचिन की ओर गई, उन्होंने कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद को जज नहीं कर पाए। बॉल सीधे रचिन के माथे पर लगी और खून निकलने लगा। सपोर्ट स्टाफ उनके सिर पर कपड़ा रखकर उन्हें ग्राउंड से बाहर ले गया। रचिन दोबारा फील्ड पर नहीं उतर सके, उनका दूसरा मैच खेलना मुश्किल लग रहा है।

लाहौर में न्यूजीलैंड ने बैटिंग चुनी। ग्लेन फिलिप्स की सेंचुरी के दम पर टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 330 रन बना दिए। जवाब में पाकिस्तान 47.5 ओवर में 252 रन बनाकर ऑलआउट हो गया।

न्यूजीलैंड से मैट हेनरी और कप्तान मिजेल सैंटनर ने 3-3 विकेट लिए। पाकिस्तान से फखर जमान ने तेजी से 84 रन बनाए, लेकिन उन्हें बाकी बैटर्स का साथ नहीं मिला।

श्रीलंका में 13 साल बाद टेस्ट सीरीज जीता ऑस्ट्रेलिया

2-0 से क्लीन स्वीप किया, गॉल टेस्ट में 9 विकेट से हराया

गॉल, 9 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट 9 विकेट से जीत लिया है। टीम ने इसी के साथ दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट पारी के अंतर से जीता था। ऑस्ट्रेलियाई टीम 13 साल के बाद श्रीलंका में टेस्ट सीरीज जीती है। इससे पहले 2011 में जीती थी। इसके बाद 2 सीरीज खेली गई, एक श्रीलंका ने जीती और दूसरी ड्रॉ रही। दोनों टीमों के बीच दो मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 12 फरवरी को कोलंबो में खेला जाएगा।

गॉल में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पहली पारी में 257 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 414 रन बनाए। इस आधार पर टीम

को 157 रन की बढ़ मिली। मेजबान श्रीलंका दूसरी पारी में भी बड़ा स्कोर नहीं खड़ा कर सकी और 231 पर सिमट गई। इस तरह कंगारू टीम को 75 रन का टारगेट मिला, जो टीम ने 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

मेंडिस ने 50 रन बनाए

श्रीलंका ने रविवार को चौथे दिन दूसरी पारी में 211/8 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 20 रन जोड़े और दो विकेट गंवा दिए। कुसल मेंडिस 50 और लाहिरु कुमारा 9 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में मैथ्यू कुह्नेमन और नाथन लायन ने 4-4 विकेट झटके। ब्यू वेबस्टर ने 2 विकेट लिए। 75 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड 20 रन बनाकर आउट हुए। उस्मान ख्वाजा 27 और मार्नस लाबुशेन 26 रन बनाकर नॉटआउट लौटे।

तीसरे दिन श्रीलंका ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 211 रन बनाए

मुकाबले के तीसरे दिन श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में 8 विकेट पर 211 रन बना लिए। टीम ने पहली पारी में 257 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 414 रन बनाए, इसलिए टीम फिलहाल 54 रन से पिछड़ रही है। श्रीलंका से दूसरी पारी में एंजलो मैथ्यूज ने 76 रन बनाए, वहीं कुसल मेंडिस 48 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम से प्रबाथ जयसूर्या ने पहली पारी में 5 विकेट लिए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट पारी के अंतर से जीता था। पढ़ें पूरी खबर...

दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया से स्मिथ और कैरी का शतक

शुक्रवार को मुकाबले के दूसरे दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 330/3 का स्कोर बनाए। स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी सेंचुरी लगाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया ने शुरूआती 37 रन पर अपने दोनों विकेट गंवा दिए। ट्रैविस हेड 21 रन, उस्मान ख्वाजा 36 और मार्नस लाबुशेन 4 रन बनाकर आउट हुए। पिछले मैच के दोनों शतकवीर स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी ने पारी संभाली और इस मैच में भी शतक जमा दिया। कप्तान स्टीव स्मिथ ने 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 120 रन पर नाबाद रहे, वहीं कैरी 156 बॉल पर 139 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर में रामनाथन-मायनेनी की जोड़ी खिताब बचाने में विफल

चेन्नई, 9 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी की गत चैंपियन जोड़ी को खिताबी मुकाबले में जापान के शिंटारो मोचीजुकी और काइतो उईसुगी से हारने के बाद चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर युगल स्पर्धा में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। मोचीजुकी और उईसुगी की गैरवरीय जापान की जोड़ी ने एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में रामनाथन और माइनेनी की सर्विस एक बार तोड़ी और 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। यह उईसुगी और मोचीजुकी के लिए दूसरा एटीपी चैलेंजर युगल खिताब था। मोचीजुकी ने 2019 में विंबलडन में लड़कों का एकल खिताब जीता था।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बॉश साउथ अफ्रीका टीम में शामिल

चोटिल एनरिक नॉर्त्या बाहर; क्वेना मफाका ट्रेवल रिजर्व

खेल डेस्क, 9 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलिंग ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए साउथ अफ्रीका की 15 मेंबर्स टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्या चोट की वजह से स्क्वॉड से बाहर हो गए हैं। वहीं, क्वेना मफाका को ट्रेवल रिजर्व चुना गया है। 30 साल के बॉश ने दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था।

साउथ अफ्रीका ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 12 जनवरी को टीम का ऐलान किया था। टूर्नामेंट के लिए स्क्वॉड के ऐलान की

आखिरी तारिख भी 12 जनवरी थी। वहीं, आईसीसी ने स्क्वॉड में बदलाव के लिए 11 फरवरी तक की डेटलाइन तय की है।

नॉर्त्या ने पिछले जून से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला है

नॉर्त्या पैर की अंगुली में चोट के कारण बाहर हुए है। उन्होंने पहले ही पीठ की चोट के कारण पिछले साल जून में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला है। नॉर्त्या को पाकिस्तान के खिलाफ ट्राई सीरीज से वापसी करनी थी, लेकिन नेट्स में उनके पैर की अंगुली में चोट लग गई।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए साउथ अफ्रीका की टीम

तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जॉर्जी, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, कगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन।

साउथ अफ्रीका ग्रुप-बी में

साउथ अफ्रीका चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप-बी में है। टीम 21 फरवरी को कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद वे 25 फरवरी को रावलपिंडी में ऑस्ट्रेलिया से खेलेंगे और उनका अंतिम ग्रुप मैच 1 मार्च को इंग्लैंड के खिलाफ होगा। यह मुकाबला कराची में खेला जाएगा।

आयरलैंड के दिग्गज मुक्केबाज जॉन कूनी का निधन

बेलफास्ट, 9 फरवरी (एजेंसियां)। खेल जगत से रविवार को एक दुखद खबर सामने आई है। आयरलैंड के प्रसिद्ध मुक्केबाज जॉन कूनी का नाथन हॉवेल्स के खिलाफ सेल्टिक सुपर-फेदरवेट खिताब हारने के एक हफ्ते बाद निधन हो गया है। उन्हें मुकाबले के बाद आईसीयू में रखा गया था।

आयरलैंड के 28 वर्षीय मुक्केबाज कूनी की मौत की पुष्टि उनके प्रमोटर मार्क डनलप द्वारा कूनी परिवार और

उनकी मंगेतर एमालीन की ओर से प्रकाशित एक बयान में की गई। बयान में कहा गया, अपने जीवन के लिए एक सप्ताह तक संघर्ष करने के बाद जॉन कूनी का निधन हो गया। वह एक बहुत प्यारा बेटा, भाई तथा साथी था और हम सभी को यह भूलने में जीवन भर लग जाएगा कि वह कितना खास था। भगवान आपकी आत्मा को शांति दे जॉन द किड कूनी।

उल्सटर हॉल में हॉवेल्स के साथ कूनी का मुकाबला नौवें दौर में रोक दिया गया था। बाद में कूनी की सर्जरी की गई थी।

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

॥ श्री देवनारायण नमः ॥

श्री देवनारायण वीर गुर्जर समाज ट्रस्ट

कवाड़पल्ली (हैदराबाद)

के तत्वावधान में

भगवान श्री देवनारायण मंदिर भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

10 फरवरी भव्य प्राण प्रतिष्ठा

शनिवार 8 फरवरी से सोमवार 10 फरवरी 2025

शुभस्थल : **भगवान श्री देवनारायण मंदिर** कवाड़पल्ली, अब्दुलापुरमेट, हैदराबाद (तेलंगाना)

स्नेह निमंत्रण

अत्यंत हर्ष और गर्व के साथ आपको सूचित किया जाता है कि अखण्ड कोटी ब्रह्माण्ड नायक भगवान श्री देवनारायणजी के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 8 फरवरी से 10 फरवरी तक, भगवान श्री देवनारायणजी के नवनिर्मित मंदिर, कवाड़पल्ली, अब्दुलापुरमेट, रामोजी फ़िल्मसिटी के निकट, हैदराबाद में किया जा रहा है। आपकी गरिमामयी उपस्थिति इस ऐतिहासिक आयोजन को और भी अधिक विशेष और प्रेरणादायक बनाएगी। आप समस्त धर्मप्रेमी सज्जनों से सादर निवेदन है कि इस भव्य और दिव्य महोत्सव में सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित पधारकर देवदर्शन, प्राण प्रतिष्ठा एवं भजन-कीर्तन का पुण्य लाभ अर्जित करें।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम विवरण

सोमवार, 10 फरवरी 2025

प्रातः 7:15 से 9:30 बजे - प्राण प्रतिष्ठा

प्रातः 11:30 बजे - मंचीय कार्यक्रम, समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का सम्मान

दोपहर 1:15 बजे - विशाल भण्डारी प्रसादी

श्री श्री 1008 महंत
श्री सुरेशदास महाराज
पीठाधीश्वर अंतराष्ट्रीय तीर्थस्थल
श्री सवाईभोज एवं श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट आसींद

सम्माननीय उपस्थिति

श्री ए. रेवंत रेड्डी गारु
मुख्यमंत्री, तेलंगाना

श्री सचिन पायलट
महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
पूर्व उपमुख्य मंत्री राजस्थान, पूर्व केंद्रीय मंत्री

सम्माननीय उपस्थिति

श्रीमती भगवती महेश बल्दवा
प्रसिद्ध उद्योगपति

श्रीमती मीना कोली
उद्योगपति

श्री देवीदत्त कोली
अध्यक्ष, गुर्जर समाज

श्री महेश गौड़ गारु
अध्यक्ष : टीपीसीसी, तेलंगाना

श्री सी. किरण कुमार रेड्डी
सांसद, तेलंगाना

श्री मल्ला रेड्डी रंगा रेड्डी
विधायक, तेलंगाना

श्री एस.ए. सम्पत कुमार
तेलंगाना

श्री राजेश कुमार अग्रवाल
चेयरमैन, आजाद समाज महासभा ट्रस्ट ऑफ पीस भारत

श्री महेन्द्र तंवर
डीएम, संत कबीर नगर, उ.प्र.

श्री सुगनाराम गुर्जर
कमाण्डेंट, सीआईएसएफ

निवेदक :
वीर गुर्जर समाज तेलंगाना

देवीदत्त कोली अध्यक्ष

श्री राजेश जांगीड़
उद्योगपति

श्री महावीर कुमावत
उद्योगपति

श्री शंकरलाल गुर्जर
ओएसडी, राज्यपाल कर्नाटक



श्री विजय कुमार जांगीड़
संयुक्त सचिव, एआईसीसी

श्री महावीर पोसवाल
राष्ट्रीय अध्यक्ष, पथिक सेना संगठन

श्री धर्मेन्द्र किलक
प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, राष्ट्रीय जाट महासभा

श्री मनीष भरगढ़
प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, अ.भा. वीर गुर्जर महासभा

श्री मुकेश कोली
व्यवसायी

श्री दुर्गा रेखा महेन्द्र गौड़
Ex MPP, अब्दुलापुरमेट

श्री कोलन श्रीधर रेड्डी
पूर्व वाईस, एमपीपी

श्री दुर्गा चन्द्रम गौड़
कांग्रेस नेता, अब्दुलापुरमेट

श्रीमती दुर्गारी सुजाता यादव्या गौड़
सरपंच, कवाडपल्ली

श्री टी. नरसिम्हा गौड़
वाईस प्रेसिडेंट, टी.एस.जी.एस.

श्री दुर्गा वीरा स्वामी
पूर्व सरपंच, बलिजागुड़ा

श्री मुकेश सैनी, पत्रकार
मंच संचालन

श्री देवनारायण वीर गुर्जर समाज ट्रस्ट, कवाड़पल्ली (हैदराबाद)

ट्रस्टीगण

श्री देवीदत्त गुर्जर मैनेजिंग ट्रस्टी (मलकपेट)

श्री तरुण गुर्जर
मलकपेट

श्रीमती मीना कोली
मलकपेट

श्रीमती पूजा दत्त
मलकपेट

श्रीमती दीपिका डोई
मलकपेट

श्री नाथूराम घीड़
पाली, राजस्थान

श्री बादरराम घीड़
पाली, राजस्थान

श्री शिवलाल नरषण
पाली, राजस्थान

श्री चेनाराम नरषण
पाली, राजस्थान

श्री बादरराम भालोट
ब्यावर, राजस्थान

श्री धनाराम कोली
पाली, राजस्थान

श्री बहादुरराम मोटर
ब्यावर, राजस्थान

श्री विष्णुराम भावला
ब्यावर, राजस्थान

श्री रामनिवास चौहान
ब्यावर, राजस्थान

श्री राणाराम कटारिया
ब्यावर, राजस्थान

श्री भागूराम फारक
ब्यावर, राजस्थान

श्री जवानमल नरषण
पाली, राजस्थान

श्री पप्पूराम फामड़ा
ब्यावर, राजस्थान

श्री लक्ष्मणराम भगड़वाल
ब्यावर, राजस्थान

श्री मांगीलाल चाड़
उदयपुर, राजस्थान

श्री शोभाराम फागणा
ब्यावर, राजस्थान

श्री चेनाराम चाड़
पाली, राजस्थान

श्री चेनाराम लिड़िया
ब्यावर, राजस्थान

श्री बादरराम कालस
ब्यावर, राजस्थान

श्री भियाराम कालस
पाली, राजस्थान

श्री भीकाराम चांदीला
पाली, राजस्थान

श्री लक्ष्मणराम बजाड़
ब्यावर, राजस्थान

श्री चेनाराम लादी
ब्यावर, राजस्थान

श्री बाबूलाल भावला
ब्यावर, राजस्थान

श्री ईश्वरलाल तंवर
भीलवाड़ा, राजस्थान

श्री सुनील कुमार गुर्जर
झुंझुनू, राजस्थान

श्री महावीर सिंह गुर्जर
सीकर, राजस्थान

श्री रामस्वरुप गुर्जर
झुंझुनू, राजस्थान

श्री फूलचंद गुर्जर
झुंझुनू, राजस्थान

श्री बनवारीलाल गुर्जर
सीकर, राजस्थान

श्री रामनिवास खटाणा
झुंझुनू, राजस्थान

श्री पूर्णमल गुर्जर
झुंझुनू, राजस्थान

श्री अजीत कुमार
सीकर, राजस्थान

श्री प्रकाशचंद गुर्जर
सीकर, राजस्थान

श्री कानाराम कालस
झुंझुनू, राजस्थान

शुभकामनाओं सहित

अभिषेक घीड़
कृष्णा ऑटोमोबाइल्स
हयात नगर

विष्णुराम भावला
श्री देवनारायण स्टील पैलेस
वनस्थलीपुरम

भरत भावला
महादेव होम अप्लायंसेस
इब्राहिमपटनम

बहादुरराम मोटर
श्री देवनारायण किराणा स्टोर
बडगपेट

राणाराम कटारिया
श्री बालाजी स्टील हाउस
बीएन रेड्डी नगर

दुदाराम चौहान
श्री देवनारायण इंटरप्राइजेस
बीएन रेड्डी नगर

बहादुरराम कालस
पवन ज्वेलर्स
मामा भांजा ज्वेलर्स
पूजा ज्वेलर्स
मेडचल

भीकाराम चांदिला
भेरु ज्वेलर्स
मेडचल

भीमाराम नर्षण
तुलसी स्टोर
अंबरपेट

मिठालाल कटारिया
आरती स्टील एंड प्लास्टिक
चिल्कानगर

चेनाराम लादी
श्री बालाजी होम अप्लायंसेस
हयात नगर

भागाराम फारक
भाग्यलक्ष्मी स्टील एंड प्लास्टिक
वनस्थलीपुरम

मल्लाराम मोटर
महादेव होम अप्लायंसेस
नागोल

बादरराम भालोट
श्री देवनारायण कॉन्टैक्टर
नागोल

लक्ष्मणराम भगड़वाल
श्री गणेश स्वीट
बेगमबाजार

बाबूलाल भावला
बालाजी स्टील
अब्दुल्लहपुरमेट

प्रकाश कालस
बालाजी स्टील पैलेस
इंजापुर

हीरालाल नर्षण
महेन्द्रा स्टोर
रामन्तापुर

शोभाराम फागणा
हनुमान ज्वेलर्स
अलकापुरी नागोल

मुरली चौपड़ा
कावेरी कलेक्शन
भवानी कलेक्शन
नाकोड़ा कलेक्शन
मोती नगर

शिवलाल डोई
पप्पूराम फामड़ा
एस.एस. ज्वैलर्स
बेगम बाजार

दुर्गाराम फामड़ा
मोहनराम फामड़ा
दरबार बैग हाउस
बेगम बाजार

पप्पूराम फामड़ा
गोपाल डोई
श्री देव कलेक्शन
बेगम बाजार

मीडिया पार्टनर्स

A1 TV

INDILINKS

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.